CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 27°C
न्यूनतम : 17°C

मुरादाबाद, रविवार 15 मार्च 2026 मुरादाबाद संस्करण: वर्ष 23 अंक 209 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com फाल्गुन कृष्ण पक्ष 10 विक्रमी सम्वत् 2082 25 रमज़ान 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



दलित विरोधी सोच वाली पार्टी कांग्रेस, सतर्क रहने की जरूरत : मायावती पेज 2



द्रविड़, बिन्नी और मिताली को मिलेगा लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार खेल टाइम्स



ईरान के 'ताज का नगीना' है खार्ग द्वीप पेज 11



इम्तियाज की फिल्म का हिस्सा बनना बेहद खास और महत्वपूर्ण पल : शर्वरी बॉलीवुड

## 25वां रोज़ा

### नमाजी और इबादत करने वाले आबिद मशगूल व मसरूफ



अल्लाह की मेहरबानी से माहे-रमजान का कारवां पच्चीसवें रोज़े तक पहुंच गया है। दोजख से निजात का अशरा चल रहा है। तरावीह के साथ-साथ नवाफिल पढ़ने और तिलावते- कुरआन का दौर जारी है। एतेकाफ भी परवान पर है। यानी रोज़ा रखने वाले रोज़ेदार, एतेकाफ करने वाले मोअतकिफ और नमाज पढ़ने वाले नमाजी और इबादत करने वाले आबिद मशगूल और मसरूफ हैं। यानी दोजख से निजात के लिए रमज़ान के इस आखिरी अशरे में रोज़ेदार कोशां है। कोशिश और करम की कड़ियों को जोड़ा जा रहा है।

# अमेरिका ने खार्ग द्वीप में 90 सैन्य ठिकाने किए तबाह

**तेहरान/ वाशिंगटन।** पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बीच अमेरिका ने ईरान के एक अहम ठिकाने पर बड़ा हवाई हमला किया है। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने दावा किया है कि अमेरिकी सेना ने ईरान के खार्ग द्वीप पर बड़े पैमाने पर बमबारी कर वहां मौजूद सभी सैन्य ठिकानों को पूरी तरह नष्ट कर दिया है।

ट्रम्प के अनुसार यह हमला अमेरिकी सेंट्रल कमांड की ओर से किया गया और इसका उद्देश्य ईरान से पैदा हो रहे खतरे को खत्म करना था। अमेरिकी केंद्रीय कमान (सेंटकाम) का दावा है कि उसने ईरान के खार्ग द्वीप पर 90 सैन्य ठिकानों को नष्ट कर दिया है।



■ **यूएस सेना ने बड़े पैमाने पर बमबारी कर वहां सभी ईरानी सैन्य ठिकानों को पूरी तरह नष्ट किया: ट्रम्प**

सेंटकाम ने शुक्रवार रात ईरान के खार्ग द्वीप पर हुए हमलों को बड़े पैमाने पर सटीक हमला बताया है। सोशल मीडिया एक्स पर जारी एक संक्षिप्त बयान में, उसने कहा कि हमले में नौसैनिक खदान भंडारण सुविधाओं, मिसाइल भंडारण बंकरों और कई अन्य सैन्य स्थलों को नष्ट कर दिया गया। बयान में आगे कहा गया है कि अमेरिकी सेना ने 90 से अधिक ईरानी सैन्य ठिकानों पर हमला किया, साथ ही तेल बुनियादी ढांचे को भी सुरक्षित रखा। एक ईरानी अधिकारी ने इससे पहले कहा था कि तेल कंपनियों की गतिविधियां जारी रहने के कारण द्वीप से निर्यात पूरी तरह से चल रहा है। राष्ट्रपति ट्रम्प ने सोशल मीडिया पर कहा कि यह हमला मध्य पूर्व के इतिहास के सबसे शक्तिशाली बमबारी अभियानों में से एक था। उन्होंने कहा कि अमेरिकी सेना ने खार्ग द्वीप पर मौजूद सभी सैन्य लक्ष्यों को निशाना बनाया और उन्हें पूरी तरह नष्ट कर दिया।

### ईरान ने यूएई के तेल टर्मिनल को बनाया निशाना, लगी भीषण आग

**दुबई।** संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के एक बड़े तेल टर्मिनल में शनिवार को आग लग गई। यह घटना उस समय हुई, जब कुछ घंटे पहले ही अमेरिका ने ईरान के खर्ग द्वीप स्थित अड्डों पर बमबारी की। बताया जा रहा है कि ईरान ने जवाब में यूएई के तेल टर्मिनल को निशाना बनाया है। यह शहर एक बड़ा बंदरगाह स्थल है और क्षेत्र के तेल व्यापार में इसकी अहम भूमिका। यहां एक अहम तेल निर्यात टर्मिनल भी मौजूद है। स्थानीय अधिकारियों ने बताया कि यह आग उस मलबे के गिरने से लगी, जो एक ड्रोन को सफलतापूर्वक मार गिराने के बाद नीचे गिरा था।

### ईरान का सऊदी अरब में अमेरिकी एयरबेस पर ताबड़तोड़ हमला

**रियाद।** पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष दिन-प्रतिदिन और भयावह होता जा रहा है। सऊदी अरब से एक बड़ी खबर सामने आ रही है। बताया जा रहा है कि ईरान ने सऊदी अरब में मौजूद अमेरिकी एयरबेस पर ताबड़तोड़ हमला किया, जिसमें अमेरिकी वायुसेना के कई विमान क्षतिग्रस्त हो गए। इसके साथ ही ईरान ने सऊदी के प्रिंस सुल्तान एयर बेस को भी निशाना बनाया और खूब बम बरसाए। इन हमलों में वहां खड़े पांच अमेरिकी वायुसेना के पांच रिफ्यूअलिंग (तेल भरने वाले) विमान क्षतिग्रस्त हो गए। विमान पूरी तरह नष्ट नहीं हुए हैं और उन्हें मरम्मत के लिए भेजा गया है।

### बगदाद में अमेरिकी दूतावास पर ड्रोन हमला : मीडिया

**बगदाद।** इराक की राजधानी बगदाद में स्थित अमेरिकी दूतावास परिसर के पास ड्रोन हमले की घटना सामने आई है। मीडिया में प्रसारित एक वीडियो में दूतावास परिसर के आसपास स्थित एक इमारत से धुआं और आग की लपटें उठती दिखाई दे रही है। सीएनएन की रिपोर्ट के अनुसार अभी यह स्पष्ट नहीं है कि हमला सीधे अमेरिकी दूतावास परिसर पर हुआ है या आसपास के किसी अन्य इमारत पर हुआ।




# 92700 मीट्रिक टन गैस लेकर आ रहे शिवालिक व नंदा

**नई दिल्ली, वार्ता**

**पश्चिम एशिया** में जारी संघर्ष के बीच देश में रसोई गैस की आपूर्ति सुनिश्चित करने की दिशा में सरकार सक्रिय है। भारत की राष्ट्रीय ऊर्जा सुरक्षा और मैरीटाइम लॉजिस्टिक्स के मोर्चे पर महत्वपूर्ण गतिविधियां दर्ज की गई हैं।

एक तरफ जहां भारी मात्रा में एलपीजी गैस लेकर विशाल टैंकर भारतीय बंदरगाहों की ओर बढ़ रहे हैं, वहीं दूसरी तरफ घरेलू बाजार में आपूर्ति श्रृंखला को बाधित करने वालों के खिलाफ एजेंसियों ने सख्त रुख अपना लिया है। शनिवार को सरकार की ओर से बताया गया कि शिवालिक और नंदा नाम के एलपीजी टैंकर इस समय रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण होर्मुज स्ट्रेट को पार कर चुके हैं और भारत की ओर आगे बढ़ रहे हैं। यह एक बड़ा ऊर्जा लाजिस्टिक्स ऑपरेशन है, क्योंकि ये दोनों पोत कुल मिलाकर 92,700 मीट्रिक टन गैस का बड़ा शिपमेंट लेकर आ रहे हैं। जहाजरानी मंत्रालय ने बताया कि तय योजना के मुताबिक, ये वाणिज्यिक -**शेष पृष्ठ दो पर**



■ **मौजूदा दौर में रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण होर्मुज स्ट्रेट को पार कर चुके हैं टैंकर**

### उर्वरक का पर्याप्त स्टॉक, घबराने की जरूरत नहीं : सरकार



**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने कहा है कि देश के पास खरीफ 2026 सीजन के लिए उर्वरकों का पर्याप्त स्टॉक मौजूद है और इसे लेकर बिल्कुल भी घबराने की कोई जरूरत नहीं है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने यहां संवाददाताओं को यह जानकारी देते हुए कहा कि उर्वरकों के स्टॉक के मामले में पिछले साल से बेहतर स्थिति है। यूरिया और एनपीके का भंडारण पिछले साल की तुलना में कहीं अधिक है। विशेष रूप से डीएपी का स्टॉक पिछले साल के मुकाबले दोगुना है।

### भारतीय नाविकों की सुरक्षित और सफल वापसी

**नई दिल्ली।** कमर्शियल शिपिंग और लॉजिस्टिक्स के अलावा, समुद्री क्षेत्र से जुड़े कर्मचारियों की सुरक्षा को लेकर भी सकारात्मक खबर सामने आई है। आधिकारिक सूचना के मुताबिक, पिछले 24 घंटों के भीतर 30 भारतीय नाविकों को सफलतापूर्वक सुरक्षित भारत वापस लाया गया है। यह कदम समुद्री ऑपरेशंस से जुड़े मानव संसाधन की सुरक्षा और संकट प्रबंधन की सफलता को दर्शाता है। आपूर्ति तंत्र को मजबूत करने के साथ-साथ, घरेलू बाजार में गैस और आवश्यक वस्तुओं की कृत्रिम किल्लत पैदा करने वाले तत्वों पर भी कड़ा प्रहार किया जा रहा है।

# सम्भल में नमाज पर रोक के मामले में हाईकोर्ट सख्त

## अदालत ने कहा: प्रशासन कानून व्यवस्था बनाए रखने में असमर्थ है, तो पद छोड़ दे



■ **निजी संपत्ति पर पूजा या नमाज की अनुमति लेना जरूरी नहीं: हाईकोर्ट**

**इलाहाबाद।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने सम्भल में रमजान के दौरान नमाज पढ़ने पर प्रतिबंध से जुड़े मामले में कड़ी टिप्पणी करते हुए कहा है कि यदि प्रशासन कानून व्यवस्था बनाए रखने में सक्षम नहीं है, तो उन्हें अपने पद से इस्तीफा दे देना चाहिए या स्थानांतरण ले लेना चाहिए।

यह मामला सम्भल निवासी मुनाजिर खान द्वारा दायर याचिका से जुड़ा है, जिसमें आरोप लगाया गया कि उन्हें गाटा संख्या 291 स्थित मस्जिद में रमजान के दौरान नमाज अदा करने से रोका जा रहा है। सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से दलील दी गई कि कानून व्यवस्था की आशंका को देखते हुए प्रशासन ने नमाज पढ़ने वालों की संख्या सीमित कर दी है और केवल 20 लोगों को ही नमाज की अनुमति दी गई है। इस पर हाईकोर्ट की खंडपीठ ने कड़ी आपत्ति जताते हुए कहा कि राज्य का कर्तव्य है कि वह कानून का राज सुनिश्चित करे। यदि स्थानीय प्रशासन को कानून व्यवस्था बिगड़ने की आशंका है और वह स्थिति संभालने में सक्षम नहीं है, तो उन्हें अपने पद से इस्तीफा दे देना चाहिए या सम्भल से बाहर स्थानांतरण ले लेना चाहिए। अदालत ने यह भी स्पष्ट किया कि यदि पूजा या नमाज किसी निजी संपत्ति पर की जा रही है तो इसके लिए राज्य से अनुमति लेने की आवश्यकता नहीं होती। अनुमति की जरूरत तभी होती है जब धार्मिक आयोजन सार्वजनिक भूमि पर हो या सार्वजनिक संपत्ति को प्रभावित करता हो। हालांकि अदालत ने याचिकाकर्ता से यह भी कहा कि वह मस्जिद या नमाज की जगह के फोटो और राजस्व अभिलेख रिकॉर्ड पर पेश करें। मामले की अगली सुनवाई 16 मार्च 2026 को होगी, जब याचिकाकर्ता अतिरिक्त शपथपत्र के साथ सबूत पेश करेंगे।

### अमेरिका ने ईरानी नेतृत्व पर घोषित किया एक करोड़ डॉलर का इनाम

**वाशिंगटन।** अमेरिका ने ईरान के नए सर्वोच्च नेता मुजतबा खामेनेई समेत कई प्रमुख नेताओं की जानकारी देने वाले को एक करोड़ डॉलर तक के इनाम की घोषणा की है। यह घोषणा शुक्रवार को अमेरिकी विदेश मंत्रालय के 'रिवॉर्ड्स फॉर जस्टिस' कार्यक्रम के तहत की गई है। इसमे विशेष रूप से उन अधिकारियों को लक्षित किया गया है, जो ईरान की सत्ता और सैन्य तंत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। इस सूची में मुजतबा खामेनेई के अलावा अली असगर हेजाजी (डिप्टी चीफ ऑफ स्टाफ), मेजर जनरल यहया रहीम सफावी (सैन्य सलाहकार), अली लारीजानी (सलाहकार), ब्रिगेडियर जनरल एस्कंदर मोमेनी (आंतरिक मामलों के मंत्री), इस्माइल खतीब (खुफिया और सुरक्षा मंत्री) शामिल हैं। अमेरिकी विदेश मंत्रालय के अनुसार, ये व्यक्ति इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स के विभिन्न अंगों का संचालन करते हैं, जो दुनिया भर में आतंकवाद की योजना बनाने और उसे अंजाम देने का काम करता है।

# सरकार किसानों से किया वादा निभाना नहीं चाहती: राहुल

■ **कहा: मोदी सरकार ने एमएसपी का वादा नहीं निभाया**

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा है कि सरकार ने किसानों से फसल की लागत के साथ ही 50 प्रतिशत और देने का वादा किया था, लेकिन इस दिशा में कोई कदम नहीं उठाया गया है और ऐसा लगता है मोदी सरकार वादे को निभाना नहीं चाहती है।

श्री गांधी ने सोशल मीडिया एक्स पर शनिवार को लिखा कि लोकसभा में मैंने सरकार से सीधा सवाल पूछा था कि 2021 में किसानों से किया गया फसल की लागत के साथ 50 फीसदी कानूनी एमएसपी का वादा अब तक लागू क्यों नहीं हुआ। सरकार ने जवाब देने से बचते हुए सिर्फ अपनी पुरानी एएसपी नीति दोहरा दी। उन्होंने कहा कि सरकार ने यह भी स्वीकार किया कि उसने राज्यों पर एमएसपी बोनस खत्म करने का दबाव डाला, जिसे बिना किसी तर्क के 'राष्ट्रीय प्राथमिकताओं' के नाम पर सही ठहराया गया।

# एआई वकील के दिमाग की जगह नहीं ले सकता: जस्टिस विक्रमनाथ


■ **सुप्रीम कोर्ट के जज बोले- एआई समय बचाने में मददगार, लेकिन अनुशासित फैसले लेने के काबिल नहीं**

**हैदराबाद।** सुप्रीम कोर्ट के जज जस्टिस विक्रम नाथ ने शनिवार को कहा कि एआई वकील के प्रशिक्षित दिमाग और जज की नैतिक जिम्मेदारी की जगह नहीं ले सकता। उन्होंने आगे कहा कि अगर समझदारी से इस्तेमाल किया जाए, तो एआई समय बचा सकता है और कानूनी काम के कुछ पहलुओं को ज्यादा आसान बना सकता है।

जस्टिस विक्रम तेलंगाना में एक कॉन्फ्रेंस को संबोधित कर रहे थे। जस्टिस नाथ ने आगे कहा कि टेक्नोलॉजी किसी नोट का ड्राफ्ट बनाने में मदद कर सकती है, लेकिन इसे कानून बनाने की इजाजत नहीं दी जा सकती। उन्होंने कहा कि एआई के गलत इस्तेमाल की वजह से न्यायिक व्यवस्था को इस हद तक नहीं जाना चाहिए कि वह इससे पूरी तरह से दूरी बना ले। उन्होंने इसके साथ ही कहा कि एआई महज एक टूल है, और एक टूल को टूल ही रहना चाहिए। इस कार्यक्रम में सुप्रीम कोर्ट के जज, सतीश चंद्र शर्मा और तेलंगाना हाई कोर्ट के मुख्य जज, जस्टिस अपारेष कुमार सिंह ने भी बात रखी।

# जोधपुर जेल से रिहा हुए सोनम वांगचुक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



■ **केंद्र सरकार ने वांगचुक पर लगे एनएसए को हटाया**
■ **लद्दाख के नए उपराज्यपाल ने किया फैसले का स्वागत**

**नई दिल्ली।** जलवायु कार्यकर्ता सोनम वांगचुक को शनिवार को जोधपुर सेंट्रल जेल से रिहा कर दिया गया। यह रिहाई उस समय हुई जब केंद्र सरकार ने वांगचुक पर लगे राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम (एनएसए) को हटा दिया। मंत्रालय ने बताया कि यह फैसला राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम (एनएसए) के तहत मिले अधिकारों का इस्तेमाल करते हुए लिया गया है।

सरकार का कहना है कि यह फैसला लद्दाख में शांति और स्थिरता का माहौल बनाने के लिए लिया गया है। वांगचुक को 26 सितम्बर 2025 को हिरासत में लिया गया था। इससे ठीक दो दिन पहले लेह में लद्दाख को राज्य का दर्जा देने और संविधान की छठी अनुसूची में शामिल करने की मांग को लेकर बड़े प्रदर्शन हुए थे। इन प्रदर्शनों के दौरान हिंसा भी हुई थी, जिसमें चार लोगों की मौत हो गई थी और 45 से ज्यादा लोग घायल हुए थे, जिनमें 22 पुलिसकर्मी भी शामिल थे। हिंसा के बाद लेह के जिला मजिस्ट्रेट के आदेश पर वांगचुक को राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम (एनएसए) के तहत हिरासत में लिया गया था, ताकि इलाके में कानून-व्यवस्था बनाए रखी जा सके। बाद में उन्हें राजस्थान के जोधपुर स्थित जेल में भेज दिया गया था। वांगचुक की हिरासत रद्द करते हुए गृह मंत्रालय ने बयान जारी कहा कि केंद्र सरकार लद्दाख में शांति, स्थिरता और आपसी भरोसा कायम रखने के लिए प्रतिबद्ध है, ताकि सभी पक्षों के साथ सार्थक और रचनात्मक बातचीत हो सके।

# तृणमूल कांग्रेस पर जमकर बरसे प्रधानमंत्री मोदी



■ **कोलकाता के ब्रिगेड मैदान रैली में भरी हुंकार**
■ **कहा: बंगाल से महाजंगलराज खत्म होगा**

**कोलकाता।** प्रधानमंत्री ने पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता में एक जनसभा को संबोधित करते हुए राज्य के सत्ताधारी दल तृणमूल कांग्रेस पर निशाना साधा है। इस दौरान उन्होंने कहा कि आपका ये उत्साह, जोश बता रहा है कि बंगाल क्या सोच रहा है, बंगाल के मन में क्या चल रहा है।

ब्रिगेड परेड ग्राउंड का इतिहास साक्षी है कि जब-जब बंगाल देश को दिशा देता है, ये ब्रिगेड मैदान बंगाल की आवाज बनता है। इस मैदान से अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ उठी आवाज हिंदुस्तान में क्रांति बन गई थी। उसका नतीजा ये हुआ कि अंग्रेजों के अत्याचार और लूट का खात्मा हुआ। शनिवार को एक बार फिर ब्रिगेड ग्राउंड से नए बंगाल की क्रांति का बिगुल बज गया है। प्रधानमंत्री ने इस दौरान कहा कि बंगाल में बदलाव अब दीवारों पर भी लिखा जा चुका है और बंगाल के लोगों के दिलों में भी छप चुका है। अब बंगाल से निर्मम सरकार का अंत होकर रहेगा, अब बंगाल से महाजंगलराज का खात्मा होगा। इसलिए बंगाल के हर कोने से आवाज उठ रही है, चाई बीजेपी सरकार, अबकी बार! सत्ताधारी दल पर निशाना साधते हुए पीएम मोदी ने कहा कि टीएमसी ने इस रैली में आने वाले आप सभी लोगों को चोर कहकर गाली दी है। असली चोर कौन है, ये बंगाल की प्रबुद्ध जनता जानती है। अपनी कुर्सी जाते हुए देखकर यहां की निर्मम सरकार बौखला गई है। आज भी इस सभा को रोकने के लिए निर्मम सरकार ने सारे हथियार निकाल लिए। आप लोगों को आने से रोकने के लिए ब्रिज बंद करवा दिए, गाड़ियां रुकवा दी, ट्रैफिक जाम करवाया, भाजपा के झंडे उखड़वा दिए, पोस्टर फड़वा दिए। लेकिन निर्मम सरकार साफ-साफ देख लो, आज के जनसैलाब को रोक नहीं पाई हो। प्रधानमंत्री मोदी ने आगे कहा कि यहां की निर्मम सरकार चाहे अब जितना जोर लगा ले, परिवर्तन की इस आंधी को वो अब रोक नहीं पाएगी।

# नाबालिग छात्रा से बलात्कार का आरोपी शिक्षक निर्दोष साबित, रिहा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झालू।** अपने ही परिवार की नाबालिक छात्रा से बलात्कार के आरोप में जेल भेजा गया। शिक्षक तनवीर कोर्ट में निर्दोष साबित हुआ। दोषमुक्त होने पर कोर्ट ने तनवीर के रिहाई का आदेश जारी कर दिया। इतने बड़े कलंक से निर्दोष साबित होकर तनवीर घर पहुंचा तो परिजनों की आंखें भर आई और उन्होंने इसे सत्य की जीत बताया।

कस्बा झालू के मौहल्ला इस्लामाबाद निवासी शफीक अहमद का पुत्र तनवीर बेसिक शिक्षा विभाग में शिक्षक के पद पर कार्यरत था। वह अपने परिवार और आसपास के बच्चों को घर पर ट्यूशन पढ़ाता था। नौ नवंबर 2025 को तनवीर के ही परिवार की एक नाबालिक कक्षा आठ की छात्रा ने समोसे लेकर आने के बहाने कार से ईदगाह के पास ले जाकर बलात्कार करने का आरोप लगाया था। छात्रा के पिता की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज करते हुए शिक्षक तनवीर को गिरफ्तार कर लिया था। हालांकि तनवीर शुरू से ही खुद को बेगुनाह बता रहा था, लेकिन वह पेशे से शिक्षक था और आरोप लगाने वाली परिवार की ही एक नाबालिक छात्रा, इसलिए यह मामला कई दिनों तक सुर्खियों में रहा था। बेसिक शिक्षा विभाग ने तनवीर को सस्पेंड कर दिया था। तनवीर अभी तक जेल में ही था। कोर्ट ने दोनों पक्षों को सुना और गवाह तथा सबूत का अवलोकन किया। चार माह की लंबी प्रक्रिया के बाद कोर्ट ने संपूर्ण मौखिक व अभिलेखीय साक्ष्य तथा विधि व्यवस्थाओं और विधियों तथा तर्कों पर प्रकाश डालते हुए अपर सत्र न्यायाधीश/विशेष न्यायाधीश (पोस्को अधिनियम) कल्पना पांडेय ने तनवीर को दोष मुक्त किए जाने योग्य पाया। कोर्ट ने तनवीर को दोषमुक्त करते हुए जिला कारागार को आदेश दिए कि यदि तनवीर किसी अन्य प्रकरण में वांछित ना हो तो उसे अविलंब रिहा किया जाए। कोर्ट के आदेश के बाद तनवीर को जिला कारागार से रिहा कर दिया गया। बेगुनाही साबित करके जब तनवीर अपने घर पहुंचा, तो परिजनों के साथ उसकी भी आंखें भर आई। उसने कोर्ट के आदेश को सत्य की जीत बताया। तनवीर ने कहा कि वह शिक्षक है तथा उनका फर्ज समाज में सुधार लाना है। ऐसे में उस पर ऐसा घिनौना अपराध करने का आरोप लगा था जो न सिर्फ उनके लिए बल्कि पूरे शिक्षक जगत के लिए एक बहुत बड़ा कलंक था, लेकिन न्याय की जीत हुई और वह निर्दोष साबित हो गया।

# समाधान दिवस में चार शिकायतें दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** कोतवाली में आयोजित समाधान दिवस में चार शिकायतें दर्ज कराई गई गई। जिसमें एक शिकायत का मौके पर ही निस्तारण किया गया।

प्राप्त समाचार के अनुसार एडीएम शरद पाल सिंह ने कोतवाली में आयोजित समाधान दिवस में लोगों की समस्याओं को सुना। समाधान दिवस में चार शिकायतें दर्ज कराई गई। जिनमें से एक शिकायत का मौके पर ही निस्तारण किया गया। अन्य शिकायतों का निस्तारण कराने को लेकर लेखपाल व विभागीय अधिकारियों को मौके पर भेजा गया है। इस मौके पर एडीएम शरद पाल सिंह सिंह ने कहा कि पीड़ित को न्याय दिलाना प्रत्येक अधिकारी का कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि यदि किसी विवाद से कोई शांति व्यवस्था भंग होने का अंदेशा है, तो उसकी तत्काल सूचना पुलिस को दें। समाधान दिवस में फरियादियों द्वारा



चार शिकायतें आई एक शिकायत का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया जबकि अन्य शिकायतों का निस्तारण कराने को लेकर लेखपाल व विभागीय अधिकारियों को मौके पर भेजा गया है।

वहीं अफजलगढ़ एसएसआई श्रीपाल ने कहा कि समाधान दिवस की शिकायतों का निस्तरण शीघ्र ही कराया जाएगा और पीड़ित की हर समस्या को निस्तारण कर समाधान कराया जाएगा। इस मौके पर एसएसआई श्रीपाल सिंह के आलावा अफजलगढ़ कस्बा इंचार्ज मनीष कुमार,एसआई हरवीर सिंह, उपनिरीक्षक राजीव कुमार, उप निरीक्षक जयवीर सिंह सहित कानूनगो अफजलगढ़ योगेंद्र कुमार, कानूनगो कासमपुर गढ़ी नरेश कुमार, लेखपाल गौरव चौहान, लेखपाल अनिरुद्ध चौहान, जितेंद्र प्रताप सिंह, ऋषिपाल सिंह, नागेंद्र सिंह, राकेश कुमार, संजीव कुमार, जितेंद्र कुमार, फूल सिंह, लेखपाल चंचल रानी, लेखपाल तेजपाल सिंह, लेखपाल दीपेंदर कुमार लेखपाल राखी चौहान तथा लेखपाल सहित अधिकांश लेखपाल मौजूद थे।

## एक नजर

### किरतपुर पुलिस पर गंभीर आरोप



**बिजनौर।** किरतपुर के मौहल्ला वलीपुरा निवासी जैनब पत्नी इनामुल्ला ने स्थानीय पुलिस पर गंभीर आरोप लगाए है। एसपी को भेजे गए पत्र में उसने कहा कि मेरे पति कश्मीर में मजदूरी करते है। हमारा घर बहुत पुराना बना हुआ है और नीचे का कमरा रहने के लिए ससुर ने बंटवारा करके हमें दे दिया था। दूसरी मंजिल पर मेरे जेठ राहत खां पुत्र नजाकत खां रहते है, जो आये दिन कुछ न कुछ निर्माण कार्य ऊपर करते रहते है। जिससे मेरे कमरे पर वजन पड़ता है। लेकिन वह नहीं मानते है। उसके जेठ लगभग तीन वर्षों से सट्टे की खाईबाड़ी का काम करते है। एक मार्च, 2025 को समय करीब शाम सात बजे का वाक्या है। राहत खां दूसरी मंजिल पर भारी जाल बिछा रहे थे। जिसका मैंने विरोध किया किया, तो उन्होंने गंदी-गंदी गालियां देते हुए मुझे जान से मारने की धमकी दी थी। इस संबंध में पुलिस को प्रार्थना पत्र दिया गया था। 15 दिसम्बर को उनके पति के ऊपर राहत खां ने जानलेवा हमला किया था। लेकिन पुलिस ने आरोपी का सिर्फ शान्ति भंग में चालान किया था। जिस कारण राहत खां के हौसले बुलन्द हो गए। 11 मार्च 2026 को वह अपनी छत के ऊपर अपने लड़के की पतंग उतारने गयी थी। तभी राहत खां आ गया और गालियां देते हुए मेरे साथ अश्लीलता की। राहत खां ने 112 नं. पर पुलिस को कॉल करके बुला लिया। लेकिन पुलिस भी उसकी गलती बताते हुए डॉट कर चली गई। 12 मार्च को लगभग दोपहर बाद ढाई बजे राहत खां ने सीसीटीवी कैमरा लगाया, जिसका फोकस उसके ऊपर किया गया। जिसका उसने विरोध किया और कहा कि इससे जेठानी की बेपदर्गी होगी। वह अपने घर को फोकस कर के लगाये। राहत खां ने कहा कि वह पुलिस से परमिशन लेकर लगा रहा है। उसे कोई नहीं रोक सकता। 13 मार्च को दोपहर 12 बजे थाना किरतपुर में प्रार्थना पत्र लेकर गयी। जहां पर मेरा पत्र नहीं लिया गया और मुझे लगभग तीन घंटे थाने में बैठाये रखा। सट्टेबाज राहत खां को थाने में बुला लिया। उसके सामने ही थाना प्रभारी ने मेरे साथ अभद्र व्यवहार किया और चालान काट कर जेल भेजने की धमकी दी। वहां पर मौजूद एक महिला कांस्टेबिल व एक अन्य के पास मुझे भेज दिया। जिन्होंने जबरन 10 दिन में फैसला करने के लिए लिखित लिया और यह भी कहा कि इस बीच तुम कोई कानूनी कार्यवाही नहीं कर सकती। मेरे साथ थाना किरतपुर में जिस तरह का व्यवहार किया गया है, वह महिलाओं के साथ उनकी मानसिकता को दर्शाता है। सट्टे की खाईबाड़ी करने वाले को थाना किरतपुर में सम्मान दिया गया और मेरा अपमान किया गया। दो दिन पूर्व भी मैं थाना किरतपुर गयी थी, तब भी मेरे साथ अभद्र व्यवहार किया गया था। पीड़िता ने एसपी से न्याय मांगा है।

### समाधान दिवस में सुनीं शिकायतें



**नजीबाबाद।** समाधान दिवस में प्रभारी निरीक्षक राहुल सिंह द्वारा जन शिकायतें सुनी गई। राजस्व विभाग की चार शिकायतें प्राप्त हुई। कुल आठ शिकायतें प्राप्त हुई। मौके पर तीन शिकायतों का निस्तारण किया गया।

### लोक अदालत की कार्यवाही देखी



**नजीबाबाद।** नॉर्थ इंडिया ग्रुप कॉलेज के विधि के छात्र-छात्राओं ने प्रवक्तागणों के साथ आज न्यायालय सिविल जज जूनियर डिवीजन में लगी लोक अदालत की कार्यवाही देखी। छात्र-छात्राओं ने लोक अदालत के बारे में जानकारी प्राप्त की। साथ ही यह भी जाना कि लोक अदालत क्यों लगाई जाती है। इसका उद्देश्य क्या है तथा लोक अदालत में किस प्रकार वादों का निस्तारण किया जाता है। छात्र-छात्राओं ने अधिवक्ताओं एवं लिपिकों से भी लोक अदालत की प्रक्रिया के बारे में जानकारी प्राप्त की। सहायक प्रवक्ता डॉ. मौहम्मद जाकिर, सहायक प्रवक्ता समसपाल सिंह एवं सहायक प्रवक्ता रविकांत मौजूद रहे।

### ग्रामीण पत्रकार एसो. का सम्मेलन आज



**नूरपुर।** ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन उ.प्र. के बैनर तले आज प्रांतीय पत्रकार सम्मेलन का आयोजन होगा। जिसकी तैयारियां जोरों पर चल रही है। जिला अध्यक्ष डा.भानुप्रकाश वर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि चांदपुर मार्ग पर सरकारी डाक-बंगले के निकट स्थित प्रतिष्ठान में पत्रकारिता - चुनौती एवं समाधान थीम पर दो सत्रों में सम्मेलन आयोजित होगा। प्रथम सत्र सुबह 11 बजे शुरु होगा। जिसका शुभारंभ मुख्य अतिथि एल. वेकेंटश्वर लू अपर मुख्य सचिव, विशिष्ट अतिथि राजेंद्र सिंह राज्य सूचना आयुक्त एवं डीएम जसजीत कौर करेंगी। दूसरे सत्र का शुभारंभ दोपहर दो बजे मुख्य अतिथि कपिल देव अग्रवाल राज्यमंत्री स्वतंत प्रभार करेंगे। सम्मेलन का समापन शाम चार बजे होगा। सम्मेलन में राष्ट्रीय अध्यक्ष देवी प्रसाद गुप्ता के अलावा 11 राज्यों के अध्यक्ष भी पहुंचेंगे।

# सोशल मीडिया पर टिप्पणी को लेकर दो पक्ष आपस में भिड़े

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** नगर के मस्तक गांधी मूर्ति चौक पर बीती रात दो पक्ष आपस में भिड़ गए। कारण सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक टिप्पणी करना बताया जा रहा है। मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा दोनों पक्षों से 14 लोगों के खिलाफ शांतिभंग की कार्यवाही की गई है।

प्राप्त समाचार के अनुसार बीती रात सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट डालने को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया। जिससे कस्बे में तनावपूर्ण स्थिति बन गई और थोड़े समय के लिए माहौल भी गरमा गया।

सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को काबू में किया। पुलिस ने दोनों पक्षों के तीन युवकों को हिरासत में लिया। जबकि 11 फरार हो गए। मारपीट की इस घटना में एक कार भी क्षतिग्रस्त हो गई। जिसे पुलिस द्वारा सीज कर दिया गया है। पुलिस ने 14 लोगों को नामजद कर शांति भंग की कार्रवाई की है।

घटनाक्रम के अनुसार बीती रात करीब साढ़े आठ बजे नगीना निवासी दिव्यांशु व पृथ्वी कुमार का ग्राम फतेहपुर निवासी राजन चौधरी के बीच सोशल मीडिया पर विवादित टिप्पणी को लेकर विवाद हो गया।

## तीन का शांतिभंग में चालान, आठ फरार

विवाद इतना बढ़ गया कि फतेहपुर निवासी राजन चौधरी उसी समय अपने कई साथियों के साथ एक कार में सवार होकर रेलवे स्टेशन रोड स्थित गांधी चौक पहुंच गया। जहां उन्होंने दूसरे पक्ष को ललकारते हुए गांधी चौक पर आने को कहा। कुछ ही देर में अभय भी अपने साथियों के साथ गांधी चौक पहुंच गया। उसके पहुंचते ही दोनों पक्षों के युवकों के बीच लात-घूंसे और डंडे चलने लगे। मारपीट की इस घटना में दोनों पक्षों के कई युवक घायल हो गए। जिस कार में बैठकर ग्राम फतेहपुर के युवक आए थे, वह भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। गांधी चौक पर अचानक हुए भारी हंगामे और मारपीट से पड़ोस के लोग घबरा गए। सूचना मिलने पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और मारपीट और हंगामे को शांत करते हुए नगीना के दो युवकों पृथ्वी कुमार व दिव्यांशु शर्मा व दूसरे पक्ष के राजन चौधरी निवासी फतेहपुर को हिरासत में ले लिया। पुलिस ने दोनों पक्षों का शांतिभंग से संबंधित धाराओं में चालान कर दिया।

# पूर्व सभासद ने कराया सामूहिक इफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** मुकद्दस माह ए रमजान के मौके पर मौहल्ला नेजो सराय में पूर्व सभासद कासिम अंसारी के आवास पर सामूहिक रोजा इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मौहल्लेवासियों सहित बड़ी संख्या में रोजेदारों और गणमान्य लोगों ने शिरकत कर रोजा इफ्तार किया। इस दौरान लोगों ने एक साथ बैठकर इफ्तार करते हुए आपसी भाईचारे, प्रेम और सौहार्द का संदेश दिया।

इफ्तार से पूर्व रोजेदारों ने देश में अमन-चैन, खुशहाली और तरक्की के लिए दुआं मांगी। वक्ताओं ने कहा कि रमजान का पवित्र महीना त्याग, संयम, इबादत और इंसानियत का पैगाम देता है। यह महीना लोगों को एक-दूसरे की मदद करने और समाज



में भाईचारे को मजबूत बनाने की सीख देता है। ऐसे आयोजनों से समाज में एकता और आपसी सद्भाव को बढ़ावा मिलता है। इस मौके पर सपा सांसद प्रतिनिधि अय्यूब अंसारी ने कहा कि रमजान का महीना रहमत और बरकतों का महीना है। इस दौरान लोगों को जरुरतमंदों की मदद करनी चाहिए और समाज में प्रेम व भाईचारे को बढ़ावा देना चाहिए। वहीं पूर्व चेयरपर्सन पति सलीम अंसारी एड. ने कहा कि इस तरह के सामूहिक इफ्तार कार्यक्रम समाज में एकजुटता का प्रतीक होते हैं और लोगों के बीच आपसी मेलजोल को बढ़ाते हैं। इफ्तार पार्टी में सभी रोजेदारों ने खजूर, फल, शरबत और अन्य व्यंजनों के साथ रोजा खोला। कार्यक्रम के दौरान लोगों के बीच आपसी बातचीत और सौहार्द का माहौल देखने को मिला। बड़ी संख्या में उपस्थित लोगों ने आयोजकों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन समाज में आपसी प्रेम और एकता को मजबूत करते हैं। कार्यक्रम के अंत में सभी के लिए दुआं कराई गई और देश में शांति,खुशहाली व तरक्की की कामना की गई। इस मौके पर सपा सांसद प्रतिनिधि अय्यूब अंसारी,पूर्व चेयरपर्सन पति सलीम अंसारी एड., मास्टर शमीम अंसारी, काशि अंसारी, इमरान अल्वी, दिलशाद अंसारी, शुऐब कुरैशी, पूर्व सभासद निजाम अंसारी, कासिम अंसारी, हासिम अंसारी, हसीन कुरैशी, नावेद अंसारी, पत्रकार अब्दुल बारी, मतलूब अंसारी, एहसान शाही अल्वी सहित मौहल्ले के अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# समाधान दिवस में तीन शिकायतों का निस्तारण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** थाना परिसर में आयोजित समाधान दिवस में मात्र आठ शिकायतें दर्ज की गई। तीन शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया।

प्राप्त समाचार के अनुसार आज थाना समाधान में थाना प्रभारी निरीक्षक राहुल सिंह ने सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक लोगों की समस्याएं सुनीं। कुल आठ शिकायतें प्राप्त हुई, जिनमें से तीन का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। बाकी शिकायतों को संबंधित विभागों को कार्रवाई के लिए भेज दिया गया। समाधान दिवस में बड़ी संख्या में



फरियादी अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे। थाना समाधान दिवस के दौरान फरियादियों ने जमीन, सड़क, बिजली और सिंचाई से जुड़ी समस्याएं अधिकारियों के सामने रखीं। प्राप्त शिकायतों में राजस्व विभाग से संबंधित चार शिकायतें सामने आईं। इसके अलावा लोक निर्माण विभाग से एक, विद्युत विभाग से एक और नहरवाई विभाग से एक शिकायत दर्ज की गई। पुलिस अधिकारियों ने शिकायतकर्ताओं की समस्याएं ध्यान पूर्वक सुनीं और संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कुल आठ शिकायतों में से तीन मामलों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया, जबकि बाकी शिकायतों के समाधान के लिए संबंधित विभागों को अग्रसारित किया गया।

इस दौरान एसआई सौरभ सिंह, एसआई कय्यूम अली और अन्य पुलिसकर्मी भी मौजूद रहे। अधिकारियों ने लोगों को आश्वासन दिया कि सभी शिकायतों का जल्द से जल्द समाधान कराया जाएगा।

# विवाद में घायल की उपचार के दौरान मौत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** स्योहारा क्षेत्र में रविद. ास जयंती पर हुए विवाद में घायल एक व्यक्ति इलाज के दौरान डेढ़ माह बातद मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

गौरतलब है कि दो फरवरी को स्योहारा थाना क्षेत्र के ग्राम कासमाबाद में रूप सिंह (32 वर्ष) पुत्र स्व.आशा राम का रविदास जयंती पर मामूली कहासुनी को लेकर गांव में विवाद हो गया था। विवाद के दौरान दूसरे पक्ष ने रूप सिंह के सिर पर डंडे से वार कर दिया था, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया था। उन्हें तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां डेढ़ महीने तक उनका इलाज चला। इलाज के दौरान आज उनकी मौत हो गई। मृतक रूप सिंह मजदूरी करता था और उसके दो बच्चे हैं। परिजनों ने आरोपियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच शुरू कर दी है और आवश्यक विधिक कार्यवाही में जुटी है।

# सुरक्षा के बीच दरोगा भर्ती परीक्षा शुरू

## चार पालियों में इक्कीस हजार से अधिक अभ्यर्थी देगें परीक्षा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** जनपद में दो दिवसीय दरोगा भर्ती परीक्षा आज शुरू हो गई है। जनपद के 13 परीक्षा केंद्रों पर इक्कीस हजार से अधिक अभ्यर्थी चार पालियों में परीक्षा देंगे।

प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर परीक्षार्थियों की सघन तलाशी के बाद ही प्रवेश दिया जा रहा है। सुरक्षा व्यवस्था के तहत पूरे जनपद को पांच जोन, 13 सेक्टर और 13 स्टेटिक सेक्टर में विभाजित किया गया है। प्रत्येक केंद्र पर लगभग 20 पुलिस कर्मियों की तैनाती की गई है और सीसीटीवी कैमरों से निगरानी रखी जा रही है। यह परीक्षा दो दिनों तक चलेगी, जिसमें प्रतिदिन दो पालियां होंगी। प्रत्येक पाली में 5040 अभ्यर्थी शामिल होंगे। प्रशासन के अनुसार, दो दिवसीय भर्ती परीक्षा में कुल 21,060 परीक्षार्थी हिस्सा लेंगे। परीक्षा के लिए जनपद में कुल 13 केंद्र बनाए गए हैं, जिनमें आरजेपी, केपीएस, वर्धमान कॉलेज, जीजीआईसी झालू, आरबीडी, जीजीआईसी, जीआईजी, किसान इंटर कॉलेज पीली चौकी, राजकीय पॉलीटेक्निक बिजनौर और किसान इंटर कॉलेज मंडावली प्रमुख हैं। दरोगा भर्ती परीक्षा के मद्देनजर रोडवेज विभाग ने भी विशेष व्यवस्था की है। बिजनौर डिपो प्रभारी



मुकेश कुमार ने बताया कि मेरठ और अन्य स्थानों के लिए सुबह चार बजे से बसों का संचालन शुरू कर दिया गया है। दिल्ली, मेरठ, मुजफ्फरनगर, सहारनपुर, मुरादाबाद और बरेली के लिए भी बसों की समय पर व्यवस्था की गई है।

वापसी के लिए परीक्षार्थियों की संख्या के अनुसार अतिरिक्त बसें उपलब्ध कराई जाएंगी। सुबह से ही परीक्षार्थी परीक्षा केंद्रों पर पहुंचने लगे थे, जिससे लंबी कतारें लग गईं। सघन तलाशी के बाद ही उन्हें केंद्र में प्रवेश दिया जा रहा है। सुरक्षा जांच के दौरान परीक्षार्थियों के जूते, चप्पल, मोजे, हेयर बैंड और कान की बालियां तक उतरवाई जा रही हैं। एएसपी देहात प्रकाश कुमार का कहना है कि परीक्षा की तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। अभ्यार्थियों को जांच के बाद ही अंदर भेजा जाएगा। किसी भी प्रकार की कोई डिवाइस नहीं ले जा सकते हैं। सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में परीक्षा होगी।

# युवक ने फांसी लगा कर आत्महत्या की

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** धामपुर थाना क्षेत्र के सेढी गांव में 36 वर्षीय कृष्ण ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उसका शव घर से लगभग 500 मीटर दूर अपने खेत में एक पेड़ से लटका हुआ मिला।

सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में ले लिया। पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले में कानूनी कार्यवाही शुरू कर दी है। इस घटना के बाद से मृतक के परिवार में कोहराम मच गया है और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। मृतक कृष्ण, अमर सिंह के पुत्र थे और मजदूरी का काम करते थे। उनकी शादी 12 साल पहले हुई थी और उनके चार बच्चे हैं। फिलहाल, कृष्ण द्वारा आत्महत्या करने का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है। पुलिस मामले की गहनता से जांच कर रही है ताकि आत्महत्या के पीछे के कारणों का पता चल सके।

## प्रथम पृष्ठ का शेष...

**92700 मीट्रिक टन....**

जहाज पश्चिमी तट पर स्थित प्रमुख बंदरगाहों-मुंद्रा पोर्ट और कांडला पोर्ट पर एंकर करेंगे। शेड्यूलिंग के अनुसार ये शिपमेंट 16 और 17 मार्च को भारत पहुंच जाएंगे। इतनी बड़ी मात्रा में गैस की आवक से घरेलू बाजार में ऊर्जा की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित होगी और औद्योगिक व घरेलू मांग को सुचारू रूप से पूरा किया जा सकेगा। पेट्रोलियम मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने कहा है कि मौजूदा भू-राजनीतिक स्थिति को देखते हुए यह हमारे लिए चिंता का विषय बना हुआ है, हालांकि, अभी तक किसी भी प्रकार की स्टॉक की कमी की सूचना नहीं मिली है।

शर्मा ने बताया कि घबराहट में बुकिंग के मामले अब भी बहुत अधिक हैं। उन्होंने कहा कि जो आंकड़ा मैंने शुक्रवार को आपके साथ साझा किया था (लगभग 75 से 76 लाख बुकिंग) वह अब बढ़कर लगभग 88 लाख हो गया है। शर्मा ने कहा कि हमें विभिन्न स्थानों और स्रोतों से शिकायतें मिल रही हैं कि गैस सिलेंडर बुक नहीं हो पा रहे हैं। मैं इस अवसर पर एक बार फिर स्पष्ट करना चाहूंगी कि शहरी क्षेत्रों में पिछली डिलीवरी और अगली बुकिंग के बीच कम से कम 25 दिनों का अनिवार्य अंतराल है और ग्रामीण क्षेत्रों में यह अंतराल 45 दिनों का है। यदि आप इस अवधि के समाप्त होने से पहले सिलेंडर बुक करने का प्रयास करते हैं, तो बुकिंग सफल नहीं होगी। कृपया वर्तमान में उपलब्ध डिजिटल बुकिंग साधनों का उपयोग करें। इनमें आईवीआरएस, एसएमएस बुकिंग, व्हाट्सएप बुक़िंग और तेल विपणन कंपनियों (ओएमसी) की ओर से प्रदान किए गए मोबाइल एप्लीकेशन शामिल हैं। सिलेंडर बुक करने या प्राप्त करने के लिए वितरक केंद्र पर व्यक्तिगत रूप से जाने, कतार में खड़े होने की कोई आवश्यकता नहीं है। हमारी तेल विपणन कंपनियों ने अतीत में लगातार आपके घर तक सीधे सिलेंडर पहुंचाए हैं और वे ऐसा करना जारी रखेंगी। इसलिए, घबराने की बिल्कुल भी आवश्यकता नहीं है। शर्मा ने लोगों से अपील की है कि घबराकर बुक़िंग न करें, तभी बुकिंग करें जब यह अत्यंत आवश्यक हो। व्यावसायिक सिलेंडरों को लेकर काफी चर्चा हुई, जिसके बाद व्यावसायिक सिलेंडरों के लिए भी एलपीजी की एक निश्चित मात्रा आवंटित करने का निर्णय लिया गया। इस बारे राज्य सरकारों से भी बातचीत की गई। उपभोक्ताओं को प्राथमिकता देने के लिए ये व्यावसायिक सिलेंडर राज्य सरकारों को उपलब्ध करा दिए गए हैं। इस संबंध में, लगभग 29 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में व्यावसायिक सिलेंडरों का वितरण शुरू हो चुका है और वे उपभोक्ताओं तक पहुंच चुके हैं। आनलाइन बुकिंग वर्तमान में लगभग 84 फीसदी है, हालांकि इस आंकड़े को लगभग 100 फीसदी तक सुधारने की जरूरत है।

# सोनम मामले में मोदी सरकार एक बार फिर बेनकाब: आप

**नई दिल्ली, वार्ता**

जलवायु कार्यकर्ता सोनम वांगचुक की गिरफ्तारी और राष्ट्रीय सुरक्षा कानून के तहत हिरासत के मामले में आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने आरोप लगाया कि मोदी सरकार ने बिना ठोस सबूत के सोनम वांगचुक को जेल में रखा और जब मामला अदालत में कमजोर पड़ने लगा, तो उनकी हिरासत रद्द कर दी गई। आप नेताओं का कहना है कि यह कदम सरकार की कार्रवाई पर गंभीर सवाल खड़े करता है और इसे लोकतांत्रिक मूल्यों के खिलाफ बताया जा रहा है।

अरविंद केजरीवाल ने इस मुद्दे पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि मोदी सरकार एक बार फिर बेनक. ाब हो गई है। उन्होंने कहा कि एक जलवायु कार्यकर्ता के रूप में सोनम वांगचुक ने अपना जीवन देश और समाज के लिए समर्पित किया है, लेकिन उन्हें बिना पुख्ता सबूत के गिरफ्तार कर लिया गया। केजरीवाल ने कहा कि जेल में



**जेल में बिताए गए सोनम वांगचुक के कई महीने देश के लिए बड़ी क्षति**

बिताए गए उनके कई महीने न सिर्फ उनके व्यक्तिगत जीवन के लिए नुकसानदेह रहे, बल्कि देश के लिए भी क्षति है। लोकतंत्र में इस तरह की कार्रवाई बेहद चिंता. जनक है और इसका सच जनता के सामने आना चाहिए। आप नेताओं का कहना है कि अदालत में लगातार उठ रहे सवालों और मामले के कमजोर पड़ने के बाद केंद्र सरकार ने राष्ट्रीय सुरक्षा कानून के तहत दी गई हिरासत को रद्द करने का फैसला लिया। पार्टी का आरोप है कि यदि शुरुआत से ही ठोस सबूत होते, तो इस तरह अचानक हिरासत खत्म करने की नौबत नहीं आती। आप पार्टी के नेताओं ने कहा कि यह फैसला खुद इस बात का संकेत है कि कार्रवाई में कई गंभीर खामियां थीं।

# केजरीवाल व सिसोदिया ने कोर्ट में भरे स्योरिटी बॉन्ड

**नई दिल्ली, वार्ता**

दिल्ली के कथित शराब घोटाले से जुड़े भ्रष्टाचार के मामले में एक महत्वपूर्ण कानूनी प्रक्रिया के तहत पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने शनिवार को राउज एवेन्यू कोर्ट में अपने-अपने स्योरिटी बॉन्ड दाखिल किए।

विशेष न्यायाधीश जितेंद्र सिंह ने दोनों नेताओं द्वारा प्रस्तुत 50-50 हज़ार रुपये के स्योरिटी बॉन्ड स्वीकार कर लिए, यह बॉन्ड 27 फरवरी को आए उस ऐतिहासिक फैसले के बाद उठाया गया है, जिसमें अदालत ने केजरीवाल, सिसोदिया और 21 अन्य आरोपियों को इस मामले में बरी कर दिया था। आपरा. धिक मामलों में डिस्चार्ज या बरी होने के बावजूद आरोपी को स्योरिटी बॉन्ड भरना अनिवार्य होता है। यह प्रक्रिया भारतीय नागरिक

**केजरीवाल, सिसोदिया और 21 अन्य को बरी कर दिया था**

सुरक्षा संहिता (पहले सीआरपीसी की धारा 437।) के तहत की जाती है। इसका मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि यदि जांच एजेंसी निचली अदालत के फैसले के खिलाफ ऊपरी अदालत (हाई कोर्ट) में अपील करती है, तो आरोपी नोटिस मिलने पर वहां उपस्थित हों। 27फरवरी को राउज एवेन्यू कोर्ट ने अपने फैसले में सीबीआई की जांच पर कड़ी टिप्पणी की थी। कोर्ट ने स्पष्ट किया था कि आरोपियों के खिलाफ कोई ठोस सबूत नहीं मिले हैं, जिससे उन पर आरोप तय किए जा सकें। विशेष न्यायाधीश ने कहा कि केवल संदेह के आधार पर किसी व्यक्ति के खिलाफ मुकदमा नहीं चलाया जा सकता।

मुकद्दस रमजान माह की मुबारकबाद
25वां रोजा वक्त इफ्तार 15 मार्च शाम 6:28
26वां रोजा वक्त सहरी 16 मार्च सुबह 5:02

मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
मौहम्मद गाजी
पूर्व विधायक
बढ़ापुर व अफजलगढ़
विधानसभा क्षेत्र

मुकद्दस रमजान की बधाई
डॉ. मनोज वर्मा
वर्मा मैटरनिटी एवं
नर्सिंग होम
स्टेशन रोड, स्योहारा

# बाबा साहब डॉ. अम्बेडकर का अपमान, भड़का गुस्सा

## सोशल मीडिया पर दूसरों के खिलाफ जहर उगलना बना फैशन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अफजलगढ़।** व्हाट्सएप स्टेटस पर बाबा साहब डॉ. अंबेडकर के फोटो के साथ छेड़छाड़ कर वायरल करने व धर्म विशेष के विरुद्ध अभद्र टिप्पणी करने से आक्रोश भड़क रहा है। भीम आर्मी व आजाद समाज पार्टी के नेता ने क्षेत्र का माहौल बिगड़ने का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर देकर कड़ी कार्यवाही की मांग की है।

प्राप्त समाचार के अनुसार भीम आर्मी व आजाद समाज पार्टी के नेता त्रिलोक सिंह पुत्र फूल सिंह निवासी ग्राम नागरपुर खड़कसैन, शेरकोट ने थाना अध्यक्ष अफजलगढ़ को दी तहरीर में आरोप लगाया कि अफजलगढ़ क्षेत्र के निवासी मनीष ने अपने मोबाइल नंबर 7300731519 के व्हाट्सएप स्टेटस पर लगाई गई एक पोस्ट सोशल सोशल मीडिया के माध्यम से प्राप्त हुई। जिसमें देखा जा सकता है कि बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर की फोटो पर मनीष ने जानबूझकर विचित्र सा मेंढक जैसा मुंह लगाकर सोशल मीडिया पर वायरल करते हुए समाज में अपमानित करने के उद्देश्य से संविधान व कानून का उल्लंघन किया है। जब वायरल पोस्ट के सम्बन्ध में आरोपी मनीष के मोबाइल नम्बर 7300731519 पर सम्पर्क किया गया, तो उक्त दबंग व्यक्ति ने त्रिलोक सिंह को धमकी दी और क्षमा मांगने के लिए कहा। जिसको लेकर बाबा साहब के अनुयाइयों की




भावनाएं आहत हुई हैं। जिससे दलित समाज में आक्रोश व्यक्त है। शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए दबंग मनीष के खिलाफ कानूनी कार्यवाही करने की मांग की गई है। भारतीय संविधान रचयिता बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर व दलित समाज को जानबूझकर अपमानित करने वाले दबंग मनीष के खिलाफ कानूनी कार्यवाही करते हुए आहत दलित समाज को न्याय दिलाने की मांग जोर पकड़ रही है।

गौरतलब है कि मनीष द्वारा कुछ दिन पूर्व भी अपने व्हाट्सएप अकाउंट स्टेटस पर मुस्लिम समाज के खिलाफ एक अभद्र टिप्पणी पोस्ट की गई थी। एसएसआई श्रीपाल सिंह ने त्रिलोक सिंह को मनीष के विरुद्ध कार्यवाही का आश्वासन दिया।

दूसरी तरफ सोशल मीडिया के माध्यम से दूसरे समाज को अपमानित करने का मामला आज कल बढ़ता जा रहा है। सोशल मीडिया का जमकर दुरुपयोग हो रहा है। इस तरह के आरोपियों के खिलाफ प्रभावी कार्यवाही न होने की वजह से उनके हौंसले बुलंद होते जा रहे है। गंभीर बात यह है कि इस तरह के मामलों में कार्यवाही में भी पक्षपात देखने को मिलता है। फिलहाल इस मामले से दलितों में गुस्सा भड़कना लाजमी है। समय रहते आरोपी के खिलाफ कार्यवाही न होने से मामला तूल पकड़ सकता है।

# मंडावर में मासूम बच्ची के अपहरण से सनसनी

## समझौता करने के लिए बनाया जा रहा दबाव

**मंडावर।** मासूम बच्ची का रिक्शा चालक द्वार अपहरण कर लिए जाने से सनसनी फैल गई। हालांकि बच्ची सकुशल बरामद हो गई है। लेकिन पीड़ित पक्ष पर समझौता करने के लिए दबाव बनाए जाने की चर्चाएं है।

प्राप्त समाचार अनुसार स्थानीय मौहल्ला शाहविलायत निवासी ने थाने में दी तहरीर में बताया कि उनकी आठ वर्षीय बच्ची गुरुवार की देर शाम करीब नौ बजे घर के बाहर खड़ी थी। इस दौरान शकील अहमद रिक्शा चालक आया और बच्ची को बहला फुसलाकर अपनी रिक्शा में ले गया। जैसे वह इनामपुरा रोड पर संत पोल्स स्कूल के पास पहुंचा और बच्ची के साथ अश्लील हरकत करने लगा, तो बच्ची मौका देख रिक्शे से कूद गई। जिससे उसके चोट आई। वह फौरन अपने घर पहुंची और अपनी मां से पूरी घटना बताई। घटना के बाद परिजनों द्वारा रिक्शा चालक के घर जाकर विरोध जताया गया, तो आरोप है कि शकील, शब्बू, सुहैल, जैद आदि ने बच्ची के पिता के साथ मारपीट की जिसके बाद बच्ची के पिता ने थाने में तहरीर दी। थानाध्यक्ष सुमित राठी ने बताया कि बच्ची के पिता की ओर से तहरीर मिली है। उसका मेडिकल करा दिया गया है। उन्होंने कहा कि इस मामले में जांच कर आवश्यक कार्यवाही की जाएगी।

उधर सूत्रों का कहना है कि आरोपी को बचाने के लिए पीड़ित पक्ष पर समझौता करने का दबाव डाला जा रहा है।

## एक नजर

### मंजूर अहमद ने बांटी इफ्तार किट



**बिजनौर।** मुकद्दस रमजान के महीने में समीपवर्ती ग्राम फरीदपुर काजी उर्फ खेड़की में सामाजिक सौहार्द की मिसाल देखने को मिली। ग्राम प्रधान पद के उम्मीदवार मंजूर अहमद ने पूरे ग्राम के लोगों को इफ्तार किट वितरित की। उनके इस कार्य की हर तरफ सराहना हो रही है। मंजूर अहमद द्वारा वितरित की गई रमजान के पवित्र महीने में रोजेदारों को इफ्तार के लिए यह सामग्री उपलब्ध कराने पर ग्रामीणों ने खुशी जताई और उनके इस कदम की प्रशंसा की। ग्रामीणों का कहना है कि मंजूर अहमद का यह प्रयास आपसी भाईचारे और इंसानियत का संदेश देता है। ग्राम में इस पहल को लेकर सकारात्मक माहौल बना हुआ है और लोग उनके इस कार्य को सराहनीय बता रहे हैं। मंजूर अहमद ने कहा कि रमजान का महीना इबादत, रहमत और जरूरतमंदों की मदद का महीना होता है। इसी भावना के साथ उन्होंने ग्राम के सभी लोगों तक इफ्तार किट पहुंचाने का प्रयास किया है, ताकि हर घर में आसानी से इफ्तार हो सके।

### हाफिजों को इलेक्ट्रिक स्कूटी से नवाजा



**सहसपुर।** रमजानुल मुबारक के मुकद्दस महीने में अल्लाह के कलाम को तरावीह नमाज में सुनने और सुनाकर मुकम्मल होने का सिलसिला जारी है। इस मौके पर मस्जिद मनिहारान में बीती रात कुरान मुकम्मल होने पर कुरान सुनने व सुनाने वाले हाफिज ए कुरान को इलेक्ट्रिक स्कूटी हदिया में पेश की गई। हाफिज रईस अहमद इमाम मस्जिद शेखान न रमजान के तीसरे अशरे में एतेकाफ का एहेतेमाम किये जाने की ताकीद की। हाफिज शारिक (18) पुत्र रईस अहमद ने सुनाया। हाफिज उमर (15) पुत्र हाफिज जकरिया ने सुन कर गलतियों को दुरुस्त कराया। शेखान मस्जिद इमाम रईस हसन ने कहा कि जिस शख्स ने रमजान के महीने तरावीह नमाज को ईमान की हालत लगातार एहतराम व एहेतेमाम के साथ पढ़ा, अल्लाह ताला उसकी हिफाजत करेंगे और उसके अगले और पिछले गुनाह माफ कर देंगे।

मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
जावेद रहमान शम्सी
मुरादाबाद मण्डल अध्यक्ष/प्रभारी-पश्चिमी उ. प्र. उद्योग व्यापार मण्डल, मुरादाबाद
इंडियन बुक डिपो व स्पोर्ट्स, धामपुर

मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
मौ. इमरान समी कुरैशी
ग्राम प्रधान
कोतवाली देहात
जनपद बिजनौर

मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
साजिद कुरैशी
प्रधान पद के भावी उम्मीदवार
ग्राम करौंदा मुस्लिम,
कोतवाली देहात

मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
कपिल कुमार
जिला पंचायत सदस्य
पूर्व प्रत्याशी-19
बढ़ापुर वि.स. क्षेत्र
समाजवादी पार्टी

मुकद्दस रमजान की बधाई
विवेक सेन
सदस्य जिला पंचायत
जिला योजना समिति बिजनौर
मुरादाबाद मंडल महासचिव
आजाद समाज पार्टी कांशीराम
संस्थापक सदस्य-आजाद समाज पार्टी कांशीराम
संभावित प्रत्याशी-धामपुर विधानसभा-20

आज़ाद समाज पार्टी (कांशीराम)
चुनाव चिन्ह केतली
विधानसभा क्षेत्र -19 बढ़ापुर से
विधायक पद के सम्भावित उम्मीदवार
मौ0 सलमान
की जानिब से ईद-उल-फितर की दिली मुबारकबाद
मा. एड. चन्द्रशेखर आज़ाद
राष्ट्रीय अध्यक्ष/सांसद लोकसभा-5, नगीना
आज़ाद समाज पार्टी (कांशीराम)
मौ0 सलमान
कार्यकर्ता
आज़ाद समाज पार्टी (कांशीराम)

मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
हाजी मौ. इलियास
पूर्व लोकसभा प्रभारी
बसपा, मुरादाबाद
निवास-स्योहारा

मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
मौ. साईम राजा
मैनेजर
मौलाना मौहम्मद अली जौहर हायर एजुकेशन इंस्टीट्यूट, किरतपुर

मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
अब्दुल मन्नान
चेयरमैन
नगर पालिका
किरतपुर

रमजान माह की शुभकामनाएं
चौधरी रवि कुमार सिंह
चेयरमैन
नगर पालिका, धामपुर

मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
हाजी अब्दुल कादिर
वरिष्ठ समाजसेवी
नहटौर

रमजान माह की बधाई
मूलचन्द चौहान
पूर्व मंत्री
उत्तर प्रदेश सरकार

मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
नजीबुल हसन
युवा सपा नेता
मुस्लिम चौधरियान
स्योहारा

मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
मौहम्मद जैद रशीद
युवा समाजसेवी, नहटौर
अनस इकरार
चेयरपर्सन नगर पालिका, नहटौर

मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
एम.आर पाशा
राष्ट्रीय अध्यक्ष- राष्ट्रीय विकलांग एसोसिएशन
ब्रांड एंबेसडर
लोकसभा चुनाव 2024

मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
वहाब कुरैशी
उत्तरी सहकारी समिति के पूर्व वाइस चेयरमैन
नहटौर

मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
मनोज पारस
सपा विधायक
नगीना
विधानसभा क्षेत्र

मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
मौ. आसिफ शान
चेयरमैन
नगर पंचायत, मण्डावर

मुकद्दस रमजान माह की दिल की गहराईयों से सभी रोजेदारों को मुबारकबाद
अजमल उमर एड.
वरिष्ठ समाजसेवी
पूर्व प्रत्याशी चेयरमैन पद- भाजपा
नगर पंचायत, मण्डावर

रमजान माह की शुभकामनाएं
रामअवतार सैनी
सपा विधायक
नूरपुर विधानसभा क्षेत्र
जनपद-बिजनौर

मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
राशिद हुसैन
पूर्व जिलाध्यक्ष
समाजवादी पार्टी
जनपद-बिजनौर
पूर्व चेयरमैन, झालू

# मादा गुलदार पिंजरे में कैद

## तीन शावक मौके से लापता, ग्रामीणों की चिंता बढ़ी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** ग्राम मटौरा मान के जंगलों में वन विभाग ने मादा गुलदार को पिंजरे में कैद कर लिया है। हालांकि, उसके तीन शावक मौके से लापता हो गए। जिससे वन विभाग और ग्रामीणों की चिंता बढ़ गई है।

प्राप्त समाचार के अनुसार किसान हितेश्वर सिंह के गन्ने के खेत में ग्रामीणों ने मादा गुलदार को उसके तीन शावकों के साथ देखा। सूचना मिलने पर वन विभाग ने तत्काल इलाके की घेराबंदी की। विभाग ने मादा गुलदार को पकड़ने के लिए पिंजरा लगाया। जिसमें वह सफलतापूर्वक कैद हो गई। लेकिन, जब शावकों की तलाश की गई, तो वे



मौके पर नहीं मिले। डिप्टी वन रेंजर हरदेव सिंह ने बताया कि मादा गुलदार अब उनके कब्जे में है, लेकिन शावकों का पता नहीं चल पा रहा है। उन्होंने आशंका जताई कि शोर-शराबे या हलचल के कारण शावक गन्ने के घने खेतों में कहीं छिप गए होंगे या रास्ता भटक गए हैं। वन विभाग ने शावकों की तलाश के लिए सघन सर्च ऑपरेशन शुरू कर दिया है।

मादा गुलदार के पकड़े जाने से ग्रामीणों को कुछ राहत मिली है, लेकिन शावकों के लापता होने से उनमें अभी भी भय बना हुआ है। विभाग ने ग्रामीणों को सावधानी बरतने के निर्देश दिए हैं। शावकों के अकेले होने से उनकी सुरक्षा पर भी सवाल खड़े हो गए हैं।

# लाखों की धोखाधड़ी के मामले में दो के विरूद्ध रिपोर्ट दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** हैंडलूम फर्म के संचालक ने गुरुग्राम की एक निजी कंपनी पर लाखों रुपए की धोखाधड़ी और चेक बाउंस का आरोप लगाया है। पीड़ित ने एसपी से न्याय की गुहार लगाई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

प्राप्त समाचार के अनुसार क्षेत्र के ग्राम सलारपुर में स्थित आसमां हैंडलूम कमांडो स्कार्फ और कॉटन फैब्रिक बनाने का काम करती है। फर्म के मैनेजर डायरेक्टर ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वे पिछले दो वर्षों से गुरुग्राम की कंपनी के साथ व्यापार कर रहे थे। पीड़ित के अनुसार, उन्होंने कंपनी के लिए लगभग 51,35,000 का काम पक्के बिलों पर किया था। कंपनी ने अब तक केवल 30 लाख का भुगतान किया है, जबकि 16 लाख अभी भी

### धनराशि वापस दिलाने की मांग

बकाया हैं। आरोप है कि दिवाली 2022 के समय कंपनी द्वारा दिया गया चार लाख का चेक बैंक में दो बार बाउंस हो गया। इस मामले में पीड़ित ने पहले ही न्यायालय में एनआई एक्ट के तहत वाद संख्या 569/2023 दायर किया है, जो वर्तमान में विचाराधीन है। अब पीड़ित ने एसपी को पत्र देकर कंपनी के खिलाफ धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज करने और बकाया धनराशि वापस दिलाने की मांग की है। पीड़ित का कहना है कि भुगतान न मिलने से उनके सामने रोजी-रोटी का संकट खड़ा हो गया है। अपराध निरीक्षक विपिन कुमार ने पुष्टि की है कि इस मामले में दो लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

## एक नजर

### पोषक नहर मिली लाश

**स्योहारा।** सब्दलपुर पुल के समीप पोषक नहर में किसी व्यक्ति लाश पड़ी मिली। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और स्थानीय लोगों की मदद से लाश को नहर से बाहर निकलवाया। लाश की शिनाख्त रामचरण (लगभग 55 वर्ष) पुत्र स्व. गुलाब सिंह निवासी ग्राम मीरापुर, थाना स्योहारा के रूप में हुई। बताया जा रहा है कि मृतक नौ मार्च 2026 को पोषक नहर में कूद गया था। जिसके बाद से उसकी तलाश की जा रही थी। मामले की सूचना मिलते ही परिजन भी मौके पर पहुंच गए। पुलिस ने लाश कब्जे में लेकर पंचायतनामा भरने की प्रक्रिया पूरी की और पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी भेज दिया

### बोर्ड की बैठक में कई प्रस्ताव पास



**धामपुर।** पालिका की बोर्ड बैठक में नगर क्षेत्र के विकास से जुड़े कई महत्वपूर्ण प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित हुए। बैठक में आय-व्यय का ब्यौरा प्रस्तुत किया गया। पालिका के विकास कार्यों में कुल 53 करोड़ 89 लाख 44 हजार 622 रुपए आय को दर्शाया गया, जबकि व्यय रकम 44 करोड़ 50 लाख रुपए दर्शाया गया। बैठक की अध्यक्षता पालिका अध्यक्ष चौधरी रवि कुमार सिंह ने की। संचालन ईओ रवि शंकर शुक्ला ने किया। इस मौके पर पवन कुमार, सुनील कुमार, सभासद संतोष राजपूत, पुरुषोत्तम अग्रवाल, हिना परवीन, प्रभात गुप्ता, वसीम अहमद, सुमित महेश्वरी, पूनम सैनी, मनोज गोयल, मुंशी नसीम अहमद, तसलीम रहे।

### आठ बजे अदा की जाएगी ईद की नमाज



**स्योहारा।** ईद उल फितर की नमाज़ का वक्त और व्यवस्थाओं को लेकर ईदगाह कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक में ईद की नमाज़ सुबह आठ बजे अदा करने का निर्णय लिया गया। कमेटी के जनरल सेक्रेटरी डा.तारिक रज़ा के आवास पर बैठक हुई। शहर इमाम मौलाना कामिल कासमी की सरपरस्ती और कमेटी अध्यक्ष अहसन एड. की अध्यक्षता में आयोजित बैठक का संचालन सुहैल जफर ने किया। बैठक में ईदगाह परिसर की साफ-सफाई, नमाज़ के वक्त की घोषणा और अन्य महत्वपूर्ण व्यवस्थाओं पर चर्चा की गई। तय किया गया कि नमाज़ का वक्त आम जनता को घोषणा के माध्यम से सूचित किया जाएगा। शहर इमाम मौलाना कामिल कासमी ने सभी नमाज़ियों से अपील की कि नमाज़ के तय वक्त से पहले ईदगाह परिसर पहुंचें। उन्होंने सड़कों या मार्गों पर नमाज़ अदा करने से बचने और ईदगाह परिसर के अंदर सफों में नमाज़ पढ़ने का आग्रह किया। बैठक में नवेदुर्रहमान एड., डा. नफीस अहमद, मुफ्ती सदाकत, साबिर सलमानी, अकरम अंसारी, पूर्व सभासद नसीम कुरैशी, सरफराज़ सैफी, ज़ियाउर्रहमान, सैय्यद अम्मार रज़ा, फिरोज़ अहमद, ज़ाहिद हुसैन, नौशाद अख्तर, आसिफ मंसूरी, सहित कई कमेटी सदस्य और पदाधिकारी मौजूद रहे।

### शेख शमीम ने कराई रोजा इफ्तारी



**चांदपुर।** मौहल्ला काजी जाजदगान निवासी समाजसेवी शेख शमीम अहमद द्वारा बिजनौर बाईपास स्थित अपने प्रतिष्ठान पर सामूहिक रोजा इफ्तार का आयोजन किया गया। जिसमें गणमान्य नागरिकों, व्यापारियों, समाजसेवियों आदि ने शिरकत की। इस मौके पर शेख शमीम अहमद, रहबर शमीम, अरहम शमीम उर्फ लक्की ने अपने प्रतिष्ठान पहुंचने वाले मेहमानों का दिल की गहराईयों से स्वागत किया। इस मौके पर रिजवान अहमद, अहमद अली, सरफराज अहमद ठेकेदार, जावेद अहमद, हाजी नफीस अहमद आदि ने भी शिरकत की तथा रोजा इफ्तारी का हिस्सा बने। इफ्तारी से पूर्व उपस्थित उलेमाओं ने देश और दुनियां में अमन-चैन कायम रहने की दुआ कराई। इस मौके पर शेख शमीम अहमद पुत्र खलील अहमद ने कहा कि रमजान महीना बड़ी बरकतों का महीना होता है। इस महीने में अल्लाह की नेअमते और रहमत बरसती है। इस माह में जो कोई भी अच्छा कार्य करता है, उसे ऊपर वाला बहुत सारी अपनी नेअमतो से नवाजता है। मुझे खुशी है कि आज की रोजा इफ्तारी में बड़ी संख्या में लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

### शिक्षा का गिरता स्तर और परिजनों पर बढ़ता दवाब

# फीस जमा न होने पर परीक्षा से रोका

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हीमपुर दीपा।** नेताओं का चुनावी भाषण हो या किसी शिक्षक का स्कूली भाषण, दोनों में शिक्षा पर आज कल बहुत जोर दिया जा रहा है। जिसमें अक्सर सुनने को मिलेगा कि शिक्षा सभी का अधिकार है और सभी माता-पिता को अपने बच्चों को अवश्य पढ़ाना चाहिए। परंतु यह भाषण केवल भाषण तक ही सीमित दिखाई देता है। क्योंकि असल जीवन में शिक्षा की जद्दोजहद आम नागरिक के घर से निकलती है तो फिर उसे प्राइवेट स्कूल के खर्च फिर उसपर बिल्डिंग फीस, फैसिलिटी फीस और अगर ये सब भी आम आदमी सहन कर ले और फीस थोड़ा देर सवेर हो जाए, तो उस पर विद्यार्थी को एग्जाम में बैठने से रोक देने जैसे स्कूल प्रशासन के रूल आम आदमी के सपनों को चकना चूर कर देते हैं।

ताज़ा मामला हीमपुर दीपा थाना क्षेत्र के चिकारा पब्लिक स्कूल का है जहां यूकेजी की मासूम छात्रा प्रिशु को एग्जाम देने से महज इसलिए मना कर दिया गया क्योंकि उसकी फीस जमा नहीं थी। हालांकि परिजनों ने वाहन चालक से भी कई बार बच्चों की फीस पता करने की बात कही। साथ ही स्टाफ से भी फीस जोड़कर बताने को कहा जिस पर सब ने एक-दूसरे पर बात को टाल दिया। बताया जाता है कि इस बीच मासूम बच्ची को नोटिस थमाया गया। हालांकि बच्ची खेल-कूद और मासूम होने के चलते परिजनों को नोटिस नहीं दिखा सकी। अंततः एग्जाम के समय बीते दो दिन पूर्व स्कूल स्टाफ ने मासूम बच्ची का पेपर ही रुकवा दिया। साथ ही उसे बुरी तरह प्रताड़ित किया गया। जिससे सहमी मासूम ने जब घर आकर वाक्या बताया, तो परिजन स्कूल पहुंचे और मासूम बच्ची की फीस जमा की। हालांकि इस बीच स्कूल स्टाफ और परिजनों में फोन कर सूचित न करने सहित अन्य की बातें हुई।

गंभीर बात यह है कि फीस जमा करते ही स्कूल स्टाफ ने मासूम बच्ची के दो पेपर न केवल एक दिन बल्कि एक घंटे में ही पूरे करा दिए, जो शिक्षा के गिरते स्तर का जीता जागता सबूत है।

# ईद पर मिलावटी दूध का खेल

## खाद्य सुरक्षा विभाग बना तमाशबीन, जनता में भारी रोष

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किरतपुर।** ईद उल फितर के मौके पर जहां एक ओर लोग खुशियों की तैयारी में जुटे हैं, वहीं दूसरी ओर नगर व आसपास के क्षेत्रों में मिलावटी और नकली दूध का कारोबार तेजी से फल फूल रहा है। आरोप है कि किरतपुर में कई डेयरियों पर धड़ल्ले से मिलावटी दूध बेचा जा रहा है, लेकिन जिम्मेदार खाद्य सुरक्षा विभाग इस गंभीर मामले में मूकदर्शक बना हुआ है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि ईद के त्योहार पर दूध और उससे बनने वाली मिठाइयों की मांग काफी बढ़ जाती है, जिसका फायदा उठाकर कुछ डेयरी संचालक नकली और मिलावटी दूध की सप्लाई कर रहे हैं। जनता का कहना है कि 'जिसे जितना दूध चाहिए मिल जाएगा, लेकिन वह शुद्ध होगा या नहीं इसकी कोई गारंटी नहीं है।'

लोगों का आरोप है कि कई बार शिकायत करने के बावजूद भी खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की है। इससे विभाग की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठने लगे हैं।

नगरवासियों का यह भी कहना है कि कभी-कभार विभाग द्वारा कार्रवाई के नाम पर औपचारिकता जरूर निभा दी जाती है, लेकिन उसके बाद मामला ठंडे बस्ते में चला जाता है और सब कुछ फिर से 'फीलगुड' हो जाता है। ऐसे में मिलावटखोरों के हौसले लगातार बुलंद बने हुए हैं। नगरवासियों ने प्रशासन से मांग की है कि ईद से पहले किरतपुर और आसपास के क्षेत्रों में चल रही दूध डेयरियों की सघन जांच कराई जाए और यदि कहीं भी मिलावट पाई जाती है तो संबंधित संचालकों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए, ताकि लोगों के स्वास्थ्य के साथ हो रहे इस खिलवाड़ को रोका जा सके। स्थानीय लोगों का कहना है कि अगर समय रहते कार्रवाई नहीं हुई तो मिलावटी दूध के कारण लोगों की सेहत पर गंभीर असर पड़ सकता है। अब देखना यह है कि स्वास्थ्य विभाग और खाद्य सुरक्षा विभाग जनता की इस मांग पर कब तक संज्ञान लेते हैं।

# गंगा बैराज से छलांग लगा कर सिपाही ने जान दी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** बिजनौर में तैनात 2016 बैच के सिपाही नितिन वत्स ने कल बैराज से गंगा में छलांग लगा दी। डूबने की वजह से सिपाही की मौत हो गई। आज सुबह गोताखोरों ने बैराज के गेट नंबर चार के पास से शव को बरामद कर लिया।

प्राप्त समाचार के अनुसार शुक्रवार को बिजनौर बैराज के गेट नंबर तीन के पास लावारिस हालत में एक बाइक खड़ी मिली थी। जांच में सामने आया कि बाइक बिजनौर पुलिस के अभियोजन कार्यालय में तैनात चल रहे सिपाही नितिन वत्स की है। इसके बाद से सिपाही की तलाश की जा रही थी। उधर उसकी पत्नी ने शुक्रवार की देर शाम शहर कोतवाली में गुमशुदगी दर्ज कराई। बैराज पर बाइक खड़ी मिलने के बाद से ही उसके गंगा में कूदने की आशंका जाहिर की जा रही थी। उधर

### शव पीएम के लिए भेजा

सीसीटीवी फुटेज खंगाल गया, तो उसमें सिपाही गेट नंबर तीन के पास अपनी बाइक को खड़ी करते हुए नजर आया। रात में ही रेस्क्यू टीम को बुला लिया गया। आज सुबह गोताखोर गंगा में उतरे। जिन्होंने खोज शुरू की। करीब ग्यारह बजे गेट नंबर चार के पास सिपाही नितिन की लाश बरामद की गई। लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस जांच में जुटी है। बागपत के कस्बा टिकरी के रहने वाले नितिन की तैनाती साल 2022 से बिजनौर में चल रही थी। नितिन अपनी पत्नी और बच्चों के संग बिजनौर की भरत विहार कॉलोनी में किराए पर रहता था। आत्महत्या का कारण फिलहाल पता नहीं चल सका।

# हाजी मौहम्मद आसिफ ने कराया इफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शेरकोट।** समाजसेवी एवं पालिका चेयरमैन पद के संभावित उम्मीदवार हाजी मौहम्मद आसिफ द्वारा नगर में विशाल रोजा इफ्तार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें हजारों की तादाद में रोजेदारों ने इफ्तार कार्यक्रम में शिरकत की।

### हजारों रोजेदारों ने की शिरकत

मौहल्ला तराई स्थित भनोटी रोड पर आयोजित रोजा इफ्तार कार्यक्रम मे पहुंच लोगों ने फल चाट सहित स्वादिष्ट व्यंजन का लुत्फ लिया। इस मौके पर हाजी मौहम्मद आसिफ ने कहा कि इस माह में दो अमल रोजा व इफ्तार का बहुत बड़ महत्व हैं तथा एक साथ बैठ कर खाने-पीने से लोगों में एकता और भाईचारा बढ़ता है। इस मौके पर सभासद जावेद हबीब, आकिब सिद्दीकी, इरशाद अहमद,



नासिर पधान, नबाब अहमद, महफूज अहमद, शेख कमरुद्दीन, इंतेखाब आलम, मतलूब आलम, अनीस खान, छुट्टन खा, मुल्ला शकील, मौहम्मद परवेज एमपी बख्शी, इमरान मिर्जा, अशरफ कबाड़ी, शेख यासीन, मौहम्मद कासिम, नफीस अहमद, रिजवान उर्फ छुट्टन, इजहार नबी, फुरकान, मनोज शर्मा, अर्पण शर्मा, दिनेश कुमार, रमेश कुमार, नरेश कुमार, अनीस अहमद, शरीफ, विलोसम, राजू भाई आदि उपस्थित रहे। रोजा इफ्तार कार्यक्रम में पहुंचने पर लोगों का मौहम्मद आसिफ द्वारा शुक्रिया अदा किया।

# पहले करें गरीबों की ईद की व्यवस्था: मौलाना अनवारूल हक

**नजीबाबाद।** विश्व मानवाधिकार परिषद की तरफ से नई बस्ती नजीबाबाद में मौहम्मद असलम के आवास पर गरीबों को ईद किट का. वितरण किया गया। मौलाना अनवारुल हक ने कहा कि ईद का चांद देखने से पहले अपनी बस्ती में ऐसे घर तलाश करें, जिनमें अभी तक ईद की व्यवस्था नहीं हुई है। विशेष तौर पर उनकी मदद जरूर करेंजिनके परिवार के जिम्मेदार लोग जेल के अंदर बंद हैं। उन्होंने कहा कि उस बस्ती पर खुदा की रहमत नहीं बरसती है, जिस बस्ती में सभी लोग ईद तो मनाएं, मगर एक गरीब मजबूर परिवार की ईद की व्यवस्था न होने के कारण अपनी बेबसी पर आंसू बहाता रहे। राष्ट्रीय सचिव तहसीम अहमद ने कहा कि पूर्व सालों की तरह इस साल भी विश्व मानवधिकार परिषद देश-प्रदेश की अलग-अलग जेल में बंद निर्दोष कैदियों की मदद कर रहा है, उनके परिवारों की ईद की व्यवस्था का काम कर रहा है। किसी मजबूर की मदद करना सबसे बड़ी इंसानियत व बड़ा धर्म है। जिला महासचिव एडवोकेट मौ. मोहसिन ने कहा कि अगर जिंदगी में दुशी हासिल करना चाहते हो तो गरीबों की मदद करना शुरू कर दो। दौलत से शोहरत, तरक्की तो मिल सकती है, मगर दिल का सुकून नहीं। विश्व मानवधिकार परिषद की पूरी टीम निर्दोष लोगों की हर तरह से मदद करने के लिए तैयार है। इस मौके पर मुरादाबाद मंडल अध्यक्ष आदिल इरुान, हाफिज अनवार, महबूब कस्सार, इमरान मंसूरी, नसीम अहमद, इंतजार अहमद, मौ. फय्याज, कासिम प्रधान, मौहम्मद आरिफ, शाहजेब, मौहम्मद अशरफ, अकदस आदि पदाधिकारीगण मौजूद रहे।

# न्यायालयों में वादों की संख्या कम करती है लोक अदालत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** विवेक स्कूल ऑफ लीगल स्टडीज के विद्यार्थियों ने आज राष्ट्रीय लोक अदालत का भ्रमण किया।

विद्यार्थियों ने एसो. प्रोफेसर डा. अरविंद कुमार के नेतृत्व में जिला न्यायालय का भ्रमण करके राष्ट्रीय लोक अदालत में समझौते के आधार पर मुकदमों का निस्तारण होने की प्रक्रिया का अवलोकन किया। विद्यार्थियों को जिला विधिक सेवा



प्राधिकरण और वरिष्ठ अधिवक्ताओं द्वारा बैंक, बिजली विभाग और पारिवारिक आदि मामलों में वैकल्पिक विवाद निस्तारण प्रणाली के अंतर्गत विवादों के त्वरित निपटारे के बारे में समझाया गया। जिससे न्यायालयों पर मुकदमों की संख्या का दबाव कम होता है।

डीन डा. राजीव कुमार चौधरी ने कहा कि इस विजिट से विद्यार्थियों के प्रयोगात्मक ज्ञान में वृद्धि होगी। विद्यार्थियों के साथ प्राची त्यागी, विकांत कुमार, प्रिया शर्मा आदि अध्यापक उपस्थित रहें।

# ट्रांसफार्मर पर चढ़ी युवती करंट से झुलसी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कासमपुर गढ़ी।** मानसिक रूप से कमजोर एक युवती विद्युत ट्रांसफार्मर पर चढ़ गई, जो रकंट की चपेट में अकर बुरी तरह झुलस गई।

प्राप्त समाचार के अनुसार थाना रेहड़ क्षेत्र के ग्राम फतेहपुर धारा निवासी जगदीश सिंह सैनी की पुत्री निशा (18 वर्ष) बचपन से ही मंदब.ुद्धि है। शुक्रवार को जगदीश सिंह के एक रिश्तेदार के यहां गांव में ही शादी थी। शाम के समय मेहमानों के साथ-साथ निशा भी वहां चली गई और रात्रि लगभग आठ बजे वहां से अकेली निकल कर पास में स्थित विद्युत ट्रांसफार्मर पर चढ़ गई। उस समय बिजली आ रही थी, जिससे निशा को तेज करंट लगने पर जोर का झटका लगा और व नीचे गिरने को

### चिंताजनक हालत में हायर सेंटर रैफर

हुई, मगर उसका एक पैर ट्रांसफार्मर की ऐंगल में फंस गया और वह वहीं उल्टी लटक गई। ट्रांसफार्मर के तारों में अचानक फाल्ट हुआ और बिजली सप्लाई भी चली गई। बिजलीघर को फोन कर शटडाउन लेकर निशा को किसी तरह नीचे उतारा गया।

निशा के पिता जगदीश सिंह सैनी ने बताया कि उसकी हालत सीरियस देखते हुए स्थानीय चिकित्सकों ने उसे हायर सेंटर रैफर कर दिया है, जहां उसकी हालत अभी चिंताजनक बनी हुई है।

# जनगणना 2027 के लिए फील्ड ट्रेनर प्रशिक्षित

## मकान सूचीकरण और गणना कार्य के लिए तीन दिन की ट्रेनिंग

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** जिला जनगणना अधिकारी/एडीएम वित्त एवं राजस्व वान्या सिंह की अध्यक्षता में जनगणना को सुव्यवस्थित एवं सुचारू रूप से संपन्न करने के लिए वर्धमान डिग्री कॉलेज में संचालित फील्ड ट्रेनर के तीन दिवसीय प्रथम बैच के प्रशिक्षण कार्यक्रम का कल देर समापन हुआ।

एडीएम वान्या ने बताया भारत की जनगणना 2027 के लिए फील्ड ट्रेनर का जिला स्तरीय प्रशिक्षण, जिसमें मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना का कार्य 22 मई 2026 से 20 जून 2026 तक किया जाना है। उन्होंने बताया कि आज फील्ड ट्रेनर्स को फील्ड में भेजकर मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना कार्य का प्रशिक्षण उपलब्ध कराया गया, ताकि प्रेक्टिकल कार्य पूर्ण दक्षता के साथ संपन्न हो सके। उन्होंने उपस्थित फील्ड ट्रेनर ट्रेनर्स को निर्देशित किया कि वे इस महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य को पूरी निष्ठा और शुद्धता के साथ पूरा करने के लिए ध्यान पूर्वक एवं गहनता के साथ प्रशिक्षण ग्रहण करें और अपनी शंकाओं का समाधान भी उपस्थित



उपस्थित मास्टर ट्रेनर्स से कर लें ताकि फील्ड में कार्य करने के दौरान किसी भी प्रकार की कोई समस्या उत्पन्न न होने पाए। एडीएम ने बताया कि फील्ड प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य फील्ड अधिकारियों को डिजिटल उपकरणों, मोबाइल ऐप और जनगणना की जटिल प्रक्रियाओं से व्यवहारिक रूप से परिचित कराना और दक्षता प्रदान करना है।

प्रशिक्षण के दौरान मास्टर ट्रेनर्स द्वारा गणकों को मोबाइल ऐप के माध्यम से रियल-टाइम डेटा एंट्री और सिंकिंग की तकनीकी ट्रेनिंग तथा प्रथम चरण के लिए निर्धारित 33 प्रश्नों (जैसे आवास की स्थिति, बुनियादी सुविधाएं और संपत्ति) पर विस्तार से जानकारी उपलब्ध कराई गई। जिला प्रभारी जेपी यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि जनगणना 2027 के लिए फील्ड ट्रेनर के जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के पहले चरण अंतर्गत प्रथम बैच की ट्रेनिंग आज पूरी हो चुकी है। दूसरे चरण के अंतर्गत फील्ड ट्रेनर्स के दूसरे बैच का तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम 16, 17 व 18 मार्च, 2026 को तथा तीसरे व अंतिम चरण का तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम 16, 17 व 18 मार्च, 2026 को संपन्न होगा। इस मौके पर प्रभारी अधिकारी जनगणना नितिन कुमार, मास्टर ट्रैनर डा. आकाश अग्रवाल, डा. अमित कुमार एवं डा राजीव विश्नोई सहित अन्य अधिकारी एवं फील्ड ट्रेनर्स मौजूद थे।

**कार्यालय अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद, नजीबाबाद**

अधिसूचना अन्तर्गत धारा -147 (2) यू.पी.म्यू एक्ट 1916

समस्त प्रभावितों को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है **श्री ऋषिपाल पुत्र सीताराम मौहल्ला मकबरा** तहसील नजीबाबाद, जिला बिजनौर ने नगर पालिका परिषद के कर सम्बंधी अभिलेखों/ अनुसूची में अंकित सम्पत्ति में **श्रीमती जगवती पत्नी श्री सीताराम** नजीबाबाद, जिला बिजनौर के नाम के बजाये अपना नाम अंकित किये जाने हेतु रजिस्टर्ड वसीयतनामा व शपथ-पत्र सहित आवेदन-पत्र दिया है।

अतः प्रभावित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि जिस व्यक्ति को उक्त नाम परिवर्तन करने में आपत्ति हो तो वह पालिका कार्यालय में इस सूचना प्रकाशन की तिथि से तीस दिवस के भीतर साक्ष्य सहित प्रमाण प्रस्तुत कर दें। अपूर्ण एवं कालातीत पर विचार नहीं किया जायेगा।

विवरण सम्पत्ति सं.: **524 मकबरा** नगर व तहसील नजीबाबाद, जिला बिजनौर।

**अधिशासी अधिकारी**

**कार्यालय अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद, नजीबाबाद**

अधिसूचना अन्तर्गत धारा -147 (2) यू.पी.म्यू एक्ट 1916

समस्त प्रभावितों को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है **श्री मुकेश कुमार पुत्र स्व. श्री लाला तुलाराम मौहल्ला जाब्तागंज-2** तहसील नजीबाबाद, जिला बिजनौर ने नगर पालिका परिषद के कर सम्बंधी अभिलेखों/ अनुसूची में अंकित सम्पत्ति में **श्री योगेन्द्र कुमार लाहौटी पुत्र श्री शिव सरन लाहौटी** नजीबाबाद, जिला बिजनौर के नाम के बजाये अपना नाम अंकित किये जाने हेतु रजिस्टर्ड बैनामा व शपथ-पत्र सहित आवेदन-पत्र दिया है।

अतः प्रभावित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि जिस व्यक्ति को उक्त नाम परिवर्तन करने में आपत्ति हो तो वह पालिका कार्यालय में इस सूचना प्रकाशन की तिथि से तीस दिवस के भीतर साक्ष्य सहित प्रमाण प्रस्तुत कर दें। अपूर्ण एवं कालातीत पर विचार नहीं किया जायेगा।

विवरण सम्पत्ति सं.: **515/1 जाब्तागंज-2** नगर व तहसील नजीबाबाद, जिला बिजनौर।

**अधिशासी अधिकारी**

# धामपुर में संघ पदाधिकारी के घर हमला

## आरोपी ने पुलिस से पिस्टल छीनने की कोशिश की, जवाबी कार्रवाई में लगी गोली







**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** ग्राम पुराना धामपुर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला कार्यवाहक के घर पर हुए हमले, तोड़फोड़ व लूटपाट के प्रयास की घटना ने क्षेत्र में सनसनी फैला दी है। घटना से गांव और आसपास के इलाकों में दहशत का माहौल बन गया। वहीं राजनीतिक और सामाजिक संगठनों में भी इसे लेकर तीखी प्रतिक्रिया देखने को मिली। पुलिस ने मामले में मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया था, लेकिन मेडिकल परीक्षण के लिए ले जाते समय आरोपी ने पुलिस पर हमला कर फरार होने की कोशिश की। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में आरोपी के पैर में गोली लग गई, जिसके बाद उसे घायल हालत में दोबारा पकड़ लिया गया।

प्राप्त समाचार के अनुसार पुराना धामपुर निवासी अमित शर्मा पुत्र राज. ेंद्र कुमार ने थाना धामपुर में तहरीर देकर बताया कि 14 मार्च की तड़के करीब 3.30 बजे आरोपी सुहैल अहमद पुत्र अब्दुल सत्तार अपने कुछ साथियों के साथ उनके घर में घुस आया। आरोपी ने घर में घुसकर जमकर उत्पात मचाया और घर में रखे सामान को नुकसान पहुंचाया। पीड़ित परिवार का आरोप है कि आरोपी सोने के आभूषण और लगभग 74 हजार 750 रुपए नकद लेकर मौके से फरार हो गया।

घटना के बाद परिवार के लोग काफी भयभीत हो गए और आसपास के लोगों में भी दहशत का माहौल फैल गया। सूचना मिलते ही कोतवाली प्रभारी निरीक्षक मृदुल कुमार सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण कर पूरे मामले की जानकारी जुटाई। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने तत्काल मुकदमा दर्ज कर आरोपी की गिरफ्तारी के लिए विशेष टीम का गठन कर दिया।

पुलिस की सक्रिय कार्रवाई के चलते मुख्य आरोपी सुहैल अहमद को गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तारी के बाद आरोपी को मेडिकल परीक्षण के लिए साम. ुदायिक स्वास्थ्य केंद्र धामपुर ले जाया जा रहा था। पुलिस के अनुसार दोपहर लगभग दो बजे जब पुलिस टीम आरोपी को लेकर जाफरानगर मार्ग से गुजर रही थी, तभी आरोपी ने अचानक मौका पाकर पुलिस के एक हेड कांस्टेबल की सरकारी पिस्टल छीनने का प्रयास किया और पुलिस टीम पर हमला कर दिया।

बताया जाता है कि आरोपी ने पुलिस पर फायरिंग करने की कोशिश करते हुए मौके से भागने का प्रयास किया। इस दौरान पुलिस की सरकारी गाड़ी भी क्षतिग्रस्त हो गई। अचानक हुए इस घटनाक्रम से वहां कुछ समय के लिए अफरा-तफरी की स्थिति बन गई। पुलिस ने स्थिति को नियंत्रण में लेने के लिए आत्मरक्षा में जवाबी कार्रवाई की। जिसमें आरोपी के पैर में गोली लग गई।

गोली लगते ही आरोपी जमीन पर गिर पड़ा और पुलिस ने उसे तुरंत अपने कब्जे में ले लिया। इसके बाद घायल आरोपी को तत्काल उपचार के लिए सीएचसी धामपुर ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर हालत देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

पुलिस ने आरोपी के खिलाफ पहले दर्ज मुकदमे के अलावा पुलिस टीम पर हमला करने और मुठभेड़ से जुड़े आरोपों में भी नया मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि पूरे मामले की गहन जांच की जा रही है और यदि घटना में अन्य लोगों की संलिप्तता सामने आती है, तो उनके खिलाफ भी कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

घटना के बाद पूरे गांव में पुलिस बल तैनात कर दिया गया है और प्रशासन हालात पर लगातार नजर बनाए हुए है। ग्रामीणों का कहना है कि इस घटना के बाद क्षेत्र में भय का माहौल बन गया था, हालांकि पुलिस की कार्रवाई के बाद लोगों को कुछ राहत महसूस हो रही है।

### राजस्व विभाग की पैमाइश, अवैध निर्माणों पर चला बुलडोजर

घटना के बाद प्रशासन ने जमीन और अवैध कब्जों से जुड़े पहलुओं की भी जांच शुरू कर दी है। इसी क्रम में राजस्व विभाग की टीम पुराना धामपुर पहुंची और ग्राम समाज की भूमि तथा संभावित अवैध निर्माणों की स्थिति का जायजा लिया। अधिकारियों ने मौके पर पहुंच कर पैमाइश का कार्य शुरू कर दिया और संबंधित दस्तावेजों की भी जांच की जा रही है। शनिवार की देर शाम तहसील प्रशासन की टीम जेसीबी लेकर पहुंची तथा कई अवैध होर्डिंग्स और छज्जे को गिराने की कार्यवाही की। हालांकि इस कार्यवाही के बाद मुस्लिम पक्ष में दहशत का माहौल है। वहीं दूसरा पक्ष इस कार्यवाही को नाकाफी बता रहा है। सूत्रों के अनुसार प्रशासन यह भी पता लगाने में जुटा है कि कहीं इस पूरे विवाद के पीछे जमीन या अवैध कब्जे का मामला तो नहीं है। इसी को ध्यान में रखते हुए पूरे क्षेत्र की पैमाइश कर विस्तृत रिपोर्ट तैयार की जा रही है। अधिकारियों का कहना है कि यदि जांच में ग्राम समाज की जमीन पर अवैध कब्जा या नियमों के विरुद्ध निर्माण पाया जाता है, तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। प्रशासनिक सूत्रों का यह भी कहना है कि पैमाइश की अंतिम रिपोर्ट आने के बाद अवैध निर्माणों पर जेसीबी से कार्रवाई भी की जा सकती है। फिलहाल पुलिस और प्रशासन दोनों ही पूरे मामले की हर पहलू से जांच कर रहे हैं और क्षेत्र में कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए लगातार निगरानी रखी जा रही है।

### आरोपी की हरकत से सहम गया परिवार

हमले के दौरान घर में मौजूद परिवार के सदस्यों ने बताया कि देर रात अचानक घर में घुसकर आरोपी ने तोड़फोड़ शुरू कर दी। अचानक हुए इस हमले से घर के लोग घबरा गए और किसी तरह अपनी जान बचाने की कोशिश करने लगे। परिवार के लोगों का कहना है कि उस समय हालात इतने भयावह थे कि किसी को समझ नहीं आ रहा था कि क्या किया जाए। घटना के बाद से परिवार के लोग अभी भी दहशत में हैं और आसपास के इलाके में भी भय का माहौल बना हुआ है।

### संघ से जुड़े मामले पर भाजपा और हिंदू संगठनों में आक्रोश

संघ के जिला कार्यवाहक के घर पर हुए हमले के बाद यह मामला तेजी से तूल पकड़ गया। घटना से हिंदूवादी संगठनों और भाजपा कार्यकर्ताओं में काफी आक्रोश देखने को मिला। सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में संघ, भाजपा और अन्य संगठनों के कार्यकर्ता मौके पर पहुंच गए। कुछ ही समय बाद प्रदेश सरकार के प्रभारी मंत्री कपिल देव अग्रवाल, एमएलसी अशोक कटारिया, विधायक अशोक राणा सहित जिले के कई भाजपा नेता और पदाधिकारी भी पुराना धामपुर पहुंचे। उन्होंने पीड़ित परिवार से मुलाकात कर पूरी घटना की जानकारी ली और पुलिस प्रशासन से आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की। प्रभारी मंत्री कपिल देव अग्रवाल और अन्य नेताओं ने पुलिस अधीक्षक अभिषेक झा से बात कर मामले की गंभीरता बताते हुए सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए। नेताओं ने कहा कि प्रदेश में कानून व्यवस्था के साथ किसी भी तरह का समझौता नहीं किया जाएगा और दोषियों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। घटना के बाद क्षेत्र में तनाव को देखते हुए प्रशासन ने मौके पर भारी पुलिस बल के साथ पीएसी तैनात कर दी है। पुलिस लगातार गश्त कर रही है और पूरे इलाके पर नजर रखी जा रही है। वहीं फोरेंसिक टीम ने भी घटनास्थल का निरीक्षण कर कई अहम साक्ष्य जुटाए हैं।

### मेडिकल के दौरान पुलिस पर हमला

पुलिस अधिकारियों के अनुसार आरोपी को गिरफ्तार करने के बाद मेडिकल परीक्षण के लिए ले जाया जा रहा था। रास्ते में आरोपी ने अचानक पुलिस के एक हेड कांस्टेबल की सरकारी पिस्टल छीनने की कोशिश कर दी और पुलिस टीम पर हमला बोल दिया। आरोपी के इस कदम से पुलिसकर्मियों की जान खतरे में पड़ गई थी। स्थिति को देखते हुए पुलिस ने आत्मरक्षा में जवाबी कार्रवाई की, जिसमें आरोपी के पैर में गोली लग गई और उसे घायल हालत में दोबारा पकड़ लिया गया।

# मौलाना सलीम के बयान के विरोध में हिंदू युवा वाहिनी का जोरदार प्रदर्शन

### मौलाना का पुतला फूंका



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** बिहार के मौलाना अब्दुल्लाह सलीम द्वारा उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की माता के संबंध में कथित आपत्तिजनक टिप्पणी किए जाने के विरोध में धामपुर में हिंदू युवा वाहिनी कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं ने जुलूस निकाल कर सुभाष चौक पर मौलाना का पुतला दहन किया और सख्त कार्रवाई की मांग की।

प्राप्त समाचार के अनुसार हिंदू युवा वाहिनी के पूर्व मंडल अध्यक्ष डा. एनपी सिंह के नेतृत्व में कार्यकर्ता नगीना चौराहे के पास एकत्र और नारेबाजी करते हुए जुलूस निकाला, जो सुभाष चौक पहुंचा। जहां कार्यकर्ताओं ने मौलाना अब्दुल्लाह सलीम का पुतला फूंककर विरोध दर्ज कराया। इस दौरान डा. एनपी सिंह ने कहा कि मौलाना द्वारा की गई कथित टिप्पणी से हिंदू समाज की भावनाएं आहत हुई हैं। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की टिप्पणी किसी भी स्थिति में स्वीकार्य नहीं है और इसके खिलाफ कठोर कार्रवाई होनी चाहिए। प्रदर्शन के बाद कार्यकर्ताओं ने नायब तहसीलदार को राष्ट्रपति के नाम संबोधित एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में मौलाना अब्दुल्लाह सलीम के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की गई।

प्रदर्शन के दौरान संदीप कुमार, राजवीर सिंह, मनोज चौहान, हर्ष सिंह, सभासद संतोष राजपूत, आक. ाश चौहान, भूपेंद्र सिंह चौहान, इंजी. अनिल पाल, सुशील सैनी, राहुल शर्मा, दीपक सिंह, सुधाकर सिंह सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## गाली-गलौज का विरोध करने पर पीटा

**शेरकोट।** ग्राम शहजादपुर निवासी रूपचंद पुत्र लल्लू सिंह ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि रात करीब नौ बजे उसके गांव के ही राकेश कुमार पुत्र कुंवरपाल, रज्जु पुत्र होरी सिंह और राकेश की पत्नी पुष्पा उसके घर के पास शराब पीकर गाली-गलौज कर रहे थे। जब उसने उन्हें ऐसा करने से मना किया, तो आरोपियों ने उसके साथ और उसकी पत्नी के साथ मारपीट शुरू कर दी तथा गाली-गलौच की। किसी तरह जान बचाकर वह थाना शेरकोट पहुंचा और पुलिस को घटना की जानकारी दी। पीड़ित का आरोप है कि आरोपियों ने उसे जान से मारने की धमकी भी दी। उसने पुलिस से रिपोर्ट दर्ज कर कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है।

थानाध्यक्ष वीरेंद्र कुमार का कहना है कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है और जांच के बाद आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# मदरसा फैजुल उल उलूम में रोजा इफ्तार कार्यक्रम



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** मौहल्ला पीर शहीद काला स्थित मदरसा फैजुल उल उलूम में रोजा इफ्तार कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम शिक्षक तारिक रब्बानी द्वारा आयोजित किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों और गणमान्य व्यक्तियों ने भाग लिया। तारिक रब्बानी ने कहा कि रमजान का पाक महीना सब्र और आपसी भाईचारे का संदेश देता है। उन्होंने जोर दिया कि इफ्तार जैसे आयोजन धार्मिक परंपरा के साथ-साथ समाज में प्रेम और एकता को भी मजबूत करते हैं। इसमें मौलानाओं और रोजेदारों ने देश में अमन-चैन, आपसी सौहार्द और तरक्की के लिए सामूहिक रूप से प्रार्थना की। इफ्तार के बाद सभी ने सुन्नत के अनुसार नमाज अदा की। इस मौके पर कई गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। सभी ने तारिक रब्बानी के इस आयोजन की सराहना की।

## ईद पर पानी व साफ-सफाई की व्यवस्था रहेगी दुरुस्त: अब्दुल मन्नान



### पालिका का सहयोग करने की अपील

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किरतपुर।** ईद उल फितर मद्देनजर पालिका प्रशासन ने नगर में पानी और साफ-सफाई की व्यवस्था को चुस्त-दुरुस्त रखने की तैयारी कर ली है। पालिका चेयरमैन अब्दुल मन्नान ने कहा कि ईद पर नगरवासियों को किसी भी प्रकार की परेशानी न हो, इसके लिए विशेष इंतजाम किए जा रहे हैं।

उन्होंने बताया कि नगर के सभी वार्डों में सफाई कर्मचारियों को विशेष निर्देश दिए गए हैं कि ईद से पहले और ईद के दिन भी सफाई व्यवस्था बेहतर तरीके से बनाए रखें। इसके साथ ही पेयजल आपूर्ति को भी सुचारु रखने के लिए पालिका की टीम को अलर्ट रखा गया है, ताकि कहीं भी पानी की समस्या न होने पाए।

चेयरमैन अब्दुल मन्नान ने कहा कि ईदगाह, मस्जिदों और प्रमुख मार्गों के आसपास विशेष सफाई कराई जा रही है, जिससे नमाजियों और आम नागरिकों को किसी तरह की दिक्कत न हो। उन्होंने नगरवासियों से भी अपील की कि त्योहार के मौके पर साफ-सफाई बनाए रखने में नगर पालिका का सहयोग करें।

उन्होंने भरोसा दिलाया कि ईद के मौके पर नगर में पानी और साफ-सफाई की व्यवस्था पूरी तरह चुस्त-दुरुस्त रहेगी और किसी भी शिकायत पर तत्काल कार्रवाई की जाएगी।

# रासेयो के सात दिवसीय शिविर का समापन




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चांदपुर।** गुलाब सिंह हिंदू डिग्री कालेज की रासेयो छात्र एवं छात्रा इकाई के सात दिवसीय शिविर के समापन दिवस के अवसर पर विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ एकता चौधरी, सभासद मौहल्ला विवेक नगर एवं प्राचार्या प्रो. साधना द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर द्वीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण द्वारा किया गया।

इसके उपरांत रासेयो के स्वयंसेवकों एवं स्वयंसेविकाओं ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। हिमानी द्वारा सरस्वती वंदना करने के उपरांत कुमारी मनु वर्मा ने अतिथियों के सम्मान में स्वागत गीत प्रस्तुत किया। अरीबा आफताब, हिमानी, तरुणा, पायल, आराधना, पूनम, अनम, मनीषा, पल्लवी चौहान, आयशा, शिवा, दीपक, अल्फिया इमरान आदि विद्यार्थियों ने मंच पर विभिन्न प्रकार की प्रस्तुतियां दीं। देव सैनी ने प्रभावपूर्ण भाषण देते हुए रासेयो की महत्ता पर प्रकाश डाला। एकता चौधरी ने अपने उद्बोधन में विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि उनको सफलता की प्राप्ति के लिए अपने लक्ष्यों के प्रति पूर्ण निष्ठा और एकाग्रता के साथ समर्पित होना पड़ेगा। यदि आप सफल होना चाहते हैं, तो आपको अपने उद्देश्यों के प्रति पूर्णत: प्रतिबद्ध रहना अनिवार्य है। प्रो. अनिल कुमार वर्मा ने अपने उद्बोधन में कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम छात्रों में समाज के प्रति संवेदनशीलता पैदा करते हैं और उनमें नेतृत्व क्षमता, अनुशासन तथा आत्मविश्वास जैसे गुणों को विकसित करते हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षा एवं प्राचार्या प्रो. साधना ने कहा कि रासेयो जैसे कार्यक्रम केवल शिक्षण संस्थानों का हिस्सा मात्र नहीं हैं बल्कि ये विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास की आधारशिला हैं। सामुदायिक सेवा के माध्यम से विद्यार्थी न केवल समाज की जमीनी हकीकत से रूबरू होते हैं, बल्कि उनके व्यक्तित्व में निखार आता है जो उन्हें भविष्य का एक जिम्मेदार नागरिक बनाता है। इसके पश्चात छात्र इकाई के परियोजना अधिकारी मौहम्मद आरिफ एवं छात्रा इकाई की परियोजना अधिकारी डा. उदिता राजपूत ने सात दिवसीय विष शिविर की प्रगति आख्या प्रस्तुत की। कार्यक्रम के अंत में प्राचार्या एवं मुख्य अतिथि के द्वारा सात दिवसीय शिविर में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए छात्र इकाई के देव सैनी, ललित, शिवा, तरुण श्रीवास्तव तथा अमन कुमार एवं छात्रा इकाई की स्वयंसेविकाओं शुमाएला मलिक, अल्फिया इमरान, तिलका, आराधना तथा हिमानी को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में कॉलेज के सभी शिक्षक, शिक्षणेत्तर कर्मचारी एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में छात्र इकाई के सहायक परियोजना अधिकारी डा. राजकुमार एवं छात्रा इकाई की सहायक परियोजना अधिकारी पूजा राजपूत के अतिरिक्त राजेश श्रीवास्तव, कुलदीप कुमार, सौरभ चौहान, कुलदीप, रवि कुमार, सौरव, संजय, धर्मेंद्र, सोनू का विशेष योगदान रहा। संचालन संचालन कुमारी श्रद्धा वत्स ने किया।

## एक नजर

### डा. के.के. शर्मा ने रखा रोजा



**चांदपुर।** मौहल्ला पतियापाड़ा (संतनगर) निवासी डा. केके शर्मा (70 वर्ष) ने इस बार भी रमजान माह के अलविदा जुमे का रोजा रखा। श्री शर्मा कहते है कि रमजान मुकद्दस महीने में वह ऊपर वाले से देश और दुनिया में अमन कायम रहने की दुआ करते हैं और रमजान माह में हर अलविदा जुमे का रोजा रखते हैं। वह पिछले 15 वर्षों से रमजान में अलविदा जुमे का रोजा रखते चले आ रहे हैं और बाकायदा सहरी व इफ्तार करते हैं। उन्होंने कहा कि मैं विकलांग होने के बाद भी रोजा रखता हूं क्योंकि मुझे रोजा रखने में सच्ची आस्था झलकती है। गौरतलब है कि डा. केके शर्मा विकलांग हैं। उनके एक पैर और हाथ नहीं है। विकलांग होने के बावजूद रोजा रखते हैं। जिसके लिए उन्हें आसपास ही नहीं बल्कि पूरे क्षेत्र में पहचाना जाता है। अलविदा जुमे की इफ्तारी के बाद उन्होंने ऊपर वाले से देश और दुनिया में अमन कायम रहने के लिए दुआएं भी की। सपा नेता हाजी मोहसिन अंसारी, सपा नेता नाजिम खान, नसीम पान भंडार, जुल्फिकार अहमदे, नरेंद्र कुमार सैनी आदि ने डा. केके शर्मा अपनी शुभकामनाएं दी।

### डीएलएड प्रथम सेमेस्टर में सुष्मिता प्रथम



**बिजनौर।** कृष्णा कॉलेज ऑफ साइंस की विद्यार्थियों ने एक बार पुन: सफलता के नए आयाम स्थापित किए हैं। इस वर्ष डीएलएड बैच 2024 के प्रथम सेमेस्टर का परीक्षाफल उत्साहवर्धक रहा। डीएलएड विभाग की विभाग अध्यक्षा डा. दीपशिखा अग्रवाल ने बताया कि डीएलएड प्रथम सेमेस्टर की छात्रा सुष्मिता पुत्री पुष्पेंद्र सिंह ने 91.25 प्रतिशत अंक पाकर प्रथम, अदिति शर्मा पुत्री भुदेव शर्मा ने 90.88 प्रतिशत अंक पाकर द्वितीय तथा गौरी रानी पुत्री रावेंद्र कुमार ने 90.63 प्रतिशत अंक पाकर तृतीय स्थान प्राप्त किया। कॉलेज के संस्थापक निदेशक राजीव कुमार, प्रबंधक मनोज कुमार, निदेशक पवन कुमार, कालेज प्राचार्या डा. सीमा शर्मा तथा विभाग के प्रवक्ता एमएस अंसारी, सुनील कुमार, अंशिका राव ने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### आरवीआईटी में पाई डे पर प्रेजेंटेशन




**बिजनौर।** आरवी इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी में पाई डे (3.14) के अवसर पर रिसर्च पेपर एवं प्रेजेंटेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम कंप्यूटर साइंस विभाग के टेक्नोक्रेट्स क्लब द्वारा इंस्टीट्यूशन इना. ेवेशन काउंसिल (आईआईसी), आरवीआईटी के सहयोग से आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने गणित से प्रेरित विषयों पर आधारित अपने रिसर्च पेपर एवं नवाचारी विचार प्रस्तुत किए। इन प्रस्तुतियों के माध्यम से विद्यार्थियों ने विज्ञान, प्रौद्योगिकी एवं प्रबंधन के क्षेत्रें में गणित की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित किया। इस मौके पर विद्यार्थियों ने अपनी विश्लेषणात्मक सोच, रचनात्मकता एवं शोध क्षमता का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम ने विद्यार्थियों को अपने विचारों को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत करने, आत्मविश्वास बढ़ाने तथा शोध के प्रति रुचि विकसित करने का अवसर प्रदान किया। संस्थान के मैनेजिंग डायरेक्टर सनी देशवाल जी ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए उन्हें नवाचार और शोध के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि संस्थान द्वारा आयोजित इस प्रकार की शैक्षणिक गतिविधियां विद्यार्थियों में नवाचार, जिज्ञासा एवं समस्या समाधान की क्षमता को विकसित करने में सहायक सिद्ध होती हैं। तकनीकि निदेशक डा. नितिन अग्रवाल एवं फार्मेसी निदेशक डा. हितेश कुमार भी मुख्य रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए उनका मार्गदर्शन किया। इस आयोजन में संस्थान के सभी विभागों के विभाग अध्यक्ष एवं प्राध्यापक उपस्थित रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में टेक्नोक्रेट्स क्लब के कोऑर्डिनेटर वैभव सिंह चौहान, कंप्यूटर साइंस विभाग के प्राध्यापकगण तथा टेक्नोक्रेट्स क्लब के विद्यार्थियों का विशेष योगदान रहा।

### सदका-ए-फितर अदा करना जरूरी



**कासमपुर गढ़ी।** नूर मस्जिद के इमाम मौलाना मुफ्ती उवैस कासमी ने रमजानुल मुबारक के जुमे की नमाज से पहले चंद मसाइलों पर रोशनी डाली। इमाम उवैस कासमी ने नमाजियों को सदका-ए-फितर व जकात के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि जकात उस पर वाजिब नहीं होती, जिसके पास सदका-ए-फितर के लिए तय की गई कीमत का माल असबाब न हो। उन्होंने कहा कि सदका-ए- फितर जकात उन सभी मुसलमानों पर वाजिब होती है, जिनके पास सदका-ए-फितर के लिए तय की गई कीमत का माल असबाब हो। व रहने वाला मकान एवं जॅरीयात की चीजों के अलावा इतनी कीमत का माल असबाब हो, जितने दामों पर ये जकात वाजिब होती है तो उस पर ईदुल फितर के दिन सदका वाजिब होता है। उस माल पर वर्ष बीता हो या ना बीता हो तिजारत का माल हो या तिजारत न हो उसको सदका-ए-फितर कहते हैं। उन्होंने बताया कि सदका-ए- फितर अपनी तरफ से और अपनी नाबालिग संतान (औलाद) की तरफ से अदा करना वाजिब है। और उनका सदका-ए-फितर उनके माल पर लाजिम होता है और उनकी तरफ से अदा कर दिया जाय तो जायज और दुरुस्त है। उन्होंने कहा कि अगर किसी के माल के निसाब के कदर सोने-चांदी के इस्तेमाली जेवरात में और उसके अलावा नकद रुपए आदि कुछ नहीं है, तो फिर भी उन जेवरात की जकात देना फर्ज है। मौलाना उवैस कासमी बताया कि सरकारी मुलाजमीन के वेतन में से जो फंड काटा जाता है उस पर मुलाजमीन का कब्जा होने से पूर्व ही सरकार काट लेती है इसलिए उस पर जकात फर्ज नहीं है। अलबत्ता कब्जा होने के बाद से जकात वाजिब हो जाती है। अगर उस पर सरकार कुछ बढ़ाकर दे तो वह ब्याज के अंदर नहीं आता है क्योंकि अपनी मिलकियत से जमाशुदा रकम पर अधिक मिलने को ब्याज कहा जाता है, लेकिन यहां ऐसा नहीं है।

मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद

सलमान अलीमुद्दीन
युवा समाजसेवी
ग्राम मानियावाला
ब्लॉक-अफजलगढ़



मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद

आकिब यूनुस एड.
युवा भाजपा नेता
बिजनौर



मुकद्दस रमजान की बधाई

मूल निवासी भीम सिंह
जिला प्रभारी पीपल्स पार्टी ऑफ इंडिया डेमोक्रेटिक।
विधान सभा 22 बिजनौर से संभावित प्रत्याशी।
भगवती केयर सेंटर विदुर कुटी रोड शक्ति पेट्रोल पम्प के सामने सोमिया मार्केट, बिजनौर।
Mob-9389945824, 8868001224



मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद

मकसूद अहमद अंसारी
( ठेकेदार )
संभावित प्रत्याशी
प्रधान पद
राजा का ताजपुर





सम्भल। आक्षांत्मक विकास खंडों की प्रगति की समीक्षा करते अधिकारी। शाह टाइम्स

# पहले दिन परीक्षा केन्द्रों पर रही कड़ी निगरानी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** जनपद में उपनिरीक्षक भर्ती परीक्षा कड़ी सुरक्षा एवं निगरानी के बीच आयोजित करायी गई। दो पालियों में आयोजित हुई परीक्षा शांति पूर्वक सम्पन्न हो गयी। जनपद में परीक्षा के लिए दस केन्द्र बनाये गए थे।

**परीक्षा केन्द्रों के आसपास फोटो स्टेट आदि दुकानें रहीं बंद**

जनपद में उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नत बोर्ड द्वारा करायी गई दारोगा भर्ती परीक्षा का आयोजन जनपद में 10 परीक्षा केन्द्र आचार्य मुक्तेश हकीम रईस स. इ. का. सम्भल, बृजरत्न सुंदर आर्य कन्या इंटर कालेज सम्भल, हिंद इंटर कॉलेज सम्भल, जवाहरलाल मैमो.न.पं.इ.कॉलेज सिरसी सम्भल, महात्मा गांधी डिग्री कॉलेज सम्भल, राजकीय कन्या इंटर कॉलेज संभल, राजकीय कन्या इंटर कॉलेज सिरसी सम्भल, राजकीय महाविद्यालय हयात नगर सम्भल सम्भल, शंकर भूषण शरण जनता इंटर कॉलेज सम्भल, जेड. यू इंटर कॉलेज सराय तरीन सम्भल पर किया गया। इन परीक्षा केन्द्रों पर कुल आवंटित परीक्षार्थियों की संख्या 13440 है जबकि परीक्षा कक्षों की कुल संख्या 130 जिन पर 10 केन्द्र व्यवस्थापक तथा 20 सहायक केन्द्र व्यवस्थापक बनाये गए। जबकि 280 कक्ष निरीक्षक रहे। परीक्षा को नकल विहीन और शांति पूर्वक सम्पन्न कराने के लिए प्रत्येक परीक्षा केन्द्र पर एक -एक सेक्टर मजिस्ट्रेट/स्टेटिक मजिस्ट्रेट लगाये गये। कुल 10 सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं 10 स्टेटिक मजिस्ट्रेटों की डयूटी लगायी गयी। इसके अलावा 5-5 सेक्टर/ स्टेटिक मजिस्ट्रेट किसी आकस्मिक स्थिति के दृष्टिगत रिजर्व में भी लगाये गये हैं। परीक्षा में शामिल होने परीक्षार्थी सुबह ही परीक्षा केन्द्रों के बाहर पहुंचकर इंतेजार करने लगे। परीक्षा शुरू होने से पूर्व मुख्य गेट पर गहन जांच के बाद परीक्षार्थियों को अंदर प्रवेश दिया गया। परक्षा कक्षों में कक्ष निरीक्षकों के अलावा सी सी टीवी कैमरों से भी निगरानी रखी गयी। दोनों पालियों में सम्पन्न हुई परीक्षा के बाद बाहर आए परीक्षार्थियों के चेहरों पर संतोष दिखायी दिया।



सम्भल। उपनिरीक्षक भर्ती परीक्षा केन्द्र का निरीक्षण कर आते जिलाधिकारी डा. राजेन्द्र पैंसिया। शाह टाइम्स

# निरीक्षण आख्या न देने वाले नोडल अधिकारियों का स्पष्टीकरण तलब

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** आकांक्षात्मक विकास खण्डों की प्रगति को लेकर समीक्षा बैठक में विकासखंड के इंडिकेटर कसे संतृप्त करने का कार्य करने और निरीक्षण आख्या नहीं देने वाले नोडल अधिकारियों का स्पष्टीकरण लेने के निर्देश दिए।

कलक्ट्रेट सभागार में मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भटट की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में विभिन्न विभागों के संकेतांकों के संतृप्तिकरण की प्रगति को लेकर चर्चा की। मुख्य विकास अधिकारी ने निर्देशित करते हुए कहा कि आकांक्षात्मक विकासखंड के इंडिकेटर को संतृप्त करने का कार्य करें जिससे ग्राम एवं लोगों का संतृप्त विकास हो सके। स्वास्थ्य विभाग के संकेतांकों एएनसी रजिस्टर, आयुष्मान आरोग्य मंदिर, संस्थागत

**आकांक्षात्मक विकास खंडो की समीक्षा**

प्रसव ,बेसिक शिक्षा माध्यमिक शिक्षा, कृषि विभाग के संकेतांक, पशुपालन विभाग के संकेतांकों पंचायती राज विभाग के संकेतांकों ,राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन आदि को लेकर भी चर्चा की गई। मुख्य विकास अधिकारी ने आकांक्षात्मक विकास खण्डों को लेकर गम्भीर रहने के निर्देश दिए। इसके अलावा एल एम पी टूल के बारे में जानकारी लेकर आशा इस टूल का प्रयोग करती हैं या नहीं तथा संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। मुख्य विकास अधिकारी ने संबंधित को निर्देशित करते हुए कहा कि जिन नोडल अधिकारियों की निरीक्षण आख्या नहीं आयी है उनका स्पष्टीकरण जारी किया जाए। इस अवसर पर मुख्य चिकित्साधिकारी डा. तरुण पाठक, उप कृषि निदेशक अरुण कुमार त्रिपाठी, डीपीएमयू से श्यामा कुमार सहित समस्त नामित नोडल अधिकारी एवं अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

## परीक्षा समाप्त होते ही परिजन केन्द्रों के बाहर हुए जमा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** गैर जनपदों से पुलिस भर्ती परीक्षा देने पहुंचे परीक्षार्थियों के परिजन भी साथ आए। महिला परीक्षार्थियों के परिजन परीक्षा के समय आसपास रहकर परीक्षा समाप्त होने का इंतेजार करते रहे। जबकि परीक्षा समाप्त होते ही अभिभावक परीक्षा केन्द्रों के बाहर एकत्र हो गए। इससे वहां कुछ देर के लिए जाम की स्थिति बनने लगी, लेकिन परीक्षा सकुशल सम्पन्न कराने को थाना और यातायात पुलिस की ओर से व्यवस्था को सम्भाला गया। जाम का झाम लगने से पूर्व ही आवागमन सुचारू कराये रखा।

# डीएम ने परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण कर दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा उप निरीक्षक नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों पर सीधी भर्ती 2025 की लिखित परीक्षा की पहले दिन पहली पाली का जिलाधिकारी ने निरीक्षण किया।

शनिवार को प्रथम दिवस की प्रथम पाली में आयोजित परीक्षा केन्द्र का जिलाधिकारी डा. राजेन्द्र पैंसिया नगर के शंकर भूषण शरण जनता इण्टर कॉलेज सम्भल तथा बृजरत्न सुंदर आर्य कन्या इण्टर कॉलेज सम्भल एवं महात्मा गांधी डिग्री कॉलेज सम्भल में निरीक्षण किया। डीएम ने इस दौरान परीक्षार्थियों की उपस्थिति तथा सीसीटीवी कैमरे एवं स्ट्रांगरूम, मेडिकल कैम्प तथा परीक्षा कक्षों की जॉच की और सम्बधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व प्रदीप वर्मा तथा उप जिलाधिकारी सम्भल निधि पटेल उपस्थित रहे।

# जिला उद्यान और मुख्य पशु चिकित्साधिकारी को चेतावनी

**डीएम ने ली संतुष्ट असंतुष्ट फीडबैक समीक्षा बैठक**

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** आईजीआरएस पोर्टल की समीक्षा बैठक में विभिन्न विभागों की संतृष्ट और असंतुष्ट फीडबैक की समीक्षा में डीएम ने आईजीआरएस को लेकर गम्भीरता दिखाने के निर्देश दिए।

कलक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में आईजीआरएस विभिन्न विभागों की संतुष्ट एवं असंतुष्ट फीडबैक जानकारी लेकर जिलाधिकारी ने दिशा निर्देश देते हुए कहा कि आईजीआरएस को लेकर गम्भीरता दिखाने और अधिकारी कार्यालयो में समय से बैठकर जनसुनवाइ पर ध्यान दें। जबकि आईजीआरएस में प्रदेश में सबसे टॉप रैंक चंदौसी तहसील के रहने पर उप जिलाधिकारी चंदौसी की सरहाना की और टॉप रैंक की विशेषता के बारे में जानकारी ली। इसके अलावा शिकायत की निस्तारण की गुणवत्ता की विस्तार पूर्वक जानकारी लेकर कहा कि शिकायत को गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जाए जबकि किसी भी प्रकार की लापरवाही संज्ञान में ना आए। समान आख्या आने पर चर्चा करते हुए जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को किसी की समान आख्या आने पर संबंधित अधिकारी को प्रतिकूल प्रविष्टि जारी करने के निर्देश दिए। बैठक में जिला उद्यान अधाकारी, मुख्य पशु चिकित्सा अधाकारी को चेतावनी जारी करने का निर्देश दिये। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भटट, अपर जिलाधिकारी प्रदीप वर्मा, अपर जिलाधिकारी न्यायिक सौरव कुमार पांडेय, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. तरुण पाठक, डिप्टी कलक्टर विकास चंद्र, डिप्टी कलेक्टर निधि नीतू रानी, डिप्टी कलेक्टर रामानुज, उप जिलाधिकारी गुन्नौर अवधेश कुमार, उप जिलाधिकारी चंदौसी आशुतोष तिवारी, उप जिलाधिकारी सम्भल निधि पटेल, जिला विकास अधिकारी राम आशीष, उप कृषि निदेशक अरुण त्रिपाठी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अलका शर्मा, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डा. शेलेन्द्र सिंह आदि मौजूद रहे।



सम्भल- कलक्ट्रेट सभागार में विभागों की समीक्षा बैठक लेते जिलाधिकारी।

## मुकद्दस किताब मुकम्मल होने पर अमन की दुआ

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल** रमजान के पवित्र माह में मुकददस किताब मुकम्मल होने पर देश दुनिया और क्षेत्र में अमनो-अमान की दुआ करायी जबकि हाफिज साहब का फूल मालाएं पहनाकर स्वागत किया।

नगर के शेर खां सराय स्थित मियां मीरन शाह मस्जिद में 24 वीं तरावीह मे मुकददस किताब मुकम्मल करने के बाद नमाजियों व रोजेदारों ने फूल मालाओं से स्वागत करते हुए मुबारकबाद पेश की। रोजेदारों को सम्बोधित करते हुए हाफिज साहब ने बताया कि माहे रमजान में तरावीह मे मुकददस किताब पढ़ने और सुनने का सवाब भी आला सवाब है। इन दिनो का लोगों को खास इंतेजार रहता है। इस दौरान नातो मनकबत की महफिल सजाई गई और सभी लोगों को तर्बरूक तकसीम किया गया है। जबकि हाफिज साहब ने देश दुनिया में एकता व अमन की दुआ करायी। इस मौके पर दरगाह व मस्जिद वक्फ कमेटी के लियाकत अली खां,, य्यूर अहमद, अब्दुल जब्बार, सरफराज नवाज, तारिक मसूदी, फरजंद अली वारसी आदि ने शिरकत मौजूद रहे। इस दौरान हाफिज साहब को इनाम देकर सम्मानित किया।

# हाईटेंशन लाइन की चपेट में आकर युवक की मौत

शाह टाइम्स,संवाददाता

**बबराला।** हाईटेंशन लाइन का करंट लगने से एक युवक की मौत हो गई है। इस हादसे में मृतक के पिता और एक अन्य व्यक्तिभी झुलस गए। यह घटना निर्माणाधीन मकान का लेंटर डालते समय लोहे का गाटर हाईटेंशन लाइन से छू जाने के कारण हुई।

तहसील गुन्नौर के थाना जुनावई क्षेत्र के मैदावली गांव में अजब सिंह के मकान का लेंटर डालने का काम चल रहा था। राकेश कुमार के साथ नत्थू और उनका बेटा वीरेश भी मकान की छत पर खड़े होकर लोहे का गाटर ऊपर खींच रहे थे। इसी दौरान मकान के निकट से गुजर रही हाईटेंशन लाइन से गाटर छू गया जिससे राकेश 25 करंट से झुलसकर छत पर ही गिर गए। हादसे के बाद चीख-पुकार मच गई और मकान मालिक सहित अन्य ग्रामीण इकटठा हो गए

**गाटर बांधते लगा करंट, पिता पुत्र झुलसे अस्पताल में भर्ती**

परिजन भी मौके पर पहुंच गए गंभीर रूप से झुलसे राकेश को तुरंत एक निजी वाहन से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। जहां डाक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया अस्पताल प्रशासन ने युवक की मौत की सूचना थाना पुलिस को दी। ग्रामीणों ने बताया कि लेंटर पर लोहे का गाटर चढ़ाते समय वह बिजली के तार से छू गया जिससे राकेश की मौत हो गई। राकेश अपने पीछे पत्नी और तीन छोटे बच्चे छोड़ गए हैं। थाना प्रभारी जुनावई अखिलेश प्रधान ने बताया कि मृतक के शव का पोस्टमार्टम कराने की तैयारी की जा रही है। परिजनों की ओर से अभी कोई शिकायत नहीं मिली है।

## एक नज़र इधर भी

### जहरीले पदार्थ के सेवन से युवती की मौत, कोहराम

शाह टाइम्स,संवाददाता

**असमोली।** थाना असमौली क्षेत्र के गांव सैंदरी तेलीपुरा निवासी मौ. हुसैन की बेटी गुलनाज (24) ने शुक्रवार को पारिवारिक कलह के चलते घर में रखें किसी जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। जैसे ही युवती की हालत बिगड़ी तो परिजन ने घबरा कर युवती से पूछताछ की जहरीले पदार्थ की जानकारी मिलते ही परिजन घबरा कर आनन फानन में दिल्ली रोड स्थित एक अस्पताल ले गये। जहां पर युवती का उपचार चल रहा था। उपचार के दौरान युवती की करीब चार बजे मृत्यु हो गई। युवती कि मृत्यु की सूचना मिलते ही घर में खलबली मच गई। परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल हो गया। जिला मुरादाबाद के थाना पाकबड़ा पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया है। थाना अध्यक्ष पाकबाड़ा ने कार्रवाई करते हुए युवती के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### बबराला में तीन दिवसीय मेले का आयोजन

**बबराला ( शाह टाइम्स,संवाददाता )।** नगर में सृष्टि नववर्ष (2083) पर खेलकूद एवं मेला का आयोजन किया जा रहा है।
खेलकूद प्रतियोगिता तिथि चैत्र कृष्ण एकादशी 2082 15 मार्च 2026, (आज) रविवार प्रातः 08:30 बजे से बीआरएसबीएस डिग्री कालेज, बबराला में होगी। जबकि मेला एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम चैत्र कृष्ण त्रयोदशी, चतुर्दशी एवं अमावस्या 2082 तद्नुसार तीन दिवसीय 16,17, 18 मार्च 2026, सांय 05 बजे से योग पार्क (बस स्टेशन) राजघाट रोड, बबराला पर होगा। इसमें विशेष आकर्षण 16 मार्च को सांस्कृतिक कार्यक्रम विद्यालय के छात्र-छात्राओं एवं स्थानीय कलाकारों द्वारा किये जायेंगे। 17 मार्च को कवि सम्मेलन एवं पुरस्कार वितरण होगा। जबकि 18 मार्च को कृष्ण लीला एवं फूलों की होली होगी। नगर पंचायत बबराला के अध्यक्ष हर्षवर्धन वार्ष्णेय व अधिशासी अधिकारी अमरेश तिवारी ने बताया कि मेले का शुभारंभ 16 मार्च को शाम 6 बजे होगा।

### एतिकाफ अल्लाह की खुशी और नज़दीकी पाने का बेहतरीन तरीका

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** रमजान के आखिरी दस दिनों के आते ही मुसलमानों में इबादत के जोश के बजाय, लोगों का जोश खरीदने-बेचने में लग जाता है, जो निश्चित रूप से अफसोस की बात है। ह्यूमन केयर चैरिटेबल ट्रस्ट के संस्थापक नाजिश नसीर ने कहा कि ये दस दिन बहुत मुबारक और शानदार है ,क्योंकि इन दस दिनों में शब-ए-कद्र जैसी एक महान रात शामिल है, जिसके बारे में पवित्र मुकददस किताब में बताया गया है कि यह रात हजार महीनों से बेहतर है उन्होंने कहा कि एतिकाफ अल्लाह की खुशी और नजदीकी पाने का एक शानदार तरीका है। पैगंबर मुहम्मद सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम रमजान के आखिरी दस दिनों में इबादत के लिए खास इंतजाम करते थे। एतिकाफ रमजान के आखिरी 10 दिनों (20वें रोजे की शाम से ईद का चांद दिखने तक) की एक सुन्नत-ए-मुअक्कदा इबादत है, जिसमें अल्लाह की रजा के लिए मस्जिद में एतिकाफ किया जाता है। यह नबी करीम की पसंदीदा इबादत है, जो रूहानी सुकून, गुनाहों से तौबा, लैलतुल कद्र की तलाश और 2 हज-उमराह के बराबर सवाब का जरिया है। एतिकाफ का सबसे बड़ा मकसद लैलतुल कद्र (हजार महीनों से बेहतर रात) को पाना है। अल्लाह के करीब होनारू मोतकिफ (एतिकाफ करने वाला) दुनियावी कामों को छोड़कर अल्लाह के घर (मस्जिद) में पड़ जाता है और सीधे अल्लाह से रुजू करता है। मोतकिफ का सोना, जागना, लेटना सब इबादत में गिना जाता है। उसे उन इबादतों का भी सवाब मिलता है जो वह सामान्य तौर पर नहीं कर पाता। मुसलमानों को इन मुबारक दस दिनों में नमाज, कुरान की तिलावत, जिक्र और दुआ का खास एहतमाम करना चाहिए और अल्लाह तआला से माफी मांगनी चाहिए।

### चप्पलों व किराना दुकानों पर भीड़ और भी बढ़ी

**सम्भल ( शाह टाइम्स,ब्यूरो )।** रमज़ान माह के आखिरी जुमे अर्थात जुमा अलविदा पर के बाद बाज़ार में खरीदारी के लिए भीड़ और भी बढ़ गयी है। ी। दुकानों पर खरीदारों का जमावड़ लग गया। परचून दुकानों पर ईद के लिए मेवा और अन्य सामान की जमकर खरीदारी की गई। जबकि टोपियां और छोटे बच्चों की मनपसंद के रेडिमेड कपड़ों की खूब बिक्री हुई जूता दुकानों पर तरह-तरह के जूते और चप्पल खरीदने के लिए भीड़ लगी रही। रात को गुले गुलजार हो रहे बाजार में दुकानें देर रात तक खुलने से मख्य बाजार का नजारा कुछ और ही नजर आ रहा है। रात भर मुख्य बाज़ार में महिला और बच्चे खरीदार तरह-तरह के सामान की खरीदारी कर रहे हैं। देर रात तक मुख्य बाज़ार में खरीदारों के आवागमन से बाज़ार गुलज़ार रहे।

### हाजी राशिद के रोजा इफ्तार में दिया एकता का संदेश

**सम्भल ( शाह टाइम्स,ब्यूरो )।** नगर पालिका परिषद के ठेकेदार और समाज सेवी हाजी राशिद के रोज़ा इफ्तार में एकता का संदेश दिया गया। मौहल्ला नाला स्थित आवास पर आयोजित रोजा इफ्तार कार्यक्रम में जहां पूर्व पालिकाध्यक्ष एवं भारतीय सदभावना मंच के राष्ट्रीय संयोजक हाजी नुसरत इलाही पहुंचे वहीं आंवला विधानसभा से पूर्व प्रत्याशी साजिद खां ने भी शिरकत की। इसके अलावा चेयरपर्सन आसिया मुशीर के देवर चौ. मुदब्बिर एड. भी इफ्तार कार्यक्रम में पहुंचे। जबकि नगर पालिका परिषद के चैयरमेन पद को पूर्व प्रत्याशी अकरम पहलवान, समाज सेवी बब्बू खां, फरजंद अली वारसी, मियां असलम खां, चौधरी गुडडू, भाजपा नेता सय्यद शान अली, मेनेजर अदनान भी रोजा इफ्तार में पहुंचे। इस दौरान एकता व सौहार्द की दुआ के साथ आगामी पर्वों को साम्प्रदायिक सदभाव के साथ मनाने के साथ भाईचारा और सौहार्द बनाए रखने का संदेश दिया।

# पालकी में सवार होकर आएंगी माता रानी

शाह टाइम्स संवाददाता

**बबराला।** नवसंवत्सर का शुभारंभ चैत्र माह के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा यानी पहले नवरात्रि से होगा। इस बार चैत्र नवरात्र 19 से 27 मार्च तक रहेंगे। इस बार माता रानी पालकी में सवार होकर आएंगी और हाथी पर बैठकर प्रस्थान करेंगी। ज्योतिषाचार्य अतुल ने बताया कि पालकी में सवार होकर आने का संकेत यह है कि इस बार उतार-चढ़ाव देखने को मिलेगा। मान्यता है कि इस दौरान माता रानी दुष्टों का नाश करती हैं और पाप कर्मों का दंड देती हैं। ऐसे में इस बार मां की स्तुति व भक्ति का महत्व और भी अधिक बढ़ जाता है। फिलहाल देवी मंदिरों में विशेष धार्मिक अनुष्ठान के लिए तैयारियां शुरू हो गई हैं। नगर के सन्तोषी माता मंदिर,चामुंडा माता मंदिर,काली मंदिर, दुर्गा मंदिर, सहित अन्य मंदिरों पर नवरात्रि के लिए तैयारियां की जा रही हैं। पंडित श्याम बिहारी ने बताया कि मां दुर्गा का वाहन सिंह यानी शेर माना जाता है। मां दुर्गा शेर पर ही सवार रहती हैं लेकिन जब मां नवरात्रि में पृथ्वीलोक पर आती हैं तब उनका वाहन बदल जाता है। मां के वाहन में बदलाव दिन के वार के हिसाब से होता है। जब नवरात्रि की शुरुआत गुरुवार या शुक्रवार के दिन से शुरू होती है तो मां पालकी पर सवार होकर आती हैं। इस बार चैत्र नवरात्रि गुरुवार से शुरू हो रही है। इसलिए माता रानी इस बार पालकी पर सवार होकर आने वाली हैं।

## बदायूं से दिल्ली वाली चौराहे से गुजर जाती हैं बसें

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** बदायूं से सम्भल होकर चलने वाली रोडवेज़ बसे अडडे से न आकर सीधे निकल जाती है,जबकि बस के इंतेजार में बैठी सवारियां देखती रह जाती हैं।

बदायूं से वाया सम्भल दिल्ली जाने वाली बसों को रोडवेज बस अडडे तक आना चाहिए,लेकिन बसे चन्दौसी मुरादाबाद चौराहे से होकर गुजर जाती हैं,जबकि दिल्ली अथवा और बदायूं तक जाने वाली सवारियां घंटो इंतेज़ार कर मुंह देखती रह जाती है। परिवहन विभाग की बसें जो बदायूं से वाया सम्भल दिल्ली चलती है वह संभल बस अडडा ना आकर चंदौसी चौराहे से सीध ी चौधरी सराय होती हुई दिल्ली चली जाती हैं जिसके कारण दिल्ली जाने वाले यात्रियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। क्योंकि दोनों ही बहुत व्यस्त चौराहे हैं जिसके कारण वहां खड़ा होना भी यात्रियों के लिए बहुत मुश्किल भरा होता है।

# बांदीकुई ट्रैन के विस्तार की कवायद शुरू

**कोराना काल के दौरान संचालन कर दिया था बंद**

शाह टाइम्स,संवाददाता

**बबराला।** बरेली-बांदीकुई पैसेंजर को खातीपुर, जयपुर तक विस्तार देने की कवायद शुरू हो गई है। उत्तर पश्चिमी रेलवे ने इस संबंधा में रेलवे बोर्ड को प्रस्ताव भेजा है। खातीपुर, जयपुर तक विस्तार के दौरान इस गाड़ी को स्पीड अप भी करने का प्रस्ताव है।
कोरोना काल के दौरान 54356-55 बरेली-बांदीकुई पैसेंजर का संचालन बंद कर दिया गया था। लोगों की मांग पर पांच साल के बाद 30 जनवरी से इस गाड़ी का फिर से संचालन शुरू किया गया था। अनारक्षित श्रेणी की यह पैसेंजर गाड़ी बरेली-बांदीकुई के बीच 55 स्टेशनों पर ठहराव लेते हुए 418 किलोमीटर दूरी तय करती है। छोटे स्टेशनों के लोगों को भी रोजाना चलने वाली लंबी दूरी की इस ट्रेन का लाभ मिलता है। बरेली से जयपुर के लिए प्रतिदिन कोई ट्रेन नहीं है। ऐसे में बरेली-बांदीकुई पैसेंजर को स्पीड अप करते हुए खातीपुर, जयपुर तक विस्तार देने की रेलवे ने कवायद तेज कर दी है। क्षेत्र के लोगों वरुण शर्मा, सुरेश शर्मा, तरुण, कल्लू, आनन्द प्रकाश, अनुराग यादव,ने जल्द विस्तार की मांग की है। बबराला सहायक स्टेशन मास्टर ने बताया कि उम्मीद है कि नए वित्तीय वर्ष में इस गाड़ी के विस्तार पर स्थिति स्पष्ट हो जाएगी।



बबराला- बांदीकुंई ट्रैन के विस्तार को लेकर कार्य करते।

# नेतन्याहू के समर्थन में यज्ञ पर मौन, ईरान पर नसीहत क्यों?

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** सीओ कुलदीप कुमार के वायरल बयान तूल पकड़ता जा रहा है। जबकि इसे लेकर राजनीति भी तेज हो गयी है। विभिन्न राजनैतिक दलों के साथ आम आदमी पार्टी नेता ने भी तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है और ईद बाद मिलने पहुंचना कहा है।

आम आदमी पार्टी के प्रांतीय अध्यक्ष मौहम्मद हैदर का सोशल मीडिया पर वायरल बयान में सीओ कुलदीप कुमार के बयान पर कहा कि प्रशासन का यह रवैया न केवल दुर्भाग्यपूर्ण है बल्कि लोकतांत्रिक अधिकारों का खुला अपमान भी है। उन्होंने कहा कि जब सम्भल में कुछ लोग इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की तस्वीर लगाकर उनके समर्थन में यज्ञ कर रहे थे तब प्रशासन पूरी तरह खामोश था, लेकिन जब कुछ लोग मानवीय आधार पर ईरान के समर्थन में अपनी भावनाएं व्यक्त करते हैं तो उन्हें नसीहत दी जाती है कि वे ईरान चले जाएं। यह साफ तौर पर दोहरे मापदंड को दर्शाता है। मोहम्मद हैदर ने कहा कि भारत की सभ्यता और परंपरा हमेशा अन्याय के

**ईद बाद मिलने पहुंचेंगे आम आदमी पार्टी नेता मौ. हैदर**

खिलाफ आवाज उठाने की रही है। देश के लोग दुनिया के किसी भी कोने में हो रहे अत्याचार, युद्ध या मानवीय संकट पर अपनी राय रखते हैं और यह उनका लोकतांत्रिक अधिकार है। लेकिन अगर प्रशासन एक ही मुद्दे पर अलग-अलग पैमाने अपनाएगा तो यह लोकतंत्र की मूल भावना के खिलाफ होगा। उन्होंने कहा कि जब सम्भल में नेतन्याहू के समर्थन में कार्यक्रम आयोजित किए गए, तब प्रशासन ने न तो कानून-व्यवस्था का हवाला दिया और न ही इसे विदेशी मामलों में दखल बताया। लेकिन जब ईरान के समर्थन में लोगों ने मानवीय आधार पर अपनी भावना व्यक्त की तो उन्हें अपमानजनक तरीके से सलाह दी गई कि वे ईरान चले जाएं। यह बयान प्रशासन की निष्पक्षता पर गंभीर सवाल खड़े करता है।उन्होने कहा कि यदि सीओ सम्भल को वास्तव में नागरिकों की भावनाओं और अभिव्यक्ति से समस्या है तो वे जल्द स्वयं अपने साथियों के साथ सम्भल पहुंचकर उनसे मुलाकात करेंगे और इस मुद्दे पर सीधे जवाब मांगेंगे। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रशासनिक अधिकारी को यह अधिकार नहीं है कि वह नागरिकों की भावनाओं का इस तरह अपमान करे या उन्हें डराने-धमकाने की कोशिश करे। प्रशासन का कर्तव्य कानून का समान रूप से पालन कराना है, न कि किसी एक पक्ष को छूट देना और दूसरे पक्ष को निशाना बनाना। जबकि भारत एक लोकतांत्रिक देश है और यहां हर नागरिक को अन्याय, दादागीरी और निर्दोष लोगों पर हो रहे अत्याचार के खिलाफ आवाज उठाने का संवैधानिक अधिकार है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि प्रशासन इस तरह के दोहरे मापदंड अपनाता रहा तो आम आदमी पार्टी लोकतांत्रिक तरीके से जनता की आवाज बुलंद करती रहेगी और किसी भी अधिकारी को संविधान और लोकतंत्र से ऊपर नहीं माना जाएगा।

## छेड़छाड़ का विरोध करने पर भाई को मारा चाकू, आरोपी गिरफ्तार

शाह टाइम्स संवाददाता

**नई दिल्ली।** दिल्ली के उत्तर-पश्चिमी जिला पुलिस के मॉडल टाउन थाने के स्टाफ ने हत्या के प्रयास' मामले को सुलझाकर एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी महिला के साथ छेड़छाड़ करता था और जब उसने और उसके परिवार ने विरोध किया तो उसने चाकू से हमला कर दिया। दिल्ली की उत्तर-पश्चिमी जिला पुलिस उपायुक्त आकांक्षा यादव ने बताया कि एक महिला शिकायतकर्ता ने बताया कि उसका पड़ोसी श्याम सुंदर उर्फ श्यामलाल (19) पिछले कुछ समय से उसे परेशान कर रहा था। जब भी वह वहां से गुजरती थी, तो वह अश्लील इशारे करता था। महिला ने उसे ऐसी हरकतों से बाज आने की चेतावनी दी और कहा कि अगर वह नहीं माना, तो वह अपने पति और भाई से उसकी शिकायत करेगी।

**खोया-पाया**

**मेरा हाईस्कूल का मुख्य पूरक अंकपत्र/सनद वर्ष 2014 अनुक्रमांक 0961880 वास्तव में कहीं खो गया है।**

**हंसमुखी रानी पुत्री नन्हेसिंह निवासी ग्राम बारीपुर भमरौआ तह. व जिला सम्भल।**

**सम्बंध विच्छेद**

मेरे पुत्र अब्दुल मतीन का चाल चलन अच्छा नहीं है। वह मेरा कहना नहीं मानता है। मेरे साथ आमादा फसाद रहता है। इसलिए मैने अपने पुत्र से अपने सम्बंध विच्छेद कर लिए हैं और अपनी चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। अब मेरा या मेरे परिवार का कोई ताल्लुक वास्ता अब्दुल मतीन से नहीं है। उसके किसी कृत्य वह का स्वयं जिम्मेदार होगा।

**मौ. यामीन पुत्र अब्दुल अजिज**
नि. 46 नवाबपुरा,थाना रायसत्ती सम्भल।

# दरोगा भर्ती परीक्षा के दौरान डीएम और एसएसपी ने परीक्षा केंद्रों का किया निरीक्षण, व्यवस्थाओं का लिया जायजा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** उत्तर प्रदेश पुलिस में उपनिरीक्षक व समकक्ष पदों की सीधी भर्ती परीक्षा2026 को निष्पक्ष, पारदर्शी और सकुशल संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद नजर आया। शनिवार को जिलाधिकारी अनुज कुमार और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल ने जनपद के विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।निरीक्षण के दौरान दोनों अधिकारियों ने परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा व्यवस्था, अभ्यर्थियों की प्रवेश प्रक्रिया और सीसीटीवी निगरानी व्यवस्था को बारीकी से परखा। उन्होंने केंद्रों पर तैनात पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों से परीक्षा संबंधी तैयारियों की जानकारी ली तथा उन्हें पूरी सतर्कता के साथ ड्यूटी निभाने के निर्देश दिए। साथ ही यह भी सुनिश्चित किया गया कि परीक्षा केंद्रों पर किसी प्रकार की अव्यवस्था न हो और अभ्यर्थियों को प्रवेश के दौरान किसी तरह की परेशानी का सामना न करना पड़े।जिलाधिकारी अनुज कुमार ने कहा कि भर्ती परीक्षा को पूर्ण पारदर्शिता और निष्पक्षता के साथ संपन्न कराना प्रशासन की प्राथमिकता है। इसके लिए सभी परीक्षा केंद्रों पर पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था की गई है और सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से लगातार निगरानी रखी जा रही है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि परीक्षा के दौरान किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।



वहीं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल ने बताया कि परीक्षा केंद्रों के बाहर और आसपास पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया गया है। संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखने के लिए पुलिस टीमों को भी सक्रिय रखा गया है।

ताकि परीक्षा शांतिपूर्ण और सुरक्षित माहौल में संपन्न हो सके।जिला प्रशासन के इस सघन निरीक्षण से परीक्षा केंद्रों पर व्यवस्थाएं दुरुस्त नजर आईं और अभ्यर्थियों ने शांतिपूर्ण वातावरण में परीक्षा दी। प्रशासन ने स्पष्ट किया कि परीक्षा को सकुशल और निष्पक्ष रूप से संपन्न कराने के लिए लगातार निगरानी रखी जा रही है।

## बच्चों के विवाद में बड़ों को पीट कर किया घायल

**बिलारी।** कोतवाली क्षेत्र के गांव धर्मपुर कलां में बच्चों के विवाद में बड़ों को पीटकर घायल कर दिया। इस मामले में मुकदमा दर्ज कराया गया है।

धर्मपुर कलां की रजनी पत्नी जयशंकर ने मुकदमा दर्ज कराया कग 13 मार्च को शाम करीब 6 बजे उसका 8 साल का बेटा अतुल घर के बाहर खेल रहा था। तभी पड़ोस के रहने वाले सतीश पुत्र रामचरन ने उसे थप्पड़ मार दिया। जब उसकी सास रामा ने सतीश से शिकायत की तो सतीश और उसके भाई सोनू,मोनू व रामचरण ने उनकी सास के साथ मारपीट कर दी। इसके अलावा रिकी को भी बुरी तरह से पीटा। उसकी सास रामा के सिर में गंभीर चोटें आई। जिससे वह बेहोश हो गई, बाद में वह गाली गलौज करके जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। तहरीर के बाद पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया।

## एक नजर

### रोजा इफ्तार का हुआ आयोजन



**बिलारी।** क्षेत्र के मुंडिया राजा गांव में शुक्रवार को रमजान के पाक महीने में रोजा इफ्तार का आयोजन किया गया। गांव की मस्जिद के इमाम मौलाना फरीद रजा कादरी की मौजूदगी में आयोजित इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोगों ने शिरकत की। इस मौके पर हाजी हसमत अली, मसीत हुसैन, शराफत हुसैन, इरशाद हुसैन, दिलशाद हुसैन, अनीस मलिक, यासीन मलिक, सगीर मलिक, समीर मलिक, सलमान मलिक, वसीम मलिक, शमशाद हुसैन, फहीम हुसैन, अशरफ अली सलमानी, दिलावर सलमानी, शोयब इदरीसी, सफीक इदरीसी आदि की ओर से रोजा इफ्तार का आयोजन किया गया।

इफ्तार से पहले सभी ने मिलकर मुल्क और कौम की तरक्की तथा अमन–चौन और भाईचारे के लिए दुआएं कीं। इफ्तार कार्यक्रम में गांव के काफी लोगों ने हिस्सा लिया और आपसी सौहार्द का संदेश दिया।

### बिलारी के सरकारी अस्पताल में रखे ट्रांसफार्मर में लगी भीषण आग



बिलारी। नगर में सरक.ारी अस्पताल परिसर में रखे ट्रांसफार्मर में शनिवार दोपहर को अचानक भीषण आग लग गई। जानकारी के अनुसार ट्रांसफार्मर में तेल लीकेज होने के कारण आग भड़क उठी। अस्पताल के आवास में रह रहे लोगों का कहना है कि इस ट्रांसफार्मर में महीने में कम से कम 3ख्र4 बार खराबी या आग लगने की घटना हो चुकी है, जिससे लोगों में बिजली विभाग के प्रति नाराजगी भी देखी जा रही है।

### दुर्घटना में हुई मौत के मामले में बाइक चालक पर मुकदमा

**बिलारी।** क्षेत्र के गांव रुस्तम नगर सहसपुर में बाइक चालक द्वारा ग्रामीण को टक्कर मार दी,इलाज के लिए दिल्ली ले जाया जा रहा था जहां उनकी इलाज के दौरान मौत हो गई। इस मामले में तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। रुस्तमनगर सहसपुर के शमशेर पुत्र मोहम्मद दीन ने मुकदमा दर्ज कराया कि उसके चाचा अल्लाह बख्श पुत्र रहीम बक्स 11 मार्च को बाजार करके घर वापस जा रहे थे।

तभी आयशा मस्जिद के पास एक स्प्लेंडर बाइक ने उनके चाचा को टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। उनको गंभीर हालत में इलाज करने के लिए दिल्ली के सफदरगंज अस्पताल ले गए। जहां 13 मार्च की सुबह 10:30 बजे उनके इलाज के दौरान मौत हो गई। इस मामले में तहरीर के बाद पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है।

### बिलारी में किशोरियों को सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए टीकाकरण की तैयारी



**बिलारी।** बिलारी नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में शनिवार को स्वास्थ्य कर्मियों को एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में चिकित्सा अधीक्षक ने बताया कि आगामी 18 मार्च को 14 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुकी किशोरियों को सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए टीका लगाया जाएगा। चिकित्सा अधीक्षक ने बताया कि यह टीकाकरण साम.दायिक स्वास्थ्य केंद्र पर ही सुबह 9:00 से दोपहर 2:00 तक किया जाएगा। उन्होंने बताया कि यदि किसी किशोरी को कोई बीमारी या अन्य समस्या है, तो उसे टीका नहीं लगाया जाएगा। इस अभियान को सफल बनाने के लिए आशा वर्कर, आशासंगिनी और अन्य स्वास्थ्य कर्मियों को भी क्षेत्र में प्रचार प्रसार के लिए निर्देशित किया गया है।

## जॉयन्ट्स ग्रुप शाखा ने लगाया निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर, 150 से अधिक मरीजों की जांच



**चन्दौसी।** जायन्ट्स ग्रुप ऑफ महिला शक्ति, जायन्ट्स ग्रुप आफ चंदौसी, वूमेन पावर, वूमेन प्राइड, वूमेन एरा ने सीता आश्रम स्थित कृष्ण कुंज धर्मशाला में निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किया गया। जिसमें गाजियाबाद से मैक्स हॉस्पिटल के डॉक्टर अमित कुमार एमबीबीएस, एम एस ऑर्थोपेडिक्स डॉ रवि शर्मा एमबीबीएस, डीएनबी ने सभी मरीजों की हड्डियों, सामान्य रोग, ब्लड शुगर, आरबीएस, रक्तचाप बीपी, बीएमडी की जांच कर परामर्श दिया। मुख्य अतिथि सेंट्रल कमेटी मेंबर डॉक्टर सुधा चौधरी, पास्ट फेडरेशन प्रेसिडेंट पदमा भार्गव, आईपीपी किशन अवतार, चीफ प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर अनु रस्तोगी, यूनिट डायरेक्टर क्षमा अग्रवाल, कोऑर्डिनेटर सुभाष रूस्तगी, फेडरेशन ऑफिसर शुभा कागजी ग्रुप अध्यक्ष इंदु अग्रवाल, डीओए मीना वार्ष्णेय, डीओएफ रेखा रस्तोगी, नीलम कागजी, प्रतिभा अग्रवाल, अंजू अग्रवाल, सीमा, रीता, अलका, पूनम, सीमा वार्ष्णेय रानी अग्रवाल आदि उपस्थित रहे।

## परामर्श केन्द्र में 10 परिवारों को मिलाया

चन्दौसी/बहजोई। पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार बिश्नोई की निर्देशन में तथा क्षेत्राधिकारी बहजोई डॉ प्रदीप कुमार सिंह के निर्देश अनुसार चलाए जा रहे पुलिस परिवार परामर्श सुलह समझौता केंद्र में शानिवार को पुलिस लाइन मंडी समिति बहजोई में नियमित काउंसलिंग परामर्श केंद्र प्रभारी डा रुकमपाल सिंह की देखरेख में आपसी विवादों को खत्म करके परिवारों को मिलाया गया। परामर्श केंद्र प्रभारी डॉ0 रुकमपाल सिंह के द्वारा काउंसलर्स के सहयोग से सुलह समझौते के आधार पर निस्तारित करने का प्रयास किया गया। कुल 73 पत्रावलियो को सुनकर 29 पत्रावलियों का निस्तारण किया गया, तो वहीं 10 परिवारों को मिलाया गया 15 पत्रावलियों पर आवेदक द्वारा बल न देने के कारण बंद किया गया तथा 04 पत्रावली में विधिक कार्यवाही करने की संस्तुति की गई। इस दौरान काउंसलर लव मोहन वार्ष्णेय, अरोरा, श्वेता गुप्ता, सीमा आर्य, बबीता शर्मा, कंचन माहेश्वरी तथा कांस्टेबल शहजाद मलिक महिला हेड कांस्टेबल रश्मि गहलोत आदि उपस्थित रहे।

## रक्तदान और नेत्रदान पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन

**चन्दौसी।** विश्व रोटैरेक्ट सप्ताह के शुभ अवसर पर रोटैरेक्ट चंदौसी ऑप्टोमेट्री ने शनिवार को रोटरी सुंदरलाल नेत्र चिकित्सालय के कॉलेज ऑफ ऑप्टोमेट्री में रक्तदान और नेत्रदान पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया, जिसमें ऑप्टोमेट्री कॉलेज के छात्र–छात्राओं ने प्रतिभाग किया । विजेताओं में तस्मिया,गुडिघ्या और उनेजा रहे। क्लब अध्यक्ष रो0 उदित गौर ने बताया कि पोस्टर प्रतियोगिता का उद्देश्य स्वैच्छिक रक्तदान को प्रोत्साहित करना है । यह पोस्टर प्रतियोगिता कल्याण और परोपकार की भावना को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित किया गया। विश्व रोटैरेक्ट सप्ताह के अवसर पर केक काटकर खुशियां मनाई गई। कार्यक्रम को सफल बनाने में नवीन जायसवाल, अंशिका रस्तोगी, शुवि वार्ष्णेय, अवधेश यादव आदि का सहयोग रहा।

## कड़ी सुरक्षा के बीच पहले दिन संपन्न हुई दरोगा भर्ती परीक्षा, जनपद में आज भी आयोजित होगी परीक्षा

**मुरादाबाद।** उत्तर प्रदेश पुलिस उपनिरीक्षक दरा.ेगा भर्ती की लिखित परीक्षा शनिवार से जिले में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच शुरू हो गई। पहले दिन महानगर के विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर शांतिपूर्ण माहौल में परीक्षा संपन्न हुई। प्रशासन की ओर से सभी परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए थे।जिले में इस परीक्षा के लिए कुल 28 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। शनिवार और रविवार को आयोजित होने वाली इस भर्ती परीक्षा में कुल 45 हजार 160 अभ्यर्थी शामिल होंगे। परीक्षा दो दिनों तक शनिवार और रविवार को दो–दो पालियों में आयोजित की जा रही है। इनमें 19 परीक्षा केंद्रों पर प्रत्येक पाली में 480 अभ्यर्थियों के बैठने की व्यवस्था की गई है, जबकि 9 केंद्रों पर प्रत्येक पाली में 240 अभ्यर्थियों के लिए सीटें निर्धारित की गई हैं।निष्पक्ष और पारदर्शी परीक्षा सुनिश्चित करने के लिए सभी परीक्षा केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरों से लगातार निगरानी की जा रही है। इसके साथ ही केंद्रों के अंदर और बाहर पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया गया है। पिछली परीक्षाओं में सॉल्वर गैंग के पकड़े जाने की घटनाओं को देखते हुए इस बार प्रशासन ने विशेष सतर्कता बरती है। संदिग्ध गति.



विधियों पर नजर रखने के लिए एसटीएफ की टीमें भी सक्रिय हैं और परीक्षा से जुड़े हर पहलू पर पैनी निगाह रखी जा रही है।परीक्षार्थियों की बड़ी संख्या को देखते हुए शहर की यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए भी विशेष इंतजाम किए गए हैं। शहर के प्रमुख चौराहों और मार्गों पर अतिरिक्त पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई है, ताकि परीक्षा के दौरान और बाद में यातायात प्रभावित न हो।जिलाधिकारी अनुज कुमार और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल ने भी विभिन्न परीक्षा केंद्रों और सीसीटीवी मॉनिटरिंग कंट्रोल रूम का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि परीक्षा को पूरी पारदर्शिता और निष्पक्षता के साथ संपन्न कराया जाए तथा किसी भी तरह की लापरवाही न बरती जाए। प्रशासन के मुताबिक रविवार को भी इसी तरह कड़ी सुरक्षा के बीच परीक्षा आयोजित की जाएगी।

## जनपद न्यायालय में हुआ राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन

### अपर न्यायाधीश एडीजे अवधेश कुमार सिंह ने कहा लोक अदालत में मिलता सुलभ न्याय, लोक अदालत में मौजूद रहे समस्त अधिकारी व कर्मचारीगण

**चन्दौसी।** जनपद न्यायालय सम्भल स्थित चन्दौसी में शनिवार को लोक अदालत का आयोजन किया गया। जहां पिछले 15 दिनों से कार्यक्रम का व्यापक रूप से प्रचार–प्रसार किया जा रहा था। जिला न्यायाधीश डॉ विदुषी सिंह एवं अपर जनपद न्यायाधीश पॉस्को एक्ट नोडल अधिकारी अवधेश कुमार सिंह एवं समस्त न्यायाधीशों की उपस्थिति में दीप प्रज्जवलित कर लोक अदालत का शुभारम्भ सुबह 10 बजे किया गया। जहां जनपद सम्भल की सभी बैंकों एवं प्राइवेट फाइनेंस कम्पनियों ने अपने–अपने स्टाल लगाकर कार्य शुरू किया गया। न्यायालय के मुख्य द्वारा पर एसबीआई जनपद सम्भल के सभी ब्रांचों के प्रबन्धक एवं फील्ड ऑफिसर मौजूद रहे। सीनियर प्रबन्धक संदीप कुमार, ब्रांच मैनेजर प्रशान्त उपाध्याय, रामपुर ब्रांच से प्रवेश कुमार, गुन्नौर ब्रांच से विवेक कुमार, अमित कुमार, पंवासा ब्रांच से पवन कुमार आदि रहे। वहीं राष्ट्रीय लोक अदालत के नोडल अधिकारी पॉस्को एक्ट अवधेश कुमार सिंह ने कहा कि पीडिघ्त के लिए राष्ट्रीय






लोक अदालत सुलभ एवं सस्ता न्याय है।

क्योंकि इसका निर्णय अतिंम निर्णय होता है, जिसकी अपील नहीं होती है। साथ ही इस न्यायालय में राष्ट्रीय लोक अदालत में बैंकों से ऋण सम्बन्धित, विद्युत चोरी, टैक्स, चालान, महिला सुलह समझौता आदि प्रकार के सभी वादों का निस्तारण किया जाता है। वहीं ऋण लेने वाले लोग आपसी समझौता के माध्यम से अपने वादों को समाप्त कर सकते हैं। वहीं नोडल अधिकारी द्वारा बताया कि न्यायालय परिसर के अन्दर जिन बैंक वालों व फाइनेंस कम्पनियों ने अपने–अपने स्टाल लगाये थे उन सभी स्टालों पर जाकर एडीजी अवधेश कुमार सिंह द्वारा निरीक्षण किया गया। साथ ही कहा कि राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से अधिक से अधिक वादों का निस्तारण करें। साथ ही चालान सम्बन्धित मामले भी न्यूनतम राशि जमा करके निस्तारण कराया गया। राष्ट्रीय लोक अदालत में जनपद न्यायाधीश डॉ विदुषी सिंह, मचला अग्रवाल प्रधान न्यायाधीश, परिवार न्यायालय, आरती फौजदार अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश, रागिनी विशेष न्यायाधीश (एससी/एसटी अत्याचार निवारण अधिनियम), अवधेश कुमार सिंह अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश (पॉक्सो अधिनियम), दीपक कुमार जैसवाल मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, पराग यादव सिविल जज (सीनियर डिवीजन), आदित्य सिंह सिविल जज (सीनियर डिवीजन), नवेद अख्तर सिविल जज (जूनियर डिवीजन), ललित कुमार सिविल जज (जूनियर डिवीजन), वंदना सिंह द्वितीय अपर सिविल जज (जूनियर डिवीजन) सहित समस्त बैंक अधिकारी सुशील नगौरी, एसडी शर्मा, जसवन्त यादव, जनपद सम्भल के 15 ब्रांच मैनेजर, कोर्ट अधिकारीगण, कर्मचारीगण व पुलिस कर्मचारी भी मौजूद रहे।

## निविदा संशोधन सूचना

दिनांक 3 मार्च 2026 के **''दैनिक शाह टाइम्स''** के अंक में प्रकाशित ग्राम पंचायत राघूवाला विकास खण्ड ठाकुरद्वारा (मुरादाबाद) की अल्पकालीन निविदा सूचना में टैण्डर खुलने की दिनांक त्रुटिवश दिनांक 08.03.2026 प्रकाशित हो गई थी, अब यह निविदा दिनांक 24.03.2026 तक आमंत्रित है और उसी दिन खोली जायेगी। शेष पूर्ववत् रहेगा।

**ग्राम सचिव/ग्राम प्रधान**
**राघूवाला**
**वि०खं० ठाकुरद्वारा, मुरादाबाद।**

## थाना दिवस में आयी सात शिकायतें, 2 का निस्तारण

**चन्दौसी।** शनिवार को कोतवाली परिसर में समाधान दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें प्रभारी निरीक्षक अनुज तोमर ने फरियादियों की समस्याएं गंभीरता से सुनीं। समाधान दिवस में क्षेत्र के विभिन्न गांवों और मोहल्लों से आए लोगों ने जमीन विवाद, रास्ते की समस्या, आपसी झगड़े और अन्य मामलों से संबंधित शिकायतें दर्ज कराईं। समाधान दिवस में कुल 6 शिकायतें दर्ज कराई गयी। जिसमें एक मामला कैथल मजरा रामनगर प्लाट को लेकर था वहीं दूसरा मामला सैंजनी का आया जिसमें दो गाटा संख्याओं में दोनों पक्षा अपना–अपना स्वामित्व बता रहे थे। वहीं तीसरा मामला सुभाष चन्द्र शर्मा उर्फ मुन्ना गुरू द्वारा लाया जिसमें घर के सामने अवैध रूप से जारत बनाने की शिकायत की गई थी। फरियादी के अनुसार उसने पहले भी तहसील दिवस व थाना दिवस में दर्ज करायी थी। जिस पर उपजिलाधिकारी द्वारा यूनिट बनाकर हटाने की बात कही थी। फिलहाल फरियादी शानिवार को पहुंचा और प्रभारी निरीक्षक चन्दौसी द्वारा पुलिस बल उपलब्ध कराने की बात कही। यहां बताते चले कि शानिवार को थाना समाधान दिवस के साथ जनपद सम्भल में लोक अदालत का भी आयोजन था जिस कारण अधिकांश पुलिस बल वहां मौजूद था। कुल 6 शिकायतें दर्ज कराई गयी जिसमें इंस्पेक्टर चन्दौसी द्वारा दो शिकायतों का निस्तारण कर दिया वहीं कुछ को अगली तिथि दी गई। यहां बताते चले कि समाधान दिवस में सबसे कम शिकायतें आती हैं। शिकायतों का आंकड़ा दो से चार तक सीमित तक रहता है। काफी समय बाद चन्दौसी कोतवाली में आयोजित समाधान दिवस में सबसे अधिक शिकायतें आयी। जिसमें अधिकांश शिकायते जमीने को लेकर थी। प्रभारी निरीक्षक चन्दौसी द्वारा आयी शिकायतों को गंभीरता से लेकर गुणवत्तापूर्वक निस्तारण की बात कही। समाधान दिवस में लेखपाल अतुल पाठक, शहर लेखपाल दानवीर सिंह, कानूनगो बाबूराम, अनुराधा शर्मा आदि रहे।



## नमाज के बाद मारपीट मामले में चार घायल, 22 पर रिपोर्ट दर्ज

**कुंदरकी।** मैनाठेर थाना क्षेत्र के एक गांव में जुमा की नमाज के बाद मस्जिद से बाहर निकल रहे युवकों पर घात लगाए बैठे लोगों ने हमला कर दिया। आरोप है कि हमलावरों ने लाठी–डंडों, ईंट–पत्थरों और लोहे की रॉड से मारपीट की जिससे चार युवक घायल हो गए। जानकारी के अनुसार शुक्रवार करीब 1:30 बजे गांव के नजारूल, वसीम, जुनैद और मौ. कैफ मस्जिद से जुमा की नमाज पढ़कर बाहर निकल रहे थे। जैसे ही वे गेट के पास पहुंचे तभी पहले से घात लगाए बैठे कुछ लोग अचानक निकल आए और गाली–गलौज करते हुए उन पर हमला कर दिया। आरोप है कि हमलावरों के हाथों में लोहे की रॉड, लाठी–डंडे और ईंट–पत्थर थे जिनसे उन्होंने चारों युवकों को घेरकर मारपीट की। हमले में नजारूल, वसीम, जुनैद और मौ. कैफ को चोटें आईं। शोर सुनकर गांव के कुछ लोग मौके पर पहुंच गए और बीच–बचाव कर किसी तरह घायलों को बचाया। आरोप है कि जाते समय हमलावर जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। पीड़ित पक्ष का कहना है कि हमलावरों से पहले से रंजिश चली आ रही है। वहीं घटना के बाद घायलों का उपचार कराया गया और बाद में पीड़ित ने थाने पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराने की मांग की। पुलिस ने शिकायत के आधार पर 22 नामजद समेत पांच अज्ञात पर रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू करदी है।

### कार्यालय ग्राम पंचायत मुधावा खालसा वि0खं0 छजलैट, मुरादाबाद

पत्रांक / पराvि/निर्माण कार्य/2025-26 — दिनांक 14/03/2026

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

ग्राम पंचायत मुधावा खालसा विकासखंड छजलैट की ग्राम सभा की आयोजित बैठक में पारित कार्य योजना के सापेक्ष पंचम राज्य वित्त/पन्द्रहवां वित्त/ मनरेगा योजना अंतर्गत निम्न कार्य ग्राम पंचायत द्वारा जनहित में कराए जाने हैं इच्छुक पंजीकरण ठेकेदार दिनांक 15.03.2026 को 2:00 तक अपनी अपनी निविदाएं अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में अपने पंजीकरण प्रमाण पत्र/ व्यापार कर विभाग मे पंजीकरण प्रमाण पत्र की छाया प्रति सहित नियम अनुसार जमानत राशि के साथ एफ0डी0आर0 आदि संलग्न करते हुए अपनी-अपनी निविदाएं अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में जमा कर सकते है। निविदा को बिना कारण बताएं निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी के निहित होगा। निविदायक ग्राम पंचायत मुख्यालय पर दिनांक 18.03.2026 को 3:30 बजे खोली जाएगी।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | कार्य की संख्या/नग/माप | कार्य की अनुमानित लागत (रू.लाख में) | निविदा मूल्य | जमानत राशि | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | मैन रोड से उदित के घर तक नाली, मिट्टी एवं सीसी टाईल्स निर्माण कार्य | – | 2,07,310 | 300 | 2% | 06 माह |

प्रतिबन्ध / शर्ते- 1:- आयकर व्यापार कर नियमानुसार देय होगा । ठेकेदारों को आयकर एवं व्यापारकर एवं जी0एस0टी0 / टिन नंबर सहित निविदा प्रपत्र देना होगा ।2:- निविदा अधोहस्ताक्षरी के समक्ष खोली जाएगी ।3:- कोई भी निविदा सशर्त स्वीकार नहीं की जायेगी।

ग्राम प्रधान / सचिव, ग्राम पंचायत मुधावा खालसा वि0खं0 छजलैट, मुरादाबाद

### हेतु संदर्शित करने की सूचना

**( साधारण प्रारूप )**
**न्यायालय लघुवाद न्यायाधीश महोदय, जनपद मुरादाबाद**
**निष्पादन वाद संख्या:** 60/2025
**तारीख पेशी:** 17.03.2026
**मनीष कुमार आदि प्रति चौधरी दूध भण्डार।**
**बनाम**

चौधरी दूध भण्डार द्वारा धमेन्द्र आयु लगभग 35 वर्ष पुत्र महावीर किरायेदार दुकान स्थित चन्द नगर निकट मन्दिर होरी सिंह शहर व जिला मुरादाबाद। **निर्णीतऋणी।**

चूंकि उपर्रिनामांकित वादी डिक्री दारान इस न्यायालय में यह ओवदन किया है कि सम्बन्धित लघुवाद संख्या 33/2010 में माननीय न्यायालय द्वारा पारित डिक्री के अनुसार वादग्रस्त दुकान का कब्जा व दखल दिलाया जाकर देय किराया व हर्जा इस्तेमाल दिलाये जाने की कृपा की जाये। अतएव आपको एतदद्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप आवेदन के खिलाफ हेतु संदर्शित करने के लिए दिनांक 17.03.2026 को 11 बजे पूर्वान्ह अथवा बन्धक रूपये अनुदिष्ट अपने नियुक्त अधिवक्ता द्वारा उपरनाम हो यदि ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय रूप में सुना जायेगा। मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित आज दिनांक 13.03.2026 को निकाली गई।

**प्रबंधक**
**न्यायालय लघुवाद न्यायाधीश**
**जनपद-मुरादाबाद।**

### हेतु संदर्शित करने की सूचना

**( साधारण प्रारूप )**
**न्यायालय लघुवाद न्यायाधीश महोदय, जिला मुरादाबाद।**
**निष्पादन वाद संख्या:** 61/2025
**तारीख पेशी:** 17.03.2026
**मनीष कुमार आदि प्रति गोयल दूध भण्डार।**
**बनाम**

गोयल दूध भण्डार द्वारा अनिल कुमार आयु लगभग 40 वर्ष पुत्र मोहन किरायेदार दुकान स्थित चन्द नगर निकट मन्दिर होरी सिंह शहर व जिला मुरादाबाद।**...निर्णीतऋणी**

चूंकि उपर्रिनामांकित वादी डिक्री दारान इस न्यायालय में यह ओवदन किया है कि सम्बन्धित लघुवाद संख्या 34/2010 में माननीय न्यायालय द्वारा पारित डिक्री के अनुसार वादग्रस्त दुकान का कब्जा व दखल दिलाया जाकर देय किराया व हर्जा इस्तेमाल दिलाये जाने की कृपा की जाये। अतएव आपको एतदद्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप आवेदन के खिलाफ हेतु संदर्शित करने के लिए दिनांक 17.03.2026 को 11 बजे पूर्वान्ह अथवा बन्धक रूपये अनुदिष्ट अपने नियुक्त अधिवक्ता द्वारा उपरनाम हो यदि ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय रूप में सुना जायेगा। मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित आज दिनांक 13.03.2026 को निकाली गई।

**प्रबंधक**
**न्यायालय लघुवाद न्यायाधीश**
**जनपद-मुरादाबाद।**

### सम्मन वास्ते करारदार उमूर तनकीह तलब (आर्डर 5 कायदा 1 व 5)

**न्यायालय श्रीमान सिविल ( सी०डि० ),महोदय, मुरादाबाद।**
**उत्तराधिकार वाद सं.:-371/2025**
**तारीख पेशी:** 18.03. 2026
**प्रभात कुमार बनाम जनता आम आदि।**
**बनाम**

1. जनता आम, 2. प्रशांत शर्मा पुत्र अनिल कुमार शर्मा मौहल्ला महाजनान बिलारी, मुरादाबाद, 3. प्रगति शर्मा पत्नी मनीकांत निवासी ग्राम सिंहपुर संभल। हरगाह **वादी** ने आपके नाम एक एवं नालिश बावत के दायर की है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि तारीख 18 माह 03 सन् 2026 बवक्त 10 बजे दिन के असालतान या मार्फत के जो उमूर अहम मुताल्लिके मुकदमे का जवाब दे सके या जिसके पास कोई और शख्स जो जवाब ऐसे सवालात का दे सके, हाजिर हो और जवाब देही दावे की करे और आपको वाजिव है कि उसी रोज जुमला दस्तावेज पेश करें जिन्हें अपनी जवाब देही में इस्तेमाल करना चाहते है। आपको इत्तिला दी जाती है कि आप अगर बरोज मजकूर हाजिर न होंगे तो मुकदमा बगैर हाजिर आपके मन्सूख और फैसला होगा।

दस्तख्त मेरे व मोहर आज बतारीख 13 के माह 03 सन् 2026 को जारी किया है।

**अहलमद**
**न्यायालय सिविल जज ( सी०डि० )**
**जनपद-मुरादाबाद।**

# टीएमयू के दीक्षांत समारोह में जेपी नड्डा को मानद उपाधि, छह हजार डिग्री वितरित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** स्वास्थ्य एवम् परिवार कल्याण और रसायन एवम् उर्वरक मंत्रालय के कैबिनेट मंत्री जेपी नड्डा टीएमयू को ज्ञान का केन्द्र बताते हुए बोले, तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी देश की उत्कृष्ट यूनिवर्सिटीज में एक है। शिक्षा, चिकित्सा और इन्नोवेशन के क्षेत्र में टीएमयू बड़ा काम कर रही है। उन्होंने टीएमयू की बड़ी उपलब्धियों को गिनाते हुए कहा, 17 हजार से अधिक स्टुडेंट्स, 150 डिसिप्लिन्स में 60 प्रतिशत से अधिक डिसिप्लिन मेडिकल और उसके एलायंस क्षेत्रों से होना अपने आपमें बड़ी बात है। एक छत के नीचे ही मल्टी डिसिप्लिनरी शिक्षा प्रदान करने के लिए टीएमयू को साधुवाद देता हूं। 75 करोड़ रुपए की धनराशि बतौर स्कॉरलिश देना टीएमयू का शिक्षा के प्रति समर्पण को दिखाता है। टीएमयू स्टुडेंट्स को एकेडमिक एक्सीलेंस के संग-संग सामाजिक बोध और लीडरशिप के गुर भी प्रदान करती है। श्री नड्डा तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के दीक्षांत समारोह- 2026 में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। इससे पूर्व मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलन के संग दीक्षांत समारोह का शंखनाद हुआ। दीक्षांत समारोह-2026 में एग्जिक्यूटिव डायरेक्टर श्री अक्षत जैन ने भावी योजनाओं के तहत तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी में जल्द कैंसर हॉस्पिटल खुलने का ऐलान किया। समारोह में स्वास्थ्य एवम् परिवार कल्याण के कैबिनेट मंत्री श्री जेपी नड्डा और पदमश्री श्रीमती मालिनी अवस्थी को डी. लिट. की मानद उपाधि से विभूषित किया गया। इस ऐतिहासिक पल के यूपी के उप मुख्यमंत्री एवम् चिकित्सा शिक्षा और परिवार कल्याण मंत्री श्री ब्रजेश पाठक, यूपी के वित्त एवम् संसदीय कार्य मंत्री श्री सुरेश कुमार खन्ना, निवर्तमान प्रदेश अध्यक्ष चौधरी भूपेन्द्र सिंह, यूपी के मंत्री श्रीमती गुलाब देवी, श्री बलदेव सिंह औलख, कुलाधिपति श्री सुरेश जैन, जीवीसी श्री मनीष जैन आदि साक्षी बने। समारोह में फर्स्ट लेडी श्रीमती वीना जैन, श्रीमती ऋचा जैन, श्रीमती जहान्वी जैन, सुश्री नंदिनी जैन की भी उल्लेखनीय मौजूदगी रही। समारोह में मेहमानों ने 6,041 डिग्रियां वितरित कीं। 36 रिसर्च स्कॉलर्स पीएचडी तो 108 गोल्ड, 105



रजत और 98 ब्रांज मेडल्स से स्टुडेंट्स अलंकृत हुए। कुलाधिपति श्री सुरेश जैन, जीवीसी श्री मनीष जैन, ईडी श्री अक्षत जैन, टीएमयू परिवार के वरिष्ठ सदस्य श्री अमित जैन ने मुख्य अतिथि समेत सभी मेहमानों को बुके, शाल, स्मृति चिन्ह और पोर्ट्रेट देकर सम्मानित किया। मुख्य अतिथि ने समारोह में अति आधुनिक इंक्यूबेशन सेंटर, टिंकर्स लैब और बाहुबली जिम का वर्चुअली शुभारम्भ किया। समारोह में टीएमयू के पूर्व विजिटर श्री अरविंद गोयल, एमएलसी डॉ. जयपाल सिंह व्यस्त, शहर एमएलए श्री रितेश गुप्ता, एमएलसी श्री हरि सिंह ढिल्लो, विधायक श्री रामवीर सिंह, मेयर श्री विनोद अग्रवाल, जिला पंचायत अध्यक्षा डॉ. शैफाली चौहान, डॉ. विशेष गुप्ता, श्री वीर सिंह आदि की भी गरिमामयी मौजूदगी रही। कुलपति प्रो. वीके जैन ने यूनिवर्सिटी की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की तो सीओई डॉ. प्रदीप अग्रवाल ने डिग्री वितरण से पूर्व कुलाधिपति से स्क्रॉल पर हस्ताक्षर कराए। ज्वाइंट रजिस्ट्रार डॉ. वैभव रस्तोगी ने शैक्षणिक शोभायात्रा का नेतृत्व किया। डीन एकेडमिक्स प्रो. मंजुला जैन और डॉ. माधव शर्मा ने बारी-बारी से समारोह का संचालन किया। कुलाधिपति सुरेश जैन ने यह शेर सुनाकर समारोह में मौजूद हजारों स्टुडेंट्स की हौसलाफजाई की- रास्ते खुद बन जाते हैं, चलने वालों के लिए... मंजिले इंतजार करती हैं, मेहनत करने वालों के लिए...। साथ ही उन्होंने यह भी ताकीद किया, यदि कभी जाने-अनजाने गलती हो जाए तो जीवन में इस कथन को क्रियान्वित कर लें। किसी को माफ कर दिया मैंने... किसी से मांग ली माफी...। यहीं तरक्की का मूल मंत्र है। एग्जिक्यूटिव डायरेक्टर श्री अक्षत जैन ने कहा, यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के डिजिटल इंडिया के ड्रीम को टीएमयू जल्द ही साकार करेगी। यूनिवर्सिटी में पेपरलेस वर्किंग कल्चर होगा। स्टुडेंट्स की एंट्री से लेकर एग्जिट तक सबकुछ डिजिटल हो जाएगा। वोट ऑफ थैंक्स के दौरान अपने जोशीले संबोधन में श्री जैन ने अंत में अपने संकल्पों पर जोर देते हुए कहा, बेहतर से बेहतर की तलाश करो, मिल जाए नदी तो समुन्दर की तलाश करो। यूं तो पत्थर तोड़ देता है शीशे को, जो पत्थर को तोड़ सके ऐसा हीरा तलाश करो। समारोह की सफलता का श्रेय उन्होंने सभी को दिया।

## पदमश्री मालिनी अवस्थी ने गीतों से किया ऊर्जा का संचार

**मुरादाबाद।** जानी-मानी लोकगायिका एवम् पदमश्री श्रीमती मालिनी अवस्थी ने यह कहते हुए गीत प्रस्तुत किया, मैं शैक्षणिक संस्थानों में अक्सर यही गीत गुनगुनाती हूं। चूंकि मैं तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी के कैंपस में हूं, इसीलिए जिओ और जीने दो पर केंद्रित गीत सुनाती हूं-खुद जीओ और औरों को भी जीने दो, यही तो है जिंदगी का रास्ता, तुम्हें अमन और शांति का वास्ता यही तो है जिंदगी का रास्ता...चांसलर श्री सुरेश जैन के विनम्र आग्रह पर उन्होंने अपनी बेहद लोकप्रिय कजरी अवधी-भोजपुरी की चंद पक्तियां भी गुनगुनाईं। बोलीं, जब आप यूनिवर्सिटी में मेरा शो करोगे तो यह कजरी पूरा सुनाऊंगी। कुलाधिपति ने आश्वस्त किया, आपको जल्द ही आमंत्रण मिलेगा। सैंया मिले लरकइयां मैं का करूं बारह बरस की मैं ब्याह कर आई सैंया चले पलबइयां मैं का करूं सैंया मिले लरकइयां मैं का करूं..।

## एक नजर

### विद्यालयों की साफ-सफाई में लापरवाही नहीं होगी बर्दाश्त, डीएम-एसडीएम ने जारी किए कड़े निर्देश

**बिलारी।** जनपद के ग्रामीण क्षेत्रों में संचालित राजकीय विद्यालयों की साफ-सफाई व्यवस्था को लेकर प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया है। जिलाधिकारी और उप जिलाधिकारी बिलारी की ओर से जारी निर्देशों में स्पष्ट किया गया है कि जिन विद्यालयों में सफाई कर्मियों की व्यवस्था नहीं है, वहां ग्राम पंचायत स्तर से सफाई व्यवस्था सुनिश्चित कराई जाए। यह कदम विद्यालय परिसरों की स्वच्छता बनाए रखने और विद्यार्थियों के स्वास्थ्य पर पड़ने वाले प्रतिकूल प्रभाव को रोकने के उद्देश्य से उठाया गया है। जिलाधिकारी कार्यालय से जारी आदेश के अनुसार, जनपद के ग्रामीण क्षेत्रों में संचालित 48 राजकीय विद्यालय ऐसे चिन्हित किए गए हैं, जहां नियमित सफाई कर्मी उपलब्ध नहीं हैं। इस कारण विद्यालयों और उनके परिसरों की समुचित साफ-सफाई में कठिनाइयां आ रही हैं। आदेश में कहा गया है कि प्रत्येक शनिवार को संबंधित विद्यालय एवं उसके परिसर की साफ-सफाई कराने के लिए ग्राम पंचायत के सफाई कर्मियों को निर्देशित किया जाए, ताकि विद्यालय का वातावरण स्वच्छ और व्यवस्थित बना रहे। इसी क्रम में उप जिलाधिकारी बिलारी विनय कुमार सिंह ने खंड विकास अधिकारी बिलारी और कुंदरकी को पत्र जारी कर निर्देश दिए हैं कि तहसील बिलारी क्षेत्रांतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में संचालित राजकीय विद्यालयों में रोस्टर के अनुसार प्रत्येक शनिवार को सफाई कार्य सुनिश्चित कराया जाए। साथ ही सफाई कर्मियों के नाम और मोबाइल नंबर सहित रोस्टर की छायाप्रति कार्यालय को उपलब्ध कराने तथा संबंधित विद्यालयों के प्रधानाचार्यों को भी इसकी जानकारी देने को कहा गया है। पत्र में यह भी उल्लेख किया गया है कि राजकीय इंटर कॉलेज नगलिया जट,के प्रधानाचार्य रघुपति देव ने अवगत कराया था कि उनके विद्यालय में सफाई कर्मी उपस्थित नहीं हो रहे हैं, जिससे साफ-सफाई व्यवस्था प्रभावित हो रही है। इस शिकायत को गंभीरता से लेते हुए प्रशासन ने दोबारा निर्देश जारी कर प्रभावी अनुपालन सुनिश्चित करने को कहा है। प्रशासनिक आदेशों से स्पष्ट है कि अब विद्यालयों की साफ-सफाई में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और जिम्मेदार अधिकारियों से त्वरित कार्रवाई की अपेक्षा की गई है।

### राष्ट्रीय लोक अदालत के अंतर्गत 902 वादों का ग्रामीण न्यायालय में निस्तारण कर 11 हजार 90 जुर्माना वसूला



**कांठ ( शाह टाइम्स )।** राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन आज कांठ के ग्रामीण न्यायालय में किया गया। जिसमें पुलिस एक्ट, जुआ अधिनियम, आवकारी एक्ट आदि कुल मिलाकर 944 मुकदमे निस्तारण के लिए लगाए गए थे। इनमें पुलिस एक्ट के 879, जुआ अधिनियम के 2 आवकारी के 21 कुल मिलाकर 902 वादों का निस्तारण कर दिया गया। पुलिस एक्ट से 8790 रुपए जुआ अधिनियम से 100 आवकारी से 2200 कुल 11090 रूपए जुर्माना भी वसूला गया। ग्रामीण न्यायालय के न्यायाधिकारी कुंवर सूर्य सेन सिंह ने बताया कि इस तरह के लोक अदालतों के माध्यम से लोगों को चल रहे मुकदमों की भाग दौड़ से निजाद मिल जाती है। वादकारियों ने भी राष्ट्रीय लोक अदालत को आम जनता के लिए अच्छा कदम बताया। इस मामले को लेकर ग्रामीण न्यायालय में काफी भीड़ रही।

### थाना समाधान दिवस में चंद लोगों ने दर्ज कराई समस्याएं

**कांठ( शाह टाइम्स )** थाना समाधान दिवस का आयोजन आज छजलैट और काठ थाने में किया गया जिसमें पहुंचे चंद लोगों ने अपनी शिकायतें दर्ज कराई समाधान दिवस अधिकारी ने उनका निस्तारण जल्द कराए जाने के निर्देश दिए। बतादे की परंपरा के मुताबिक माह के दो शनिवार को थाना समाधान दिवस का आयोजन किया जाता है लेकिन इनमें ज्यादा लोग अपनी शिकायतें दर्ज नहीं करा पाते कभी दो या कभी चार शिकायत लोगों की दर्ज होती हैं जिनका निस्तारण समय अनुसार होता है जबकि तहसील समाधान दिवस में दर्ज कराई गई शिकायतों के निस्तारण का भी समय निर्धारित होता है।



इस कारण लोग ज्यादातर तहसील में जाकर ही अपनी शिकायत दर्ज कराते हैं लेकिन चल रही परंपरा के अनुसार आज भी थाना समाधान दिवस आयोजित हुआ इस मौके पर लेखपाल कानून गो आदि मौजूद रहे।

### अवैध मजार पर चला बाबा का बुलडोजर

**चन्दौसी।** पिछले दस वर्ष पूर्व अवैध रूप से सुभाष शर्मा उर्फ मुन्ना गुरू के मकान के रास्ते पर अवैध रूप से मजार को बना लिया गया। इतना ही नहीं उस मजार पर लगी ईटों को हरे रंग से रंग दिया गया। मकान मालिक द्वारा पिछले एक वर्ष से तहसील दिवस व थाना दिवस में अवैध रूप से बनी मजार को हटाने के लिए लगातार फरियाद की गई लेकिन किन्हीं कारण वश मजार को हटाया नहीं जा सका। छह दिन पूर्व शनिवार को समाधान दिवस में मुन्ना गुरू अपने बेटे के साथ फरियाद लेकर पहुंचे और उन्होंने सड़के बराबर में बनी मकान व मजार के फोटो दिखाये। आखिर एसडीएम आशुतोष तिवारी द्वारा राजस्व विभाग व पुलिस की टीम बनाकर अवैध मजार को हटाने के आदेश दिये गये। 14 मार्च को थाना समाधान दिवस के उपरान्त लगभग 4 बजे जेसीबी व पुलिस बल, राजस्व विभाग के कानूनगो बाबूराम, हल्का लेखपाल दानवीर सिंह व अन्य राजस्व कर्मी जेसीबी लेकर मौके पर पहुंचे और अवैध रूप से बनी मजार को जमीदोश किया गया। मकान मालिक का कहना था कि आज उनकी समस्या का सम्पूर्ण समाधान हुआ है। जिसके लिए उन्होंने एसडीएम को बधाई दी।

## निरीक्षण के दौरान मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी के सामने खोला विकास शर्मा ने शिकायतों का पिटारा

**कांठ ( शाह टाइम्स )** समाजसेवी विकास शर्मा ने आज मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी के समक्ष शिकायतों का पिटारा खोल दिया उन्होंने बताया कि मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी मुरादाबाद सुनील दत्त आज सादकपुर खिचड़ी गौशाला में पहुंचे जहां पर विकास शर्मा ने गौशाला में बीमार एवं गर्भवती गायों के लिए अलग से केटल सेड की व्यवस्था कराने की मांग उठाई उन्होंने कहा कि रायपुर खुर्द की गौशाला में दो केटल सेड की मांग पहले की जा चुकी है जिनमें गर्भवती बीमार एवं छोटे बच्चों को रखा जा सके सरकार ने सभी गौशाला में सीसीटीवी कैमरे लगाए हैं जिससे उच्च अधिकारी गौशाला की व्यवस्था का निरीक्षण कर सके लेकिन इसके बावजूद भी गौशालाओं में जरूरत के सारे सामान मौजूद नहीं है। हरा चारा आदि कई तरह की अव्यवस्थाएं लगातार देखी जा रही हैं इस मौके पर पशु चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर आदित्य गोयल पशुधन प्रसार अधिकारी बाबूराम सिंह केयरटेकर आदि उपस्थित रहे।



## खड़ी कार में पिकअप ने मारी टक्कर कोई हताहत नही



**कांठ( शाह टाइम्स )** सड़क किनारे खड़ी कार में पिकअप ने टक्कर मार दी जिससे कार में काफी नुकसान हुआ गनीमत रही की इसमें कोई हताहत नहीं हुआ है। तहसील गेट के पास एक कार सड़क किनारे खड़ी हुई थी तभी कांठ की ओर से आ रही पिकअप ने उसमें पीछे से टक्कर मार दी। पीछे से टक्कर लगने के कारण कार सड़क किनारे खड़े खंबे में टकरा गई जिससे कार के आगे और पीछे दोनों तरफ नुकसान हो गया पिकअप चालक का कहना था कि अचानक उसके सामने आए युवक को बचाने के चक्कर में यह दुर्घटना हुई है। बताया गया कि कार वहीं निर्माण करा रहे किसी ठेकेदार की थी। समाचार लिखे जाने तक दोनों पक्षो के बीच बातचीत चल रही थी।

# गैस सिलेंडर के लिए सुबह से उमड़ी भारी भीड़



सुरजननगर चौकी क्षेत्र में शनिवार की सुबह गैस सिलेंडर को लेकर अफरा-तफरी का माहौल देखने को मिला। आलम यह रहा कि सुरजननगर चौकी क्षेत्र के अंतर्गत स्थित राजा भारत गैस एजेंसी पर सुबह 6 बजे से ही ग्रामीणों का तांता लग गया। एजेंसी खुलने के निर्धारित समय से घंटों पहले खाली सिलेंडर लेकर पहुंचे लोगों की भीड़ के कारण स्थिति तनावपूर्ण हो गई, जिसे देखते हुए एजेंसी संचालक को पुलिस प्रशासन की मदद लेनी पड़ी।आमतौर पर गैस एजेंसी खुलने का समय सुबह 9 बजे होता है लेकिन वर्तमान स्थितियों और किल्लत की अफवाहों के चलते ग्रामीण सुबह 6 बजे ही कतारों में लग गए। देखते ही देखते एजेंसी के मुख्य गेट पर काफी संख्या में लोग जमा हो गए। भीड़ के कारण मुख्य मार्ग पर भी आवाजाही प्रभावित होने लगी और हंगामे जैसी स्थिति पैदा हो गई।एजेंसी संचालक राजा रनजीत सिंह ने बताया कि गैस की कोई कमी नहीं है और स्टॉक पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है। उन्होंने स्पष्ट किया कि कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा गैस की कमी की भ्रामक खबरें फैलाई गई हैं जिस कारण ग्रामीण घबराकर इतनी जल्दी पहुंच गए। राजा रनजीत सिंह के अनुसार असामाजिक तत्वों ने बेवजह भीड़ जुटाकर अव्यवस्था फैलाने की कोशिश की जिसके बाद सुरक्षा और शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए स्थानीय प्रशासन को सूचित करना अनिवार्य हो गया।सूचना मिलते ही चौकी प्रभारी ओमकार सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने उग्र हो रही भीड़ को शांत कराया और लोगों को कतारबद्ध किया। चौकी प्रभारी ने ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि गैस की कोई किल्लत नहीं है और प्रत्येक उपभोक्ता को सिलेंडर उपलब्ध कराया जाएगा। उन्होंने सख्त लहजे में कहा कि किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न दें और शांति बनाए रखें। कानून व्यवस्था को हाथ में लेने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।फिलहाल पुलिस की निगरानी में सिलेंडर का वितरण शांतिपूर्वक चल रहा है। प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि वे धैर्य रखें और निर्धारित समय पर ही एजेंसी पहुंचें।

एजेंसी संचालक राजा रन जीत सिंह ने ग्रामीणों से कहा की गैस की कोई कमी नहीं है, प्रतिदिन दो गाड़ियां आ रही हैं। अफवाहों पर ध्यान न दें सभी को पर्याप्त गैस मिलेगी

# कालाबाजारी नहीं होने देंगे व्यापारी, गैस और ईंधन की आपूर्ति सामान्यः संयुक्त व्यापार मंडल

**मुरादाबाद।** शहर के बर्तन बाजार स्थित प्रदेश महामंत्री विपिन गुप्ता के कार्यालय पर उत्तर प्रदेश संयुक्त व्यापार मंडल की एक अहम बैठक आयोजित की गई, जिसमें जिले के व्यापारियों ने आवश्यक वस्तुओं की उपलब्धता और उपभोक्ताओं को राहत देने के मुद्दे पर चर्चा की। बैठक में व्यापारियों ने प्रशासन को आश्वस्त किया कि किसी भी स्थिति में गैस या अन्य ईंधन की कालाबाजारी नहीं होने दी जाएगी।बैठक की अध्यक्षता करते हुए व्यापार मंडल के अध्यक्ष अरविंद अग्रवाल 'जॉनी' ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर युद्ध जैसी परिस्थितियों की खबरों के कारण लोगों में कई तरह की आशंकाएं पैदा हो रही हैं, लेकिन उत्तर प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में आवश्यक ईंधन की आपूर्ति पूरी तरह सामान्य है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में सीएनजी, पीएनजी, पेट्रोल, डीजल और केरोसिन सहित सभी जरूरी ईंधन की पर्याप्त उपलब्धता बनी हुई है। उन्होंने जिले के सभी व्यापारियों से अपील करते हुए कहा कि जो व्यापारी इन वस्तुओं की बिक्री करते हैं, वह उपभोक्ताओं को किसी भी प्रकार की अनावश्यक परेशानी न दें और निर्धारित दरों पर ही सामान उपलब्ध कराएं। उन्होंने कहा कि व्यापारियों की जिम्मेदारी है कि वह समाज के प्रति अपनी नैतिक जिम्मेदारी निभाएं और किसी भी तरह की कालाबाजारी या मुनाफाखोरी से दूर रहें।प्रदेश महामंत्री विपिन गुप्ता ने भी उपभोक्ताओं से अफवाहों पर ध्यान न देने और घबराने से बचने की अपील की। उन्होंने कहा कि सामान्य रूप से एक घरेलू गैस सिलेंडर करीब 25 दिन तक चलता है, इसलिए लोग अनावश्यक रूप से अतिरिक्त सिलेंडर लेने या घबराने की बजाय संयम रखें। उन्होंने यह भी कहा कि यदि कोई व्यापारी तय कीमत से अधिक पैसे मांगता है या उपभोक्ताओं को परेशान करता है मुरादाबाद के जिलाधिकारी अनुज सिंह की टीम लगातार आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति और कीमतों की निगरानी कर रही है।

ताकि आम जनता को किसी भी प्रकार की दिक्कत न हो।बैठक में सुनील अग्रवाल, सुधीर कंसल, मोहित अग्रवाल, हरिओम गुप्ता, मनीष बेरी, मोहित खन्ना, अभिषेक गुप्ता सहित कई व्यापारी नेता और सदस्य मौजूद रहे। सभी ने एक स्वर में कहा कि व्यापारी समाज जनता के हितों की रक्षा के लिए प्रशासन के साथ मिलकर काम करता रहेगा।

# आईएफटीएम विश्वविद्यालय में शौर्य-2026 का आगाज, खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम

**मुरादाबाद।** आईएफटीएम विश्वविद्यालय में चल रहे स्टाफ वर्ग के एनुअल स्पोर्ट्स मीट शौर्य-2026 में क्रिकेट, बैडमिंटन और टेबलटेनिस के खिलाड़ियों ने सेमीफाइनल में जगह बनाने के लिए पूरा दमखम दिखाया। कुलसचिव डॉ. संजीव अग्रवाल ने खिलाड़ियों को सफलता की शुभकामनाएं दीं। क्रिकेट में शंकर भवन की टीम ने स्कूल ऑफ बायोटेक्नोलॉजी, स्कूल ऑफ एग्रीकल्चरल साइंसेज एंड इंजीनियरिंग की संयुक्त टीम को 109 रनों से शिकस्त दी। स्कूल ऑफ एजुकेशन एंड ह्यूमैनिटीज, स्कूल लॉ की संयुक्त टीम ने फार्मेसी की संयुक्त टीम को 6 रन से हराया। यूनिवर्सिटी पॉलिटेक्निक की टीम ने स्कूल ऑफ बिजनेस मैनेजमेंट, स्कूल ऑफ कंप्यूटर साइंस एंड एप्लिकेशंस की संयुक्त टीम को 54 रन से करारी शिकस्त दी। बैडमिंटन में स्कूल ऑफ बिजनेस मैनेजमेंट, स्कूल ऑफ कंप्यूटर साइंस एंड एप्लिकेशंस की संयुक्त टीम ने यूनिवर्सिटी पॉलिटेक्निक को हराया। स्कूल ऑफ साइंसेज ने स्कूल ऑफ एजुकेशन एंड ह्यूमैनिटीज, स्कूल ऑफ लॉ की संयुक्त टीम को हार का रास्ता दिखाया।

## आरएसडी अकादमी पब्लिक स्कूल में नई बास्केटबॉल कोर्ट का हुआ शुभारंभ

**मुरादाबाद।** महानगर के रामगंगा विहार स्थित आरएसडी अकादमी पब्लिक स्कूल में आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित नई बास्केटबॉल कोर्ट का भव्य शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में एक गरिमामय कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें आरएसडी समूह के सम्मानित सदस्यों, विद्यालय प्रबंधन, शिक्षकों और विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।कार्यक्रम के दौरान अतिथियों ने फीता काटकर नई बास्केटबॉल कोर्ट का उद्घाटन किया। उद्घाटन के साथ ही पूरे परिसर में उत्साह का माहौल देखने को मिला। विद्यालय प्रबंधन ने बताया कि छात्रों में खेल प्रतिभा को प्रोत्साहित करने और उन्हें बेहतर खेल सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से इस नई कोर्ट का निर्माण कराया गया है।उद्घाटन के बाद उपस्थित अतिथियों और शिक्षकों ने कोर्ट का निरीक्षण किया और इसकी आधुनिक व्यवस्था की सराहना की। कई विद्यार्थियों ने नई कोर्ट पर बास्केटबॉल खेलकर अपनी खुशी जाहिर की। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय परिवार ने अतिथियों का आभार व्यक्त किया और भविष्य में भी छात्रों के हित में ऐसी सुविधाएं विकसित करने का संकल्प दो. हराया।कार्यक्रम के अंत में सभी ने इस नई खेल सुविधा को विद्यालय के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया और उम्मीद जताई कि इससे छात्रों की खेल प्रतिभा को नया आयाम मिलेगा।

**हेतु संदर्शित करने की सूचना**
**( साधारण प्रारूप )**
**न्यायालय अपर सिविल जज ( सी. डि. ) कोर्ट न० 1, मुरादाबाद।**
**विभिन्न वाद संख्या:** 377/2024
**तारीख पेशी:** 01.04.2026
**रविकान्त भटनागर आदि**
**प्रति श्री समीर सहाय आदि।**
**बनाम**
1. श्री समीर सहाय पुत्र स्व० श्री इन्द्र सहाय, 2. श्रीमति सुमन लता पत्नी श्री इन्द्र सहाय निवासीगण मौहल्ला बाजार तहसील बिलारी जिला मुरादाबाद। चूंकि उपर्रिनामांकित प्रार्थी ने इस न्यायालय में यह आवेदन किया है कि अतएंव आपको एतदद्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप आवेदन के खिलाफ हेतु संदर्शित करने के लिये 2026 के 04 वे 01वे दिवस अर्थात दिनॉक 01.04.2026 को दिन के 11:00 बजे पूर्वान्ह अथवा अपने अधिवक्ता द्वारा उपस्थित हो यदि ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय रूपसे सुना जायेगा। मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित आज दिनाँक 13.03. 2026 को जारी किया गया।
**प्रबन्धक**
**अपर सिविल जज**
**( सी0डि0 ) प्रथम मुरादाबाद।**

**खोया-पाया सूचना**
मेरा हाई स्कूल वर्ष 2003 अनुक्रमांक 0521635 एवं इण्टर मीडिएट वर्ष 2005 अनुक्रमांक 0284407 के अंक पत्र और प्रमाण पत्र वास्तव में कहीं खो गए है। **विशाल सक्सैना पुत्र वीरेन्द्र प्रकाश निवासी- मोहल्ला फतेहउल्लागंज मनिहारान ठाकुरद्वारा मुरादाबाद।**

सम्मन वास्ते उमूर करारदात उमूर तनकीह तलब ( आर्डर 5 कायदा 1 व 5 )
**न्यायालय अपर सिविल जज ( सी. डि. ) कोर्ट न० 1, मुरादाबाद।**
**मूलवाद सं०** 381 सन् 2015
**तारीख पेशी:** 03.04.2026
**प्रमोद कुमार शर्मा आदि**
**प्रति बशीर खाँ आदि।**
**बनाम**
1. बशीर खाँ पुत्र लाल खाँ निवासी मौहल्ला ठाकुरान बिलारी जिला मुरादाबाद (मृतक), 1/1. श्री नसरूददीन, 1/2. श्री कमरूददीन, 1/3. श्रीमति फात्मा, 1/4. श्रीमति मीरो पुत्रगण स्व० श्री बशीर खाँ पुत्रियां स्व० श्री बशीर खाँ। उपरोक्त वादीगण ने आपके विरूद्ध उपरोक्त वाद बाबत स्थाई निषेधाज्ञा संस्थित किया है। आपको इस न्यायालय की तारीख दिनॉक 03.04.2026 को दिन के 11 बजे दावे का उत्तर देने के लिये हाजिर होने के लिये सम्मन किया जाता है आप न्यायालय में उपरोक्त तिथि पर स्वंय या किसी प्लीडर द्वारा उपसंजात हो सकते है जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद से सम्बन्धित सभी सारवान प्रश्नो का उत्तर दे सके या जिसके साथ ऐसा कोई व्यक्ति हो जो ऐसे सब प्रश्नो का उत्तर दे सके आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि आप उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन दाखिल करे और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे व शक्ति में हो उन्हे पेश करे जिन पर आपकी प्रतिरक्षा आधारित है, आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपरोक्त तिथि पर इस न्यायालय में हाजिर नही हुये तो वाद की सुनवाई और उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा, आज दिनाँक 13.03.2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया है।
**प्रबन्धक**
**अपर सिविल जज**
**( सी0डि0 ) प्रथम मुरादाबाद।**

**न्यायालय श्रीमान सिविल जज ( सी०डि० )/एफ०टी०सी० महोदय, जनपद-मुरादाबाद।**
**मूलवाद सं०:** 656/2023
**तारीख पेशी:** 25.03.2026
**कार्तिक वर्मा आदि बनाम चन्द्र प्रकाश आदि।**
1. कार्तिक वर्मा आयु लगभग 16 वर्ष, 2. मुदित वर्मा आयु लगभग 09 वर्ष पुत्रगण स्व. संजय वर्मा दोनो नाबालिगान द्वारा अपनी नैसर्गिक संरक्षिका सगी माता श्रीमती गंगा वर्मा आयु लगभग 42 वर्ष पुत्री श्री गिर्राज किशोर वर्मा निवासी फ्लैट नं. 143, सोम बाजार रोड, मार्डन गार्डन उत्तम नगर, न्यू दिल्ली-110059-वादीगण।
**बनाम**
2. दीपक वर्मा आयु लगभग 50 वर्ष पुत्र स्व. गोवर्धन दास वर्मा निवासी मकान नं0 74, परसादी लाल रोड, चौक ताड़ीखाना, जिला मुरादाबाद, 3. मुन्नो देवी आयु लगभग 70 वर्ष पत्नी महेश चन्द निवासी सेक्टर 4, पार्क के पास, बुद्व विहार, दिल्ली रोड, मुरादाबाद- **प्रतिवादीगण।** हरगाह वादी ने आपके नाम एक नालिश बावत के दायर की है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारीख 25 माह 03 सन् 2026 को समय प्रातः 10:00 दिन के असालतान या मॉर्फत वकील के जो उमूर अहमद मुताल्लिके मुकदमें का जवाब दे सके या जिसके पास कोई और शख्स जो जवाब ऐसे सवालात का दे सके, हाजिर हो और जवाब देही दावे को करे और आपको वाजिव है कि उसी रोज जुमला दस्तावेज पेश करें जिन पर आप बताइये अपनी जवाब देही के इस्तेमाल करना चाहते हों।
आपको इत्तला दी जाती है कि अगर बरोज मजकूर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा बगैर हाजिरी आपको मनसूआ और फैसला होगा। दरख्वास्त मेरे दस्तखत और मोहर अदालत के आज बतारीख 12 माह 03 सन् 2026 ई० जारी की गई।
**प्रबंधक**
**न्यायालय सिविल जज**
**( सी०डि० )/एफ०टी०सी०**
**जनपद-मुरादाबाद।**

**कार्यालय नगर पालिका परिषद, बिलारी ( मुरादाबाद )**
पत्रांक: मीमो/ न0पा0परि0बि0 / 2025-26 दिनांक-13/03/2026
**अल्पकालीन निविदा सूचना**
नगर पालिका परिषद बिलारी जनपद मुरादाबाद में मौहल्ला बाजार, सीमानगर में स्थिति कान्हा गौशाला में संरक्षित गोवंश के भरण पोषण (शासकीय मद) के लिए वित्तीय वर्ष 2026-27 में (01 अप्रैल 2026 से 31 मार्च 2027) पशु खाद्य सामग्री की आपूर्ति प्राप्त की जानी है। खाद्य सामग्री की आपूर्ति हेतु सील बंद निविदा नगर पालिका पालिका परिषद बिलारी कार्यालय पर दिनांक- 30/03/2026 सांय 03:00 बजे तक आमंत्रित की जाती हैं। निविदा दिनांक- 30/03/2026 को दिन के 04:00 बजे खोली जाएंगी। निविदा दाता द्वारा अपने निविदा के साथ रूपये 25000/- रू0 (पच्चीस हजार रूपये) एफ0डी0आर0 जो अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद बिलारी के नाम बंधक होगा जमा कराना अनिवार्य होगा। इच्छुक व्यक्ति / सप्लायर / विक्रेता /ठेकेदार सील बंद निविदा दरें कार्यालय नगर पालिका परिषद बिलारी में निर्धारित अवधि में जमा कर सकते हैं। निविदा के साथ आवश्यक दस्तावेज पेन कार्ड, आधार कार्ड, जी0एस0टी0 पंजीकरण की छायाप्रति संलग्न करना अनिवार्य होगा।

| क्रसं० | गौआश्रय स्थल का नाम | भूसे की मात्रा कुन्तल में तथा दर | हरे चारे की दर | चौकर दर/किलो ग्राम | साइलेज दर/किलो ग्राम |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | कान्हा गौशाला नगर पालिका परषिद, बिलारी | वर्ष (01 अप्रैल 2026 से 31 मार्च 2027 तक) पशु के मांग अनुसार मय ढुलाई भाड़ा व गोदाम में भरना | वर्ष (01 अप्रैल 2026 से 31 मार्च 2027 तक) पशु के मांग अनुसार मय ढुलाई भाड़ा व उतराई | वर्ष (01 अप्रैल 2026 से 31 मार्च 2027 तक) पशु गणना अनुसार मय ढुलाई भाड़ा | वर्ष (01 अप्रैल 2026 से 31 मार्च 2027 तक) कि०ग्रा० मय ढुलाई भाड़ा व उतराई आवश्यकता अनुसार |

उपरोक्त गौआश्रय स्थल पर (01 अप्रैल 2026 से 31 मार्च 2027 तक) वर्ष भर भूसा/चौकर/हरा चारा / साइलेज आपूति के इच्छुक ठेकेदार नगर पालिका परिषद बिलारी कार्यालय पर सीलबन्द मोहर लिफाफा निविदा नियत तिथि तक प्रस्तुत कर सकते हैं। निविदा एक वर्ष के लिए अनुमान्य रहेगी। सामग्री को गुणवत्ता के अनुसार ही स्वीकार किया जायेगा। आपूर्ति सन्तोषजनक न होने तथा आपूर्ति ससमय न होने की स्थिति में जमानत धनराशि जब्त कर ली जायेगी।
**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद, बिलारी, मुरादाबाद**

**शाह टाइम्स**
स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं दीपक काम्पलैक्स, पारकर कॉलेज रोड, मुरादाबाद से प्रकाशित।
**सम्पादक**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0591-2313314
मुख्यालय:
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UPHIN/2003/10263
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# द्रविड़, बिन्नी व मिताली को मिलेगा लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार

**● बीसीसीआई ने 'नमन पुरस्कारों 'की घोषणा की, इसके तहत अंतर्राष्ट्रीय व घरेलू क्रिकेट मे उल्लेखनीय योगदान देने वाले क्रिकेटरों को सम्मानित किया जाएगा**







**मुंबई, वार्ता।** भारतीय क्रिकेट में बेहतरीन योगदान देने वाले रोजर बिन्नी, राहुल द्रविड़ और मिताली राज को रविवार को 'नमन पुरस्कारों' के तहत भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के सर्वोच्च सम्मान 'कर्नल सीके नायडू लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड' से सम्मानित किया जाएगा। बीसीसीआईआई ने आज 'नमन पुरस्कारों' की घोषणा की। इसके तहत अंतर्राष्ट्रीय और घरेलू क्रिकेट में उल्लेखनीय योगदान देने वाले क्रिकेटरों को सम्मानित किया जाएगा। बिन्नी ने 27 टेस्ट और 72 एकदिवसीय मैच खेले हैं। वे 1983 में विश्व कप जीतने वाली भारतीय टीम का हिस्सा थे और उस टूर्नामेंट में सबसे अधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज थे। यह टूर्नामेंट भारतीय क्रिकेट के भविष्य को बदलने वाला साबित हुआ था। वे 1985 में 'वर्ल्ड चैंपियनशिप ऑफ क्रिकेट' जीतने वाली भारतीय टीम का भी हिस्सा थे। बाद में उन्होंने भारत की अंडर-19 टीम के कोच के तौर पर भी काम किया, जिसने साल 2000 में विश्व कप जीता था। इसके बाद वे राष्ट्रीय पुरुष टीम के चयनकर्ता भी बने। उन्होंने बीसीसीआई के अध्यक्ष के तौर पर भी अपनी सेवाएं दी हैं। द्रविड़ ने अपने शानदार करियर में कुल 509 अंतर्राष्ट्रीय मैच खेले, जिसमें उन्होंने 24 हजार से अधिक रन बनाए और 400 से अधिक कैच लपके। उनकी कप्तानी में भारत ने साल 2007 में इंग्लैंड में ऐतिहासिक टेस्ट सीरीज जीती थी। बाद में उन्होंने पुरुष अंडर-19 टीम, 'इंडिया ए' और राष्ट्रीय पुरुष टीम के कोच के तौर पर भी काम किया। राष्ट्रीय पुरुष टीम ने साल 2024 में टी-20 विश्व कप जीता था। मिताली राज ने भारत के लिए सभी प्रारुपों में कुल 333 मैच खेले हैं। वे दुनिया की पहली महिला क्रिकेटर बनीं, जिन्होंने 10 हजार से अधिक रन बनाए हैं। उनकी कप्तानी में भारतीय टीम दो बार विश्वकप के फाइनल तक पहुंची थी। इस दौरान भारत के टेस्ट और एकदिवसीय कप्तान शुभमन गिल को 'क्रिकेटर ऑफ द ईयर' पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। 'क्रिकेटर ऑफ द ईयर' पुरस्कार को 'पॉली उमरीगर क्रिकेट ऑफ द ईयर' अवॉर्ड भी कहा जाता है। वहीं, महिला वर्ग में स्मृति मंधाना को उनके करियर में पांचवीं बार सर्वश्रेष्ठ महिला क्रिकेटर ऑफ द ईयर का सम्मान मिलेगा।

विजेताओं की पूरी सूची इस प्रकार है :-

पॉली उमरीगर अवॉर्ड: 2024-25 के सर्वश्रेष्ठ अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेटर (पुरुष) शुभमन गिल। 2024-25 की सर्वश्रेष्ठ अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेटर (महिला) मंधाना। वनडे अंतर्राष्ट्रीय मैचों में सर्वाधिक विकेट 2024-25 (महिला) दीप्ति वनडे अंतर्राष्ट्रीय मैचों में सर्वाधिक रन बनाने वाली खिलाड़ी 2024-25 (महिला) मंधाना। 2024-25 में सर्वश्रेष्ठ अंतर्राष्ट्रीय डेब्यू (महिला) एन श्री चरणी। 2024-25 में सर्वश्रेष्ठ अंतर्राष्ट्रीय डेब्यू (पुरुष) हर्षित। 2024-25 के बीसीसीआई घरेलू टूर्नामेंटों में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन - मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन। 2023-24 में घरेलू क्रिकेट के सर्वश्रेष्ठ अंपायर - उल्हास गांधे। माधवराव सिधिया अवॉर्ड: 2024-25 की रणजी ट्रॉफी में सर्वाधिक विकेट लेने वाले खिलाड़ी - एलीट ग्रुप - हर्ष (विदर्भ)। माधवराव सिधिया अवॉर्ड: 2024-25 की रणजी ट्रॉफी में सर्वाधिक विकेट लेने वाले खिलाड़ी - प्लेट ग्रुप - सुचित जे (नागालैंड)। माधवराव सिधिया अवॉर्ड: 2024-25 की रणजी ट्रॉफी में सर्वाधिक रन बनाने वाले खिलाड़ी - एलीट ग्रुप - यश राठौड़ (विदर्भ)। माधवराव सिधिया अवॉर्ड: 2024-25 में रणजी ट्रॉफी में सबसे अधिक रन बनाने वाली खिलाड़ी - प्लेट ग्रुप - स्नेहल कौथंकर (गोवा)। घरेलू सीमित ओवर प्रतियोगिता में सर्वश्रेष्ठ ऑलराउंडर के लिए लाला अमरनाथ अवॉर्ड, 2024-25 - आयुष म्हात्रे (मुंबई)।

रणजी ट्रॉफी में सर्वश्रेष्ठ ऑलराउंडर के लिए लाला अमरनाथ अवॉर्ड, 2024-25 - हर्ष दुबे (विदर्भ)। जगमोहन डालमिया ट्रॉफी: 2024-25 की सर्वश्रेष्ठ महिला क्रिकेटर (जूनियर डोमेस्टिक) - इरा जाधव (मुंबई)। जगमोहन डालमिया ट्रॉफी: 2024-25 की सर्वश्रेष्ठ महिला क्रिकेटर (सीनियर डोमेस्टिक) (सीनियर महिला वनडे) - शैफाली वर्मा। जगमोहन डालमिया ट्रॉफी: 2024-25 में (अंडर 16) विजय मर्चेंट ट्रॉफी में सबसे अधिक विकेट लेने वाली खिलाड़ी - एलीट ग्रुप - यशबर्धन सिंह चौहान आदि।

## संक्षिप्त खेला समाचार

### आर्यना सबालेंका व रायबाकिना में होगा खिताबी मैच

**कैलिफोर्निया, वार्ता।** आर्यना सबालेंका और एलेना रायबाकिना रविवार को इंडियन वेल्स में चार महीने से ज्यादा समय में तीसरी बार फाइनल में आमने-सामने होंगी। बीबीसी स्पोर्ट के मुताबिक, दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी सबालेंका ने चेक गणराज्य की लिडा नोस्कोवा को 6-3, 6-4 से आसानी से हराया, जबकि रायबाकिना ने यूक्रेन की एलिना स्वितोलिना को 7-5, 6-4 से हराया। उन्होंने कहा कि बहुत अच्छा लग रहा है। मैं यहां कुछ फाइनल हार चुकी हूं, इसलिए मैं पक्का करूंगी कि रविवार को मैं पूरी तरह तैयार रहूं। मैं अपना बेस्ट टेनिस खेलूंगी और यह साल इसी के लिए है। दुनिया की नंबर तीन खिलाड़ी रायबाकिना ने फाइनल में अपने पांच में से चार मुकाबले जीते हैं, सबसे हाल ही में नवम्बर में डब्ल्यूटीए फाइनल और जनवरी में ऑस्ट्रेलियन ओपन में मैं जितना हो सके उतना लड़ने जा रही हूं।


### नोएडा में एसआरसीए चेस कार्निवल का आयोजन

**नोएडा, वार्ता।** शतरंज प्रेमियों और उभरते हुए युवा खिलाड़ियों के लिए विभिन्न आयु वर्ग में रविवार को एसआरसीए चेस कार्निवल आयोजन किया जाएगा। कैंडर टेकस्पेस नोएडा सेक्टर 62 स्थित बिज सेंट्रल में रियल एस्टेट कंपनी ब्रूकफील्ड प्रॉपर्टीज द्वारा इस एक दिवसीय टूर्नामेंट का आयोजन किया जाएगा। टूर्नामेंट में रैपिड (25 5) और ब्लिट्ज (3 2) प्रारुप में मुकाबले आयोजित किए जाएंगे, जिनमें अंडर-9, अंडर-11, अंडर-13 और ओपन श्रेणियां शामिल है।

प्रतियोगिता के लिए अब तक 100 से अधिक खिलाड़ियों ने पंजीकरण कराया है।

# केकेआर से आईपीएल अनुंबध मिलने के बाद मुजारबानी ने पीसीएल छोड़ा

**● विंडीज के तेज गेंदबाज शमार जोसेफ को रिलीज के बाद केकेआर ने ब्लेसिग मुजारबानी को जोड़ लिया**



**कोलकाता, वार्ता।** जिम्बाब्वे के तेज गेंदबाज ब्लेसिग मुजारबानी को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की फैंचाइजी कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) का अनुबंध मिल गया है और वह अब पीएसएल 2026 में इस्लामाबाद यूनाइटेड के लिए नहीं खेलेंगे। मुजारबानी ने इस बारे में यूनाइटेड को जानकारी दे दी है।

पिछले साल दिसम्बर में भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने केकेआर को मुस्तफिजुर रहमान को रिलीज करने के लिए कहा था, जिन्हें उन्होंने नीलामी में 9.2 करोड़ रुपये में खरीदा था।

केकेआर ने मुजारबानी को अपने साथ जोड़ने की घोषणा कर दी है। वहीं मुस्तफिजुर को लाहौर कलंदर्स ने 26 मार्च से शुरू हो रहे आगामी पीसीएल सीजन के लिए अपने साथ जोड़ लिया है। मुजारबानी मुल्तान सुल्तांस के लिए खेलते हुए पीएसएल का खिताब जीत चुके हैं लेकिन 11 फरवरी को हुई पीएसएल के लिए नीलामी के दौरान उन्हें खरीदार नहीं मिला था।

हालांकि बाद में वेस्टइंडीज के तेज गेंदबाज शमार जोसेफ को रिलीज किए जाने के बाद यूनाइटेड ने डायरेक्ट साइनिग के रूप में मुजारबानी को अपने साथ जोड़ लिया था।

# सात्विक-चिराग ने नाम वापस लिया

**● स्विस ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट में भारत का सफर क्वार्टरफाइनल में समाप्त**



**स्विट्जरलैंड, वार्ता।** चोटिल सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी के पुरुष युगल मैच से नाम वापस लेने और तरुण मन्नेपल्ली के एकल मुकाबले में हार के साथ स्विस ओपन 2026 बैडमिंटन टूर्नामेंट में भारत का सफर क्वार्टरफाइनल में समाप्त हो गया। पुरुष युगल की शीर्ष भारतीय जोड़ी ने बेसल में खेले जा रहे बीडब्ल्यूएफ सुपर 300 टूर्नामेंट से शुक्रवार को अपना नाम वापस ले लिया। डेनमार्क के क्रिश्चियन कजायर और रासमस कजायर के खिलाफ मैच से पहले सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी ने कंधे में दर्द की शिकायत के बाद यह फैसला लिया। इससे पहले गुरुवार को, सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी ने तीन गेम के एक रोमांचक और लंबे मैच में जापान के हिरोकी ओकामूरा और क्योहेई यामाशिता को 21-15, 15-21, 28-26 से हराया था। यह मैच एक घंटा 14 मिनट तक चला था। उसी दिन बाद में, बैडमिंटन रैंकिंग में 43वें स्थान पर मौजूद तरुण मन्नेपल्ली, टोक्यो 2020 के कांस्य पदक विजेता इंडोनेशिया के एंथनी गिटिग से 19-21, 21-19, 13-21 से हार गए। यह मैच एक घंटा छह मिनट तक चला था। 24 साल के भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी ने धीमी शुरुआत की और पहले गेम के बीच में 11-7 से पीछे चल रहे थे। ब्रेक के बाद, उन्होंने वापसी करते हुए स्कोर 12-12 से बराबर कर दिया, लेकिन फिर गिटिग ने लगातार चार पॉइंट बनाकर 16-12 की बढ़त बना ली और आखिर में भारतीय खिलाड़ी की देर से की गई कोशिश के बावजूद गेम जीत लिया। दूसरे गेम में मन्नेपल्ली ने जोरदार खेल दिखाया और 19-13 की बड़ी बढ़त बना ली। गिटिग ने लगातार छह पॉइंट बनाकर स्कोर 19-19 से बराबर कर दिया, लेकिन भारतीय खिलाड़ी ने अपना संयम बनाए रखा और मैच को निर्णायक गेम तक ले गए। हालांकि, तीसरा गेम पूरी तरह से एकतरफा रहा। गिटिग ने शुरुआत में ही मैच पर पकड़ बना ली और ब्रेक तक 11-6 की बढ़त हासिल कर ली, इसके बाद उन्होंने मन्नेपल्ली को किसी भी मौके पर स्कोर बराबर करने का मौका नहीं दिया।

# क्रिकेटर अभिषेक शर्मा ने वैष्णव माता मंदिर में की पूजा



**जम्मू, वार्ता।** भारतीय क्रिकेटर अभिषेक शर्मा ने टी-20 वर्ल्ड कप में ऐतिहासिक जीत के बाद जम्मू-कश्मीर के रियासी जिले के कटरा में त्रिकुटा पहाड़ियों में स्थित श्री माता वैष्णो देवी गुफा मंदिर के दर्शन किए और पूजा-अर्चना की। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि भारतीय क्रिकेट टीम के सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा सफेद कुर्ता-पायजामा पहने हुए थे। वह शुक्रवार को मंदिर के गर्भगृह में पूजा-अर्चना करने के लिए भवन पहुंचे। युवा बल्लेबाज ने मंदिर पहुंचकर माता रानी का आशीर्वाद लिया और देश की खुशहाली एवं टीम की आगे की सफलता के लिए प्रार्थना की। सोशल मीडिया पर ऐसे वीडियो और तस्वीरें भी सामने आई हैं, जिनमें इस क्रिकेटर को पैदल यात्रा करते हुए, बैटरी कार की सवारी करते हुए और गुफा मंदिर के रास्ते में अन्य श्रद्धालुओं से बातचीत करते हुए देखा गया।

**अभिषेक शर्मा ने मंदिर में पहुंचकर माता रानी का अशीर्वाद लिया**

# ग्रासरूट टैलेंट को मजबूत करने की जरूरत : खडसे

**कहा : स्पोर्ट्स कल्चर को बढ़ावा देने में स्पोर्ट्स जर्नलिस्ट की अहम भूमिका सच में प्रेरण देने वाली**



**नई दिल्ली, वार्ता।** युवा मामले और खेल राज्य मंत्री श्रीमती रक्षा खडसे ने शुक्रवार को यहां मेजर ध्यानचंद स्टेडियम में स्पोर्ट्स जर्नलिस्ट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (एसजेएफआई ) के नेशनल कन्वेंशन के गोल्डन जुबली सेलिब्रेशन की शुरुआत पर अपने दमदार और सोचने पर मजबूर करने वाले भाषण में कहा कि नॉन-क्रिकेट स्पोर्ट्स को उसकी सही जगह और पहचान देने और ग्रासरूट टैलेंट को मजबूत करने की जरूरत है।

दिल्ली स्पोर्ट्स जर्नलिस्ट एसोसिएशन (डीएसजेए) द्वारा होस्ट किया गया चार दिन का कन्वेंशन शुक्रवार को शुरू हुआ, जो दो दशक से ज्यादा समय के बाद राष्ट्रीय राजधानी में इस प्रतिष्ठित सभा की वापसी को दिखाता है। मौजूद खेल पत्रकारों को संबोधित करते हुए, श्रीमती खडसे ने कहा कि स्पोर्ट्स कल्चर को बढ़ावा देने में स्पोर्ट्स जर्नलिस्ट की अहम भूमिका सच में प्रेरणा देने वाली है।

जमीनी लेवल पर टैलेंट को बढ़ावा देने की जरूरत है। अपने काम से, आप स्पोर्ट्स को नई एनर्जी दे रहे हैं। जिस तरह से आप स्पोर्ट्स को कवर करते हैं, उससे लोगों को यह समझने में मदद मिलती है कि वे स्पोर्ट्स में कैसे आगे बढ़ सकते हैं और युवा पीढ़ी को इसमें हिस्सा लेने के लिए कैसे बढ़ावा दिया जा सकता है। श्रीमती खडसे ने नॉन-क्रिकेट स्पोर्ट्स को जगह देने की जरूरत पर जोर दिया, साथ ही सरकारी पहलों, स्पोर्ट्स टूरिज्म को बढ़ावा देने और स्पोर्ट्स साइंस जैसे उभरते हुए फील्ड्स में करियर के रास्ते खोलने पर भी जोर दिया। उन्होंने यह भी बताया कि डेमोक्रेसी के चौथे पिलर के तौर पर जर्नलिज्म, समाज की भलाई को आगे बढ़ाने में जरूरी है, और स्पोर्ट्स मीडिया भारत की सॉफ्ट पावर को दुनिया भर में दिखाने में अहम भूमिका निभाता है। उन्होंने इस फील्ड में महिलाओं की ज्यादा भागीदारी की भी अपील की।

श्रीमती खडसे के अलावा, कन्वेंशन की ओपनिग सेरेमनी में स्पोर्ट्स सेक्रेटरी हरि रंजन राव और स्पोर्ट्स जर्नलिज्म से जुड़े सीनियर सदस्य शामिल हुए। सेरेमनी की शुरुआत पारंपरिक तरीके से दीप जलाने से हुई, जिसके बाद कन्वेंशन में खास लोगों और योगदान देने वालों को सम्मानित करने के लिए कई सम्मान समारोह हुए। डीएसजेए प्रेसिडेंट अभिषेक त्रिपाठी ने श्रीमती खडसे को सम्मानित किया, जबकि डीएसजेए सेक्रेटरी सबी हुसैन ने रंजन राव को सम्मानित किया। एसजेएफआई लीडरशिप - प्रेसिडेंट सरजू चक्रवर्ती और सेक्रेटरी वी रमेश-ने भी मुख्य मेहमानों को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। बदले में, खडसे ने एसजेएफआई प्रेसिडेंट और सेक्रेटरी को सम्मानित किया, और फिर एसजेएफआई लीडरशिप के साथ मिलकर देश भर के जुड़े हुए स्पोर्ट्स जर्नलिस्ट एसोसिएशन के स्टेट प्रेसिडेंट और सेक्रेटरी को सम्मानित किया। सेरेमनी के दौरान जिदल स्टील की कॉर्पोरेट कम्युनिक. ेशंस की एजीएम श्रीमती नवनीता दास को भी लोकसभा सांसद नवीन जिदल की ओर से सम्मानित किया गया। शाम की एक खास बात जेके बोस इंटर-जोनल टी-20 क्रिकेट ट्रॉफी और एसी बाली टेबल टेनिस ट्रॉफी का अनावरण था, जिससे कन्वेंशन के कॉम्पिटिटिव स्पोर्टिंग सेगमेंट की फॉर्मल शुरुआत हुई। जेके बोस इंटर-जोनल टी 20 क्रिकेट टूर्नामेंट का ड्रॉ भी निकाला गया। आखिरी भाषण देते हुए, डीएसजेए के प्रेसिडेंट त्रिपाठी ने डेलीगेट्स और खास लोगों का स्वागत किया और कहा कि जब हमें दिल्ली में एसजेएफआई कन्वेंशन बुलाने के लिए कहा गया, तो हम सोचते रहे कि 23 साल बाद इसे कैसे किया जाए और सभी को एक साथ कैसे लाया जाए। स्पोर्ट्स मिनिस्ट्री से मिले सपोर्ट ने हमें कई मुश्किलों को पार करने और आगे बढ़ने में मदद की।

### केके आर ने किया बैंगनी व चमकीले सुनहरे डिजाइन वाली जर्सी का अनावरण

**कोलकाता, वार्ता।** तीन बार की चैंपियन कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ने टाटा इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 से पहले लाइंस ऑफ लीगेसी 'विरासत की लकीर' की थीम पर डिजाइन की गई नई जर्सी का अनावरण किया है।

इस डिजाइन के केंद्र में वे निर्णायक पल हैं जिन्होंने पिछले कुछ सालों में केकेआर के सफर को आकार दिया है। 2008 की उस यादगार शुरुआती रात से लेकर, जब ब्रेंडन मैकुलम ने नाबाद 158 रन बनाए थे और रिकू सिंह के आखिरी ओवर में लगाए गए पांच छक्कों तक, केकेआर ने ऐसे कई पल दिए हैं जो आईपीएल के इतिहास का हिस्सा बन गए हैं।

जर्सी के अनावरण पर वेंकी मैसूर, मुख्य कार्यकारी अधिकारी, नाइट राइडर्स स्पोर्ट्स ने कहा कि लाइंस ऑफ लीगेसी केकेआर के गौरवशाली इतिहास के सार को समेटे हुए है और पिछले कुछ सालों में टीम के सफर का जश्न मनाती है। हर लकीर शानदार प्रदर्शन के एक अहम पल को दर्शाती है, जो उस ऊर्जा और भावना को दिखाती है जो मिलकर हमारी पहचान बनाती है। हमें इस विरासत पर गर्व है जिसे हमने बनाया है और हम इसे आने वाले सीजन में भी आगे ले जाना चाहते हैं, साथ ही अपने प्रशंसकों के लिए और भी यादगार पल बनाना चाहते हैं।

# भारत, इंग्लैंड ने महिला हॉकी वर्ल्ड कप का टिकट बुक किया



**● भारत ने दूसरे सेमीफाइनल में इटली को हराया, जबकि इंग्लैंड ने पहले सेमीफाइनल में स्कॉटलैंड को हराया**

**हैदराबाद, वार्ता।** भारत और इंग्लैंड ने शुक्रवार को हैदराबाद के जीएमसी बालयोगी हॉकी ग्राउंड में हॉकी महिला वर्ल्ड कप क्वालिफायर 2026 में अपने-अपने सेमीफाइनल जीतकर महिला एफआईएच हॉकी वर्ल्ड कप बेल्जियम और नीदरलैंड्स 2026 के लिए क्वालिफिकेशन हासिल कर लिया, जिससे टूर्नामेंट की दो अजेय टीमों के बीच खिताबी मुकाबला तय हो गया। इंग्लैंड ने पहले सेमीफाइनल में स्कॉटलैंड को 2-0 से हराया, जबकि भारत ने दूसरे सेमीफाइनल में इटली को 1-0 से हराकर इस ग्लोबल शोपीस का टिकट बुक किया। दिन के दो क्लासिफिकेशन मैचों में वेल्स ने जबरदस्त वापसी करते हुए कोरिया को 2-1 से हराया और 5वें-6वें स्थान के प्लेऑफ में पहुंच गया, जबकि उरुग्वे ने ऑस्ट्रिया पर 3-0 की जबरदस्त जीत दर्ज करके उनका साथ दिया। हारे हुए सेमीफाइनलिस्ट स्कॉटलैंड और इटली अब तीसरे स्थान के लिए लड़ेंगे, जिससे वर्ल्ड कप क्वालिफकिशन भी पक्का हो जाएगा।

**भारत 1-0 इटली (दूसरा सेमीफाइनल)**

भारत ने शुक्रवार को दूसरे सेमीफाइनल में इटली पर 1-0 से जीत के साथ वर्ल्ड कप के लिए अपनी टिकट बुक की, जिससे इंग्लैंड के साथ टाइटल क्लैश तय हो गया। दोनों टीमें फाइनल तक पहुंचने के अपने रास्ते में बिना हारे रही हैं। भारत की 22 सर्कल एंट्री, नौ पेनल्टी कॉर्नर और टारगेट पर आठ शॉट से सिर्फ एक गोल हुआ, लेकिन आखिर में यही अंतर पैदा करने वाला साबित हुआ। भारतीय बैकलाइन ने कमजोर बढ़त को बचाने के लिए पूरी जान लगा दी, जबकि इटली की टीम ने काफी खतरा पैदा किया, लेकिन आखिर में कुछ खास नहीं कर पाई। गेम का इकलौता और सबसे जरूरी गोल 40वें मिनट में हुआ, जब मनीषा चौहान ने पेनल्टी कॉर्नर पर गोल करके इंडिया को आगे कर दिया। इटली आखिरी मिनटों में पेनल्टी कॉर्नर से बराबरी करने के करीब थी, लेकिन इंडिया की गोलकीपर बिचू देवी खतरे को भांप चुकी थीं। इटली के इस हार के बाद वर्ल्ड कप के लिए क्वालीफाई करने के चांस अब तीसरे-चौथे स्थान के प्लेऑफ में स्कॉटलैंड पर जीत पर निर्भर हैं। इंडिया की डिफेंडर और 'प्लेयर ऑफ द मैच' सुशीला चानू ने कहा कि यह अवॉर्ड टीम के लिए है।हमने एक टीम के तौर पर, डिफेंस में भी अच्छा खेला। इटली ने भी अच्छा खेला। अब हम अपने (गेम ऑन) वीडियो को एनालाइज करेंगे और देखेंगे कि फाइनल से पहले हमें किन एरिया में सुधार करने की जरूरत है। इंग्लैंड 2- स्कॉटलैंड 0 (पहला सेमीफाइनल) इंग्लैंड ने पहले सेमी-फाइनल में पड़ोसी स्कॉटलैंड को 2-0 से हराकर फाइनल में एंट्री करके हॉकी वर्ल्ड कप 2026 में अपनी जगह पक्की कर ली।

इंग्लैंड अपनी लगातार चौथी जीत से जरूर खुश होगा, लेकिन जितने मौके उसने गंवाए, उससे नहीं। उनके अटैकिग इरादे स्टैटिस्टिक्स में दिखे, क्योंकि उन्होंने 26 सर्कल पेनिट्रेशन किए, लेकिन चार सेट-पीस में पेनल्टी कॉर्नर पर उनका सक्सेस रेट जीरो था। स्कॉटलैंड भी पेनल्टी कॉर्नर पर टारगेट पर नहीं था - छह को. शिशों में स्कोर नहीं कर पाया। 24 मिनट में कई बार स्कोर करने के करीब आने के बाद, इंग्लिश टीम ने अगले ही मिनट में टारगेट पाया जब लोटी बिगहैम ने सर्कल एंट्री को फर्निनिशिग टच दिया।

# ऋषभ के तूफानी शतक से उत्तर क्षेत्र जीता

**● ऋषभ सिंह के नाबाद 102 रन के तूफानी शतक की बदौलत एकतरफा अंदाज में पश्चिम क्षेत्र को रौंदा**

**नई दिल्ली, वार्ता।** सलामी बल्लेबाज ऋषभ सिंह (नाबाद 102) के तूफानी शतक की बदौलत उत्तर क्षेत्र ने पश्चिम क्षेत्र को जेके बोस क्रिकेट टूर्नामेंट के मुकाबले में शनिवार को रोशनारा क्लब मैदान में एकतरफा अंदाज में नौ विकेट से रौंद दिया।

पश्चिम क्षेत्र की टीम टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 19-2 ओवरों में 133 रन पर सिमट गई। कप्तान संजू साम्याल ने सर्वाधिक 30 रन और तौस रिजवी ने 24 रन बनाए। उत्तर क्षेत्र की तरफ से विनय ने 20 रन देकर तीन विकेट लिए, जबकि शिवम दुबे और ललित कालीदास को दो-दो विकेट मिले। आसान लक्ष्य का पीछा करते हुए उत्तर क्षेत्र ने 11-1 ओवर में एक विकेट पर 137 रन बनाकर नौ विकेट से जीत हासिल की। उत्तर क्षेत्र ने तूफानी शुरुआत करते हुए चार ओवर में ही 50 रन ठोक डाले। उत्तर क्षेत्र के 100 रन 7.4 ओवरों में पूरे हुए। ऋषभ ने मात्र 43 गेंदों पर 18 चौके और दो छक्के उड़ाते हुए नाबाद 102 रन बनाए, जिसके लिए उन्हें 'प्लेयर ऑफ द मैच' का पुरस्कार मिला। आकाश रावल ने 25 गेंदों पर 29 रन बनाए। दिन के एक अन्य मैच में दक्षिण क्षेत्र ने पूर्व क्षेत्र को आठ विकेट से हरा दिया। पूर्व क्षेत्र की टीम 12-1 ओवर में मात्र 49 रन पर लुढक गई, जबकि दक्षिण क्षेत्र ने 4-4 ओवरों में दो विकेट पर 50 रन बनाकर आसान जीत हासिल की।

### ऑस्ट्रिया ने शूटआउट में दक्षिण कोरिया को हराकर सातवां स्थान हासिल किया

**हैदराबाद, वार्ता।** ऑस्ट्रिया ने शनिवार को एफआईएच हॉकी विश्व कप क्वालिफायर 2026 में दक्षिण कोरिया को शूटआउट में हराकर सातवां स्थान हासिल किया।

यहां जीएमसी बालयोगी हॉकी ग्राउंड (गाचीबॉवली हॉकी कॉम्प्लेक्स) में ऑस्ट्रिया ने सातवें और आठवें स्थान के लिए खेले गए मुकाबले में दक्षिण कोरिया पर 1-1 से ड्रा के बाद शूटआउट में (2-1) से जीत के साथ सातवां स्थान हासिल किया।

ऑस्ट्रिया के लिए क्रिस्टीन वुकोविच ने (तीसरे) मिनट में गोल किया, जबकि कप्तान ली यूरी ने (31वें) मिनट में दक्षिण कोरिया को बराबरी पर ला दिया। शूटआउट में दोनों गोलकीपरों का प्रदर्शन असाधारण रहा, लेकिन यह माइकला स्ट्रेब थीं जिन्होंने ऑस्ट्रिया की जीत सुनिश्चित की, और कार्ला केम्पर ने अपनी टीम के लिए विजई गोल किया।

# मासूम पर हमले के बाद भी नहीं जागा सिस्टम अब दिनदहाड़े घर से कुत्ता उठा ले गया तेंदुआ

## तरफ दलपतपुर में दहशत, वन विभाग की 'कॉम्बिंग' फिर भी तेंदुआ बेखौफ

**ठाकुरद्वारा।** क्षेत्र के गांव तरफ दलपतपुर में तेंदुए का खौफ लगातार बढ़ता जा रहा है। पांच दिन पहले पांच वर्षीय मासूम पर हमला करने वाला तेंदुआ अब दिनदहाड़े गांव में घुसकर घर से कुत्ते को उठा ले गया और जंगल में ले जाकर उसे अपना निवाला बना डाला। लगातार हो रही घटनाओं से ग्रामीणों में दहशत का माहौल है, जबकि वन विभाग की कार्रवाई फिलहाल औपचारिक कॉम्बिंग तक ही सिमटी नजर आ रही है। बताया जाता है कि करीब पांच दिन पहले रात्रि मे गांव निवासी रवि सैनी का पांच वर्षीय पुत्र मोक्ष सैनी घर के बाहर खेल रहा था। तभी अचानक तेंदुए ने उस पर हमला कर दिया। बच्चे की चीख सुनकर उसकी मां दौड़ी और हाथ में लाठी लेकर तेंदुए पर हमला कर दिया। मां की हिम्मत के आगे तेंदुआ पीछे हट गया और घायल बच्चे को छोड़कर भाग निकला। हालांकि उस समय ग्रामीणों ने घटना की सूचना वन विभाग को दी थी, लेकिन इसके बावजूद गांव में तेंदुए की सक्रियता पर कोई ठोस रोक नहीं लग सकी।



शनिवार की शाम तेंदुए ने फिर अपनी मौजूदगी का अहसास करा दिया। गांव निवासी जयप्रकाश पुत्र कोमल सिंह के घर में दिनदहाड़े घुसे तेंदुए ने घर में बैठे कुत्ते को अपने जबड़ों में दबोच लिया और जंगल की ओर भाग गया। घर वालों और ग्रामीणों ने शोर मचाते हुए तेंदुए का पीछा भी किया, लेकिन वह जंगल में ओझल हो गया। बाद में ग्रामीणों को पता चला कि तेंदुआ कुत्ते को जंगल में ले जाकर अपना निवाला बना चुका है।

लगातार हो रही घटनाओं से गांव में दहशत का माहौल है। ग्रामीणों का कहना है कि जब तेंदुआ घरों के अंदर घुसकर जानवर उठा ले जा रहा है, तो बच्चों और महिलाओं की सुरक्षा को लेकर गंभीर खतरा पैदा हो गया है। सूचना मिलने पर वन दरोगा पीयूष जोशी, मदन सिंह अपनी टीम के साथ गांव पहुंचे और ग्रामीणों के साथ जंगल व आसपास के इलाकों में कॉम्बिंग अभियान चलाया, लेकिन तेंदुआ हाथ नहीं लग सका। वन विभाग ने ग्रामीणों से सावधान रहने और बच्चों को अकेले बाहर न छोड़ने की अपील की है।

हालांकि ग्रामीणों का कहना है कि तेंदुआ गांव में खुलेआम घूम रहा है और विभाग केवल "सावधान रहने" की सलाह देकर अपनी जिम्मेदारी पूरी मान रहा है। ग्रामीणों का तंज है कि लगता है तेंदुए को पकड़ने से पहले वन विभाग को किसी बड़े हादसे का इंतजार है।

फिलहाल गांव में शाम ढलते ही सन्नाटा पसर जाता है और लोग बच्चों को घरों से बाहर निकालने से भी डर रहे हैं।

# नाले की गैस से चाय बनाकर सपा नेताओं का अनोखा प्रदर्शन, सरकार पर साधा निशाना

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** रसोई गैस की किल्लत और बढ़ती महंगाई के मुद्दे को लेकर समाजवादी पार्टी के नेताओं ने शनिवार को शहर में अनोखा प्रदर्शन किया। सपा कार्यकर्ताओं ने सड़क किनारे नाले से निकलने वाली गैस से चाय बनाने का प्रतीकात्मक प्रयास कर केंद्र सरकार की नीतियों के खिलाफ विरोध जताया। यह प्रदर्शन राहगीरों और स्थानीय लोगों के बीच चर्चा का विषय बना रहा।प्रदर्शन का नेतृत्व सपा के पूर्व गौ सेवा आयोग सदस्य ठाकुर राहुल सिंह ने किया। कार्यकर्ताओं ने सड़क किनारे चाय बनाने के बर्तन, स्टोव और कुल्हड़ लेकर नाले से निकलने वाली गैस से चाय बनाने की कोशिश की। हालांकि यह प्रयास सफल नहीं हो सका, लेकिन सपा नेताओं ने इसे सरकार के दावों पर सवाल उठाने का प्रतीकात्मक तरीका बताया।इस दौरान सपा नेताओं और कार्यकर्ताओं ने भाजपा सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए कहा कि देश में घरेलू गैस सिलेंडरों की उपलब्धता को लेकर लोगों को




परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उनका आरोप था कि आम जनता महंगाई और रोजमर्रा की जरूरतों की बढ़ती कीमतों से जूझ रही है, लेकिन सरकार इन समस्याओं के समाधान के बजाय बड़े-बड़े दावे कर रही है।ठाकुर राहुल सिंह ने कहा कि जब देश के शीर्ष नेता नालों से निकलने वाली गैस के इस्तेमाल की बात करते हैं तो यह सवाल उठता है कि क्या इससे आम जनता की वास्तविक समस्याओं का समाधान हो सकता है। उन्होंने कहा कि रसोई गैस की कीमतों और आपूर्ति को लेकर लोगों में असंतोष बढ़ रहा है, लेकिन सरकार इस ओर पर्याप्त ध्यान नहीं दे रही है। सपा नेताओं का कहना था कि उनका यह प्रदर्शन सरकार को जनता की समस्याओं की ओर ध्यान दिलाने के लिए किया गया है। प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने प्रतीकात्मक रूप से चाय बनाकर लोगों को कुल्हड़ों में परोसने का भी प्रयास किया।इस मौके पर देवराज सिंह चौहान, विशाल सिंह, वंश सिंह, मोहम्मद नाजिम, मोहम्मद अकरम, विनय शर्मा समेत कई सपा कार्यकर्ता मौजूद रहे। सपा नेताओं का यह अनोखा प्रदर्शन शहर में चर्चा का विषय बना रहा और राहगीर भी इसे देखने के लिए कुछ देर रुकते नजर आए।

# गर्मी के मद्देनजर फायर विभाग का निरीक्षण अभियान जारी, इलेक्ट्रॉनिक शोरूम में की अग्नि सुरक्षा की जांच

**मुरादाबाद।** बढ़ती गर्मी के मौसम को ध्यान में रखते हुए फायर विभाग ने शनिवार को शहर में अग्नि सुरक्षा को लेकर विशेष निरीक्षण अभियान चलाया। इस दौरान अधिकारियों ने दिल्ली रोड स्थित एक निजी इलेक्ट्रॉनिक शोरूम का निरीक्षण कर वहां मौजूद सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया और कर्मचारियों को आग से बचाव के उपायों के बारे में जागरूक किया।यह कार्रवाई उत्तर प्रदेश की एडीजी फायर पद्मजा चौहान के निर्देश पर की गई। जिलाधिकारी और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन में मुख्य अग्निशमन अधिकारी डॉ. आर. के. पाण्डेय और अग्निशमन अधिकारी ज्ञान प्रकाश शर्मा के नेतृत्व में फायर विभाग की टीम ने संस्थान का निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने शोरूम में लगे अग्निशमन यंत्रों, बिजली की वायरिंग, आपातकालीन निकास मार्ग और अन्य सुरक्षा उपकरणों की जांच की। साथ ही कर्मचारियों को आग लगने की स्थिति में तुरंत किए जाने वाले कदमों और अग्निशमन उपकरणों के सही इस्तेमाल के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।फायर विभाग की टीम ने संस्थान प्रबंधन को कुछ कमियों की



ओर भी ध्यान दिलाया और उन्हें तीन दिन के भीतर दूर करने के निर्देश दिए। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि निर्धारित समय में कमियां दूर नहीं की गई तो विभाग की ओर से कार्रवाई की जा सकती है।अधिकारियों ने बताया कि गर्मियों के मौसम में शॉर्ट सर्किट और लापरवाही के कारण आग लगने की घटनाएं बढ़ जाती हैं। ऐसे में सभी व्यावसायिक प्रतिष्ठानों और संस्थानों के लिए अग्नि सुरक्षा के नियमों का पालन करना बेहद जरूरी है।फायर विभाग ने संस्थान प्रबंधन को निर्देश दिए कि अग्निशमन उपकरणों को हमेशा कार्यशील स्थिति में रखें, बिजली के तारों और उपकरणों की नियमित जांच कराएं तथा आपातकालीन निकास मार्ग को किसी भी हालत में बंद न करें।अधिकारियों ने कहा कि शहर में अग्नि सुरक्षा को लेकर ऐसे निरीक्षण अभियान आगे भी लगातार जारी रहेंगे, ताकि संभावित हादसों को रोका जा सके और लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

## एक नजर

### महमूदपुर माफी में बिना परमिशन लग रही नुमाइश पर पुलिस का एक्शन

**कुंदरकी।** नगर पंचायत महमूदपुर माफी में बिना अनुमति लगाए जा रहे नुमाइश मेले की तैयारियों को पुलिस ने रुकवा दिया। नगरवासियों की शिकायत पर मौके पर पहुंची पुलिस ने ठेकेदार से मेले की परमिशन मांगी, लेकिन कोई अनुमति पत्र नहीं दिखाया जा सका।



बताया गया कि दिसंबर माह में यहां पहली बार नुमाइश मेला लगा था। अब दो माह के भीतर दोबारा मेला लगाने की तैयारी शुरू होने पर नगर के लोगों ने विरोध जताते हुए पुलिस को शिकायत पत्र दिया। शुक्रवार को पुलिस मेला मैदान पहुंची और महमूदपुर माफी चौकी इंचार्ज दीपक राणा ने ठेकेदार से अनुमति पत्र मांगा। परमिशन न मिलने पर पुलिस ने चल रहा कार्य तुरंत रुकवा दिया और सामान हटाने की चेतावनी दी। नगरवासियों का कहना है कि ईद से पहले दोबारा मेला लगाए जाने से गरीब और मजदूर परिवारों पर अतिरिक्त खर्च का बोझ पड़ेगा। वहीं पुलिस ने बताया कि शिकायत के आधार पर फिलहाल मेले का काम रुकवा दिया गया है।

### बस अड्डे पर खड़े युवक को बाइक ने मारी टक्कर, हालत गंभीर

कुंदरकी। थाना क्षेत्र के बस अड्डे पर शनिवार को एक तेज रफ्तार बाइक ने सड़क किनारे खड़े युवक को टक्कर मार दी। हादसे में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और आसपास मौजूद लोगों की भीड़ जुट गई। जानकारी के अनुसार दानिश पुत्र सफदर निवासी तेवर खास कुंदरकी बस अड्डे पर खड़ा था। इसी दौरान तेज गति से आ रही एक बाइक ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही दानिश सड़क पर गिर पड़ा और गंभीर रूप से घायल हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार बाइक सवार हादसे के बाद मौके से निकल गया। घटना की सूचना मिलते ही कुंदरकी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घायल युवक को तुरंत उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुंदरकी भेजा। अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने दानिश की हालत गंभीर देखते हुए उसे बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल मुरादाबाद रेफर कर दिया। पुलिस ने मामले की जानकारी जुटानी शुरू कर दी है और आसपास के लोगों से पूछताछ की जा रही है। हादसे के बाद बस अड्डे क्षेत्र में कुछ देर के लिए अफरा-तफरी का माहौल बना रहा।



### रमजान मुबारक के पाक महीने में ग्राम हरियाना स्थित जामा मस्जिद में तरावीह में कुरान-ए-करीम हुआ मुकम्मल



**कुंदरकी।** रमजान मुबारक के पाक महीने में ग्राम हरियाना स्थित जामा मस्जिद में तरावीह में कुरान-ए-करीम मुकम्मल हुआ जिसमें कारी मोहम्मद मुनाजिर हुसैन ने कलाम-ए-पाक पढ़ा था कुराने पाक मुकम्मल होने पर कारी मोहम्मद मुनाजिर हुसैन को ग्राम वासियों ने तोहफे पेश किए कार्यक्रम में कारी मोहम्मद मुनाजिर हुसैन ने मुल्क में अमन-चौन व खुशहाली के लिए खुसूसी दुआ कराई इस मौके पर कारी मोहम्मद मुनाजिर हुसैन ने कुरान-ए-करीम की अहमियत और फजीलत बयान की उन्होंने कहा की दुनिया में यह अजीमओ शान किताब है जो लोगों के दिलों में उतर जाती है जो लोगों को बुराई से बचाती है।

इस मौके पर मुख्य रूप से हाफिज मोहम्मद रियाज, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि शरीफ उस्ताद,पूर्व प्रधान अफसर अली खान,पूर्व प्रधान पति इब्ले हसन खान,जावेद खान मुगल पूर्व जिला सचिव,अबरार खाँ,मल्लू कैशियर, शकील पेन्टर,बाबू खाँ,डाक्टर अरशद अली,हाजी किफायत, मारूफ खान,रिजवान मुन्शी,सदाकत खाँ,खुर्शीद सैफी,छोटे खाँ,नौशौ खाँ,असद खान,शाद खान,मोहम्मद नबी, शाहरुख खान,आलेनबी,नबी खान,लकी खान,यूसुफ खान,आदि लोग मौजूद रहे।

# ईद को लेकर पुलिस का पैदल मार्च, शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील

**मुरादाबाद।** आगामी त्योहार ईद-उल-फितर को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से पुलिस प्रशासन ने शहर में सतर्कता बढ़ा दी है। इसी क्रम में शनिवार को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में क्षेत्राधिकारी कोतवाली सुनीता दहिया ने थाना प्रभारी कोतवाली और पुलिस बल के साथ थाना कोतवाली क्षेत्र के विभिन्न इलाकों में पैदल गश्त की।पैदल गश्त के दौरान पुलिस टीम ने गली- मोहल्लों, बाजारों और अन्य प्रमुख स्थानों का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान पुलिस अधिकारियों ने स्थानीय लोगों, दुकानदारों और राहगीरों से संवाद करते हुए त्योहार को आपसी भाईचारे और शांति के साथ मनाने की अपील की। क्षेत्राधिकारी सुनीता दहिया ने कहा कि त्योहारों के दौरान सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखना पुलिस की प्राथमिकता है। इसके लिए संवेदनशील और भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में पुलिस की विशेष निगरानी रखी जा रही है। उन्होंने बताया कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तुरंत पुलिस को देने के लिए लोगों से सहयोग की अपील की गई है। पुलिस टीम ने बाजारों और सार्वजनिक स्थानों पर मौजूद लोगों को कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए जागरूक भी किया। साथ ही त्योहार के दौरान अफवाहों से दूर रहने और सोशल मीडिया पर किसी भी भ्रामक जानकारी को साझा न करने की सलाह दी गई।पैदल गश्त के दौरान पुलिस बल पूरी तरह मुस्तैद नजर आया। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि ईद के मौके पर शहर में शांति और सुरक्षा बनाए रखने के लिए लगातार निगरानी की जा रही है, ताकि लोग त्योहार को सुरक्षित और सौहार्दपूर्ण माहौल में मना सकें।



# यूरोकिड्स स्कूल में दीक्षांत व फेयरवेल समारोह धूमधाम से हुआ आयोजित

**मुरादाबाद।** शहर के सिविल लाइंस स्थित यूरोकिड्स स्कूल में शनिवार को दीक्षांत समारोह और कक्षा यूरो सीनियर के विद्यार्थियों का फेयरवेल समारोह हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया गया। रंगारंग कार्यक्रमों और नन्हें बच्चों की आकर्षक प्रस्तुतियों ने समारोह को यादगार बना दिया। कार्यक्रम की शुरुआत कक्षा यूरो जूनियर के विद्यार्थियों द्वारा यूरो सीनियर के बच्चों के स्वागत से हुई। इसके बाद नन्हें विद्यार्थियों ने फेयरवेल डांस और ग्रेजुएशन डांस की मनमोहक प्रस्तुतियां देकर सभी का दिल जीत लिया। मंच पर ग्रेजुएशन कैप और रॉब्स पहने बच्चों की झलक ने अभिभावकों और शिक्षकों को भावुक कर दिया।समारोह में प्ले ग्रुप, नर्सरी, यूरो जूनियर और यूरो सीनियर के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया और पूरे कार्यक्रम में उत्साह का माहौल बना रहा।इस



अवसर पर स्कूल की सेंटर हेड दीपांशी अग्रवाल ने सभी विद्यार्थियों को प्रमाणपत्र प्रदान कर सम्मानित किया। उन्होंने बच्चों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की और कहा कि प्रारंभिक शिक्षा बच्चों के व्यक्तित्व निर्माण की मजबूत नींव होती है।कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने केक काटकर अपनी खुशी साझा की और विभिन्न मनोरंजक गतिविधियों में भी भाग लिया। समारोह में मौजूद अभिभावकों ने भी बच्चों की प्रस्तुतियों का खूब आनंद लिया और उनकी हौसला अफजाई की।कार्यक्रम के सफल आयोजन में स्कूल की सभी शिक्षिकाओं का महत्वपूर्ण योगदान रहा। उनके सहयोग और मार्गदर्शन से बच्चों ने आत्मविश्वास के साथ मंच पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।दीक्षांत और फेयरवेल समारोह के इस आयोजन ने बच्चों के साथ-साथ अभिभावकों और शिक्षकों के लिए भी कई यादगार पल छोड़ दिए।

## रमजान के पवित्र महीने में शांति बनाए रखने की अपील

**भोजपुर।** नगर पंचायत भोजपुर धर्मपुर चेयरमैन पुत्र अर्शलान ने सभी नगरवासियों और देशवासियों से आगामी पर्व को शांतिपूर्वक मनाने की अपील की है। उन्होंने कहा कि रमजान का महीना अल्लाह पाक की रहमत का महीना है और हमें इस महीने में अधिक से अधिक इबादत करनी चाहिए।

## भोजपुर में नसीम को पीटने का मामला दर्ज

**भोजपुर।** गांव गनीमतनगर निवासी शाहरुख ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है कि गांव के कुछ लोगों ने नसीम को लाठी डंडों से पीटकर अधमरा कर दिया और जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने गुलाम मोहम्मद, जुल्फेकार, आफताब और मुमतयाज के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# नगर मंडल ठाकुरद्वारा और भगतपुर मंडल के प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाजपा के इतिहास एवं विकास के बारे में चर्चा

**ठाकुरद्वारा।** भारतीय जनता पार्टी का पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महा अभियान 2026 का आयोजन बीएस गार्डन रामू वालागणेश पर आयोजित किया गया। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम नगर मंडल ठाकुरद्वारा तथा भगतपुर मंडल के कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण देने के लिए आयोजित किया गया। शनिवार को ठाकुरद्वारा नगर मंडल के प्रशिक्षण कार्यक्रम में मुख्य वक्ता वरिष्ठ नगर प्रकोष्ठ के जिला संयोजक चौधरी हुकुम सिंह ने उपस्थित कार्यकर्ताओं को भारतीय जनता पार्टी के इतिहास एवं विकास के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने प्रसिद्ध कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए बताया कि 1951 से लेकर 1977 तक भारतीय जनता पार्टी बनाई गई थी 6 अप्रैल सन् 1980 को भारतीय जनता पार्टी की स्थापना हुई थी । इसके बाद भाजपा ने आगे बढ़ते हुए 1984 में दो सीटों से प्रारंभ करके 2014 में 288, 2019 में 303, अभी अपना बहुत 2024 में जो 240 सांसदों का सफर पूर्ण किया 1998 में तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई ने पोखरण राजस्थान में परमाणु परीक्षण करके विश्व को आश्चर्य के चकित कर दिया था। भारतीय जनता पार्टी ने अपने एजेंट में जो कार्य बताए थे वह पूर्ण किए गए जिसमें अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण धारा 370 हटाना अधिक आर्य किए गए भरतपुर मंडल के प्रशिक्षण कार्यक्रम को भारतीय जनता पार्टी मुरादाबाद के जिला महामंत्री कमल प्रजापति ने संबोधित किया यह प्रशिक्षण कार्यक्रम दो सत्रोंमें आयोजित किया गया इन दोनों कार्यक्रमों में सर्वप्रथम भाजपा कार्यकर्ताओं ने अपना पंजीकरण कराया। पंजीकृत कार्यकर्ताओं को ही कार्यक्रम बैठने की अनुमति थी । इस कार्यक्रम में ठाकुर अजय प्रताप सिंह ,डॉक्टर ओमपाल सैनी ,उदयवीर सिंह ,मनोज चौहान ,जिला उपाध्यक्ष सतपाल सिंह चौहान , भाजपा मीडिया प्रभारी कमलेश कुमार आशुतोष अग्रवाल ,पवन कुमार शर्मा ,नवीन चौधरी ,जितेंद्र सिंह चौहान ,गौरव चौहान ,दिनेश प्रजापति, पवन पुष्पद, इकराम कुरैशी, राजबाला सैनी, महिला मोर्चा अध्यक्ष रूपेश रानी चौहान ,धर्मेंद्र कुमार पाल सहित सैकड़ो कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।



# खेत की मेढ़ काटने और मारपीट की धमकी देने का आरोप



**ठाकुरद्वारा।** शनिवार को ठाकुरद्वारा कोतवाली में थाना दिवस के दौरान क्षेत्र के ग्राम बैजनाथपुर निवासी ने अपनी शिकायत दर्ज कराते हुए कहाकी खेत की मेढ़ काटने और विरोध करने पर मारपीट व जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। पीड़ित किसान ने थाना ठाकुरद्वारा में शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। ग्राम बैजनाथपुर निवासी कुंवरपाल सिंह पुत्र रामपाल सिंह ने पुलिस को दिए शिकायती पत्र में बताया कि वह गांव का स्थायी निवासी है और उसकी कृषि भूमि गाटा संख्या 70 मौजा बैजनाथपुर में स्थित है। आरोप है कि उसकी भूमि की मेढ़ पड़ोसी काश्तकार जयप्रकाश पुत्र रामचरण की भूमि से मिलती है। वर्तमान समय में जयप्रकाश की जमीन में गेहूं की फसल खड़ी है। पीड़ित का आरोप है कि पड़ोसी जयप्रकाश उसकी खेत की मेढ़ को आए दिन काट देता है। ग्रामीणों द्वारा दो बार मेढ़ को फिर से लगवा दिया गया, लेकिन इसके बावजूद भी वह अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहा है। शिकायत के अनुसार 6 मार्च 2026 को सुबह करीब 8 बजे जब कुंवरपाल सिंह अपनी जमीन पर गए तो देखा कि जयप्रकाश ने फिर से उनकी मेढ़ काट दी है।

इस पर जब उन्होंने गांव के लोगों को मौके पर बुलाकर मेढ़ दिखाई और जयप्रकाश से इस संबंध में बात की, तो आरोप है कि वह गाली-गलौज करने लगा और मारपीट पर उतारू हो गया। पीड़ित का यह भी आरोप है कि जयप्रकाश ने धमकी दी कि वह आगे भी मेढ़ काटता रहेगा और यदि कहीं शिकायत की तो जान से मार देगा। कुंवरपाल सिंह ने पुलिस से मामले की जांच कर आरोपित के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने तथा मौके पर पहुंचकर खेत की मेढ़ को सही स्थान पर लगवाने की मांग की है।

# ईरान के 'ताज का नगीना' है खार्ग द्वीप

## ट्रम्प के बमबारी का दावा करने के बाद अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर चर्चा का केन्द्र बना द्वीप



■ ट्रम्प ने ईरान की सेना से हथियार डालने और 'अपने देश का जो कुछ बचा है उसे बचाने' की चेतावनी भी दी है

**नई दिल्ली।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के ईरान के रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण खार्ग द्वीप पर बमबारी का दावा करने के बाद यह द्वीप अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर चर्चा का केन्द्र बन गया है।

ट्रम्प ने ईरान की सेना से हथियार डालने और 'अपने देश का जो कुछ बचा है उसे बचाने' की चेतावनी भी दी है। फारस की खाड़ी के उत्तरी भाग में ईरान के दक्षिणी तट के पास बुशेहर के निकट स्थित खार्ग द्वीप ईरान के प्रमुख तेल निर्यात केन्द्र के रूप में अत्यंत रणनीतिक महत्व रखता है। इसे देश की आर्थिक तथा सैन्य शक्ति का अहम आधार माना जाता है। ऊर्जा विशेषज्ञों के अनुसार यह द्वीप वैश्विक बाजारों में ईरान के कच्चे तेल के निर्यात का मुख्य द्वार है। विभिन्न तटीय और समुद्री तेल क्षेत्रों से पाइपलाइनों के माध्यम से कच्चा तेल यहां स्थित भंडारण टर्मिनलों तक लाया जाता है और वहां से बड़े तेल टैंकरों के जरिए निर्यात किया जाता है। यहां अबूजर, फरोजान और दुरूद जैसे प्रमुख समुद्री तेल क्षेत्रों से कच्चे तेल की आपूर्ति होती है। द्वीप की गहरे पानी की सुविधाएं बड़े तेल टैंकरों को संभालने में सक्षम हैं, जिसके कारण यह ईरान के तट पर उन कुछ स्थानों में से एक है जहां से बड़े पैमाने पर तेल निर्यात संभव है। तेल निर्यात के कारण यह द्वीप सैन्य दृष्टि से भी महत्वपूर्ण है, क्योंकि इससे मिलने वाला राजस्व ईरान की रक्षा व्यवस्था और सुरक्षा संस्थानों के लिए प्रमुख वित्तीयु ोत माना जाता है। इसी कारण ईरान ने यहां मजबूत सैन्य और सुरक्षा व्यवस्थाएं स्थापित कर रखी हैं। यह द्वीप पहले भी ईरान-इराक युद्ध के दौरान हमलों का निशाना बन चुका है, जब खाड़ी क्षेत्र के ऊर्जा प्रतिष्ठान संघर्ष के दौरान प्रमुख लक्ष्य बन गए थे। ट्रम्प ने अपने सोशल मीडिया मंच ट्रुथ सोशल पर कहा कि उनके निर्देश पर अमेरिकी केन्द्रीय कमान ने खार्ग द्वीप पर स्थित सैन्य लक्ष्यों पर क्षेत्र के इतिहास के सबसे शक्तिशाली बमबारी अभियानों में से एक को अंजाम दिया और वहां के सभी सैन्य ठिकानों को नष्ट कर दिया। उन्होंने यह भी कहा कि अमेरिकी बलों ने जानबूझकर द्वीप के तेल बुनियादी ढांचे को निशाना नहीं बनाया। साथ ही उन्होंने चेता. वनी दी कि यदि ईरान होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजरने वाले जहाजों के आवागमन में बाधा डालता है तो अमेरिका अपना निर्णय बदल सकता है। ट्रम्प ने कहा कि ईरान किसी भी ऐसे लक्ष्य की रक्षा करने में सक्षम नहीं है, जिसे अमेरिका निशाना बनाना चाहे और यह भी कहा कि ईरान को कभी परमाणु हथियार हासिल नहीं करने दिया जाएगा।

# एम्सटर्डम में यहूदी स्कूल पर हमला कोई हताहत नहीं

**एम्सटर्डम/हेग।** नीदरलैंड्स की राजधानी एम्सटर्डम में शुक्रवार देर रात एक यहूदी स्कूल में विस्फोट हुआ जिससे स्कूल की बाहरी दीवार को काफी नुकसान पहुंचा है। घटना के समय कोई भी वहां मौजूद नहीं था, जिससे कोई हताहत नहीं हुआ। डच प्रधानमंत्री रॉब जेटन ने भी इस हमले को 'भयानक' बताया और स्पष्ट किया कि नीदरलैंड्स में यहूदी-विरोध के लिए कोई स्थान नहीं है। पुलिस को सीसीटीवी फुटेज मिला है जिसमें एक संदिग्ध व्यक्ति विस्फोटक उपकरण रखते हुए दिखाई दे रहा है। इस मामले में बड़े पैमाने पर जांच शुरू कर दी गई है। एम्सटर्डम की मेयर फेमके हल्सेमा ने इस हमले की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए इसे यहूदी समुदाय के खिलाफ कायरतापूर्ण आक्रमण करार दिया है।



जम्मू। राष्ट्रीय लोक अदालत के दौरान मामले दर्ज कराने के लिए अदालत पहुंचे लोग।

# तेल पर अमेरिकी प्रतिबंधों में ढील से रूस को मिलेगा अवसर: विशेषज्ञ

**वाशिंगटन।** ईरान संकट के बीच रूसी तेल पर अमेरिकी प्रतिबंधों में ढील से रूस के लिए नए अवसर पैदा हुए हैं। रूसी न्यूज एजेंसी आरआईए नोवोस्ती ने नेविगेटर प्रिसिपल इन्वेस्टर्स कंपनी के डायरेक्टर काइल शोस्टैक के हवाले से यह जानकारी दी। शोस्टैक ने कहा कि रूस के प्रत्यक्ष निवेश कोष (आरडीआईएफ) के प्रमुख एवं विदेशी देशों के साथ आर्थिक सहयोग के लिए राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के विशेष दूत किरिल दिमित्रीव ने 11 मार्च को मियामी में अमेरिकी अधिकारियों से मुलाकात की थी। इस बैठक का उद्देश्य वैश्विक ऊर्जा बाजार में चल रहे संकट पर चर्चा करना था।

# अमेरिका में भी आएगा एसआईआर जैसा कानून

**वाशिंगटन।** अमेरिका की ट्रम्प सरकार, ईरान के खिलाफ युद्ध छेड़ने के लिए आलोचकों के निशाने पर है। इसके साथ ही घरेलू मोर्चे पर भी ट्रम्प प्रशासन घिरा हुआ है और इसकी वजह हैसेव कानून ('सेफगार्ड अमेरि. कन वोटर एलिजिबिलिटी एक्ट')। इस कानून के तहत अमे. रिका में भी अब लोगों को मतदाता के तौर पर पंजीकरण कराने के लिए अपनी नागरिकता का सबूत देना होगा। यह भारत की एसआईआर प्रक्रिया जैसा ही है। यही वजह है कि इसकी तुलना एसआईआर से की जा रही है। राष्ट्रपति ट्रम्प का कहना है कि वे अमेरिकी चुनावी प्रक्रिया का राष्ट्रीयकरण करना चाहते हैं। अभी अमेरिका की चुनाव प्रक्रिया एक संघीय प्रणाली है जिसमें संविधान प्रत्येक राज्य को अपने-अपने तरीके से चुनाव कराने की छूट देता है। हालांकि अमेरिकी संविधान में प्रावधान है कि अमेरिकी कांग्रेस चुनाव नियमों में बदलाव कर सकती है। अब राष्ट्रपति ट्रम्प अपने विधायी बहुमत के दम पर चुनाव प्रक्रिया को बदलने की कोशिश कर रहे हैं। ट्रम्प का मानना है कि चुनाव प्रक्रिया में बदलाव के बाद रिपब्लिकन पार्टी लंबे समय तक सत्ता में रहेगा।

# ईरान ने दी ट्रम्प को खुली चेतावनी

## अगर अमेरिका मोजतबा खामेनेई को निशाना बनाता है, तो ईरान गंभीर कार्रवाई करेगा: जलाली



■ युद्धपोत आईरिस डेना के 104 क्रू सदस्यों की मौत का जवाब जरूर दिया जाएगा: ईरान सेना प्रमुख

**मास्को/तेहरान।** रूस में ईरान के राज. दूत काजेम जलाली ने रूसी न्यूज एजेंसी स्पूतनिक को बताया कि यदि अमेरिका ईरान के नय सर्वोच्च नेता मोजतबा खामेनेई की हत्या करने का प्रयास करता है, तो उसे गंभीर जवाबी कार्रवाई का सामना करना पड़ेगा।

जब उनसे पूछा गया कि यदि अमेरिका और इजरायल ईरान के नए सर्वोच्च नेता मोजतबा खामेनेई की हत्या का प्रयास करते हैं, तो ईरान की क्या प्रतिक्रिया होगी, तो जलाली ने कहा कि आप आज ईरान की प्रतिक्रिया देख रहे हैं। उन्होंने कहा कि हम अपने नेता (अयातुल्ला अली खामेनेई) के लिए खून का बदला चाहते हैं। लोग गुस्से में हैं और इस रक्तपात का बदला लेने की मांग कर रहे हैं। स्वाभाविक रूप से अमेरिकियों को अतीत में भी गंभीर जवाबी कार्रवाई का सामना करना पड़ा है और भविष्य में भी करना पड़ेगा। गौरतलब है कि अमेरिका और इजरायल ने 28 फरवरी को ईरान में कई ठिकानों पर हमले किए, जिससे नुकसान हुआ और आम नागरिकों की जान भी गई। ईरान ने इसका जवाब देते हुए इजरायली इलाके और पश्चिम एशिया में मौजूद अमे. रिकी सैन्य ठिकानों पर हमले किए। अमेरिका और इजरायल ने शुरू में दावा किया है कि उनका यह हमला ईरान के परमाणु कार्यक्रम से होने वाले संभावित खतरे का मुकाबला करने के लिए जरूरी था, लेकिन जल्द ही उन्होंने कहा कि वे ईरान में सत्ता परिवर्तन देखना चाहते हैं। सैन्य अभियान के पहले ही दिन ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई मारे गए। इस्लामिक गणराज्य ने 40 दिनों के शोक की घोषणा की। आठ मार्च को खामेनेई के पुत्र मोजतबा को ( जो अभी तक सार्वजनिक रूप से सामने नहीं आए हैं) उनका उत्तराधिकारी नियुक्त किया गया। वहीं ईरान की सेना के कमांडर-इन-चीफ अमीर हातामी ने चेतावनी दी है कि हिंद महा. सागर में सैन्य अभ्यास से लौटते समय, देश के सबसे नए युद्धपोतों में से एक आईरिस डेना के 104 क्रू सदस्यों की मौत का जवाब जरूर दिया जाएगा। ईरान की इस्लामी गणराज्य समाचार एजेंसी (इरना) के अनुसार, उन्होंने कहा कि डेना के चालक दल ने एक शांतिपूर्ण मिशन पूरा किया था और ईरान लौटते समय उन्हें निशाना बनाया गया। इन नाविकों पर हमला तब किया गया, जब वे किसी सीधी लड़ाई में शामिल नहीं थे। हातामी ने कहा कि डेना का नाम और उसके चालक दल का बलिदान ईरान के नौसैनिक इतिहास में साहस और समर्पण का प्रतीक बना रहेगा। सेना ईरान की समुद्री सीमाओं की रक्षा करेगी और अपनी नौसैनिक शक्ति को और भी अधिक दृढ़ता के साथ मजबूत करेगी। उल्लेखनीय है कि अमेरिका ने चार मार्च को हिन्द महासागर में आईरिस डेना को टोरपीडो से हमला करके डुबो दिया था। श्रीलंका की नौसेना ने इस पोत पर सवार ईरानी नौसैनिकों की अपील के बाद बचाव अभियान में 32 लोगों की जान बचाई। इस हमले में 84 नौसैनिकों को जान गंवानी पड़ी थी।

# ईरानी विदेश मंत्री ने कसा ट्रम्प पर तीखा तंज

■ कहा: पहले रोका और अब पूरी दुनिया से रूस से तेल खरीदने की भीख मांग रहा अमेरिका

**तेहरान।** ईरानी विदेश मंत्री सैयद अब्बास अराघची ने शनिवार को रूसी तेल पर अमेरिका के रुख की आलोचना करते हुए दावा किया कि वाशिंगटन अब दुनिया भर के देशों से, जिसमें भारत भी शामिल है, रूसी कच्चा तेल खरीदने की गुहार लगा रहा है, जबकि पहले उसने रूस से तेल न खरीदने का दबाव डाला था।

एक्स पर साझा एक पोस्ट में, अराघची ने कहा कि अमेरिका ने भारत को रूस से तेल आयात बंद करने के लिए धमकाने में महीनों बिताए। ईरान के साथ दो हफ्ते के युद्ध के बाद, व्हाइट हाउस अब दुनिया से, जिसमें भारत भी शामिल है, रूसी कच्चा तेल खरीदने की भीख मांग रहा है। ईरानी विदेश मंत्री ने यूरोपीय देशों की भी आला. `चना की। उन्होंने दावा किया कि यूरोपीय देश बदले में रूस के खिलाफ अमेरिकी समर्थन की उम्मीद कर रहे हैं। अराघची ने कहा कि यूरोप ने सोचा था कि ईरान पर अवैध युद्ध का समर्थन करने से उन्हें रूस के खिलाफ अमेरिकी समर्थन मिल जाएगा। यह बहुत ही दयनीय है। इस बीच, रिपोर्ट्स में दावा किया गया है कि पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष के बीच ईरान ने भारत के झंडे वाले दो लिक्विफाइड पेट्रोलियम गैस (एलपीजी) वाहक जहाजों को होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजरने की अनुमति दे दी है। रिपोर्ट्स में कहा गया है कि सऊदी अरब का तेल ले जा रहा एक कच्चा तेल टैंकर शनिवार को भारत पहुंचने की उम्मीद है, जो 1 मार्च के आसपास होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजरा था। इससे पहले, भारत में ईरान के राजदूत मोहम्मद फथाली ने पुष्टि की थी कि पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष के बीच होर्मुज जलडमरूमध्य से भारत जाने वाले जहाजों को सुरक्षित मार्ग प्रदान करेगा।

# ईरान ने अपने खतरनाक मिसाइल शाहेद की दिखाई झलक



■ आत्मघाती ड्रोन्स से ईरान ने बनाई होर्मुज जलडमरूमध्य को पूरी तरह से बाधित करने की योजना

**तेहरान।** ईरान की सेना ने गुरुवार को अपने आत्मघाती ड्रोन्स के बेड़े की झलक दिखाई, जिनके दम पर ईरान होर्मुज जलडमरूमध्य को पूरी तरह से बाधित करने की योजना बना रहा है। ईरान के सरक. ारी टीवी ने एक भूमिगत परिसर के अंदर फिल्माए गए फुटेज जारी किए। इस भूमिगत परिसर को ईरानी अधिकारी मिसाइल शहर बता रहे हैं।

ईरान ने जो वीडियो जारी किया है, उसमें बड़ी संख्या में नौसैनिक ड्रोन, जहाज रोधी मिसाइलें दिखाई दे रही हैं। अतिरिक्त फुटेज में कुछ हथियारों को दागते हुए भी दिखाया गया है। हालांकि ये साफ नहीं है कि ये रिकार्डिंग कब की है। वीडियो में दिख रहा है कि भूमिगत सुरंग में नौसेना के ड्रोन, जिन्हें यूएसवी भी कहा जाता है, बड़ी संख्या में हैं। गौरतलब है कि ये ड्रोन पहले से ही फारस की खाड़ी में तेल टैंकरों पर हमले कर रहे हैं, जिससे होर्मुज में रणनीतिक रूप से अहम शिपिंग मार्ग आंशिक रूप से बाधित चल रहा है। ये छोटे यान पानी की सतह पर या पानी के नीचे चलते हैं। ये विस्फोटक से भरे होते हैं और तेल टैंकरों से टकराते ही फट जाते हैं। 1 मार्च को ओमान के तट के पास एक कच्चे तेल के टैंकर को ऐसे ही ड्रोन्स की मदद से निशाना बनाया गया था। इस हमले में तेल टैंकर में विस्फोट के साथ आग लग गई थी और चालक दल के एक सदस्य की मौत हो गई थी। इसी तरह कई अन्य जहाजों पर हमले के लिए भी ईरान ने इन्हीं ड्रोन का इस्तेमाल किया है। ईरान के कामीकेज ड्रोन्स, जिन्हें आत्मघाती ड्रोन्स या शाहेद ड्रोन्स भी कहा जाता है। ये कितने खतरनाक है, इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि ये ड्रोन 2000 किलोमीटर दूरी तक विस्फोटक ले जाने में सक्षम हैं। एक ड्रोन आसानी से 40-50 किलो विस्फोटक ले जा सकता है। ये ड्रोन 180-200 किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से उड़ान भर सकता है। इन ड्रोन की लागत भी बेहद कम है और ये कुछ लाख रुपये में तैयार हो सकते हैं। इन ड्रोन्स की मदद से ईरान होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजरने वाले तेल टैंकरों को आसानी से निशाना बना सकता है।

# लेबनान में अस्पताल पर इजरायली हमला

■ 12 चिकित्सा कर्मियों की मौत, मरने वालों में ड्यूटी पर तैनात डाक्टर, नर्स और पैरामेडिक्स शामिल
■ इस घटना की कड़ी निंदा करते हुए इसे स्वास्थ्य कर्मियों के खिलाफ जारी हिंसा का एक हिस्सा बताया

**बेरूत।** लेबनान के एक अस्पताल में हुए इजरायली हमले में डाक्टरों, नर्सों सहित 12 लोगों की मौत हो गई है। देश के स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा है कि दक्षिण लेबनान के बित जबेल जिले के बुर्ज कलौइया गांव में एक स्वास्थ्य केंद्र पर इजरायली हमले को अंजाम दिया गया। मरने वालों में ड्यूटी पर तैनात डाक्टर, नर्स और पैरामेडिक्स शामिल हैं।

मंत्रालय ने इस घटना की कड़ी निंदा करते हुए इसे स्वास्थ्य कर्मियों के खिलाफ जारी हिंसा का एक हिस्सा बताया है। इससे कुछ ही घंटे पहले सुआनेह गांव में एक अन्य अस्पताल को भी निशाना बनाया गया था, जिसमें दो कर्मियों की मौत हो गई थी। लेबनान में सक्रिय हिजबुल्लाह ने दावा किया है कि वह इजरायल के साथ लंबी लड़ाई के लिए तैयार है। उसने यह भी कहा है कि यह उसके वजूद बचाने की भी जंग है। वहीं, इजरायली अधिकारियों ने चेतावनी दी है कि अगर हिजबुल्लाह अपनी गति. विधियों को नहीं रोकता है, तो लेबनान के राष्ट्रीय बुनियादी ढांचे को और अधिक व्यापक नुकसान पहुंचाया जाएगा। सैन्य मोर्चे पर, इजरायली सेना ने कल लिटानी नदी पर बने एक महत्वपूर्ण पुल को नष्ट कर दिया। इजरायल का दावा है कि हिजबुल्लाह इस पुल का उपयोग हथियारों और लड़ाकों की आवाजाही के लिए कर रहा था। इजरायल का दावा है कि यह पुल हिजबुल्लाह के लिए उत्तर से दक्षिण की ओर हथियारों और लड़ाकों को भेजने का मुख्य मार्ग था। इस पुल के टूटने से टायर, बित जबेल और नबातिएह जैसे प्रमुख शहरों का संपर्क कट गया है। हवाई हमलों का सिलसिला राजधानी बेरूत तक पहुंच गया है। इजरायली विमानों ने बेरूत के घनी आबादी वाले उत्तरी उपनगर 'बुर्ज हम्मूद' में एक आवासीय इमारत को निशाना बनाया। इसके अलावा, दक्षिणी तटीय शहर सिडोन के 'हारेत सैदा' इलाके में भी एक रिहायशी इमारत पर हमला हुआ, जिससे वहां भीषण आग लग गई। गौरतलब है कि शुक्रवार तक लेबनान में इस जंग के कारण 773 लोगों की मौत हो चुकी है और मरने वालों में 103 बच्चे शामिल हैं।

# उत्तर कोरिया ने जापान सागर की दिशा में दागी बैलिस्टिक मिसाइल

**सोल।** उत्तर कोरिया ने शनिवार को पूर्वी सागर (जापान सागर) की दिशा में लगभग 10 बैलिस्टिक मिसाइलें दागीं। दक्षिण कोरिया की संयुक्त सेना प्रमुख समिति ने यह जानकारी दी। योनह. ाप समाचार एजेंसी के अनुसार, समिति ने बताया कि मिसाइलों का प्रक्षेपण उत्तर कोरिया के सुनान क्षेत्र से किया गया। यह इस वर्ष उत्तर कोरिया द्वारा किया गया तीसरा बैलिस्टिक मिसाइल परीक्षण है। दक्षिण कोरिया और जापान ने इस परीक्षण की पुष्टि की है, जो क्षेत्र में सैन्य तनाव को बढ़ाता है। यह मिसाइल जापान के विशेष आर्थिक क्षेत्र के बाहर गिरी। जापान और दक्षिण कोरिया ने इस हरकत को भड़काऊ बताया और इसकी कड़ी निंदा की।

# पाकिस्तान पर अफगानिस्तान का पलटवार

## कुनार-नंगरहार प्रांत में मारे गए 14 पाक सैनिक




■ यह कार्रवाई पाक की ओर से पहले किए गए हवाई हमलों और गोलाबारी के जवाब में की गई बताई जा रही है

**काबुल।** अफगानिस्तान और पाकिस्तान के बीच सीमा क्षेत्र डूरंड लाइन पर तनाव लगातार बढ़ता जा रहा है। अफगानिस्तान के रक्षा मंत्रालय ने दावा किया है कि उसकी सेना ने पाकिस्तान की सैन्य चौकियों पर कार्रवाई की, जिसमें कई पाकिस्तानी सैनिक मारे गए और कुछ घायल हुए। यह कार्रवाई पाकिस्तान की ओर से पहले किए गए हवाई हमलों और गोलाबारी के जवाब में की गई बताई जा रही है।

अफगान रक्षा मंत्रालय के अनुसार, अफगान सेना ने पूर्वी क्षेत्र के कुनार और नंगरहार प्रांतों में डयूरंड लाइन के पास सैन्य ऑपरेशन चलाया। मंत्रालय का कहना है कि इस कार्रवाई में पाकिस्तान के 14 सैनिक मारे गए और 11 घायल हुए। इसके अलावा एक बख्तरबंद टैंक और एक सैन्य वाहन भी पूरी तरह नष्ट कर दिया गया। अफगानिस्तान की तालिबान सरकार ने कहा कि यह ऑपरेशन पाकिस्तान की सेना द्वारा किए गए हमलों के जवाब में किया गया। अफगानिस्तान ने यह भी दावा किया कि उसकी वायुसेना ने पाकिस्तान के एक रणनीतिक सैन्य केंद्र हमजा पर हवाई हमला किया। यह हमला रिजेक्ट आप्रेशन नाम के जवाबी अभियान के तहत किया गया बताया गया है। अफगान सरकार का कहना है कि जब तक पाकिस्तान की तरफ से हमले बंद नहीं होते, तब तक उनकी जवाबी कार्रवाई जारी रहेगी। इससे पहले पाकिस्तान की वायुसेना ने अफगानिस्तान में कई जगहों पर हवाई हमले किए थे। अफगान अधिकारियों के मुताबिक इन हमलों में नागरिक ढांचे को नुकसान पहुंचा। अफगान एयरलाइन काम एयर के अधिका. रियों ने बताया कि कंधार हवाई अड्डे पर रखा गया ईंधन भंडार भी पाकिस्तानी हवाई हमले में प्रभावित हुआ। यह ईंधन इस साल की हज उड़ानों के लिए रखा गया था, जिससे अब उड़ानों पर असर पड़ने की आशंका है। तालिबान के प्रवक्ता जबीहुल्लाह मुजाहिद ने पाकिस्तान पर नागरिक ढांचे को निशाना बनाने का आरोप लगाया। उनका कहना है कि जिस ईंधन भंडार पर हमला हुआ, उससे घरेलू एयरलाइनों और संयुक्त राष्ट्र के विमानों को भी ईंधन मिलता था। संयुक्त राष्ट्र की अफगानिस्तान सहायता मिशन (यूएनएएमए) ने भी हालिया हमलों को लेकर चिंता जताई है।

# कांशीराम और बहुजन आंदोलन...



डॉ. उदित राज



**कांशीराम** का जन्म 15 मार्च 1934 को रोपड़ जिले के खवासपुर गांव में एक साधारण दलित परिवार में हुआ था। उनके पिता का नाम हरि सिंह और माता का नाम बिशन कौर था। ये एक दलित रामदासिया सिख परिवार से थे। प्रारंभिक शिक्षा गांव में ही प्राप्त करने के बाद उन्होंने विज्ञान विषय से स्नातक की पढ़ाई पूरी की और उसके बाद रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) में वैज्ञानिक सहायक के रूप में नौकरी की। कांशीराम उस समय पुणे में स्थित डीआरडीओ की प्रयोगशाला में कार्यरत थे। वहां एक दिन कार्यालय में छुट्टियों की सूची से अंबेडकर जयंती की छुट्टी हटा दी गई थी और उसकी जगह किसी अन्य धार्मिक पर्व की छुट्टी रख दी गई थी। जब एक दलित कर्मचारी, दीना भाना, ने इसका विरोध किया और कहा कि डा अम्बेडकर दलितों के आदर्श और संविधान के निर्माता हैं, इस लिए उनकी जयंती की छुट्टी रहनी चाहिए, तो प्रबंधन ने उसकी बात सुनने के बजाय उसे अनुशासनहीनता के आरोप में दंडित कर दिया। यह घटना कांशीराम को बहुत गहराई से झकझोर गई। उन्हें महसूस हुआ कि जिस व्यक्ति ने भारत का संविधान बनाया, उसी के अनुयायियों और समाज के साथ आज भी भेदभाव किया जा रहा है नौकरी के दौरान उन्हें समाज में मौजूद जातिगत भेदभाव और असमानता को करीब से देखने का अवसर मिला। यही अनुभव आगे चलकर उनके जीवन की दिशा बदलने का कारण बना। 1960 के दशक में उन्होंने यह निश्चय किया कि वे अपना पूरा जीवन समाज के वंचित वर्गों के उत्थान के लिए समर्पित करेंगे। उन्होंने नौकरी छोड़ दी और सामाजिक आंदोलन शुरू किया। उनका मानना था कि जब तक दलित और पिछड़े वर्ग राजनीतिक रूप से संगठित नहीं होंगे, तब तक उन्हें अधिकार और सम्मान नहीं मिलेगा। कांशीराम ने सबसे पहले सरकारी कर्मचारियों को संगठित करने का प्रयास किया। 1978 में उन्होंने बामसेफ की स्थापना की। इस संगठन का उद्देश्य अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, पिछड़े वर्ग और अल्पसंख्यक कर्मचारियों को सामाजिक जागरूकता के लिए तैयार करना था।

इसके बाद उन्होंने 1981 में दलित शोषित समाज संघर्ष समिति (डीएस-4) की स्थापना की। इसका नारा था। ब्राह्मण, ठाकुर, बनिया छोड़, बाकी सब हैं डीएस-4 इस संगठन का उद्देश्य दलितों और पिछड़ों को सामाजिक और राजनीतिक अधिकारों के लिए संघर्ष के लिए तैयार करना था। कांशीराम का सबसे बड़ा योगदान 1984 में बीएसपी बहुजन समाज पार्टी (बीएसपी) की स्थापना किया। इस पार्टी का मुख्य उद्देश्य दलित, पिछड़े, आदिवासी और अल्पसंख्यक समुदायों को राजनीतिक शक्ति दिलाना था। कांशीराम का प्रसिद्ध नारा था-जिसकी जितनी संख्या भारी, उसकी उतनी हिस्सेदारी। उन्होंने बहुजन समाज की राजनीतिक भागीदारी को बढ़ाने के लिए पूरे देश में यात्रा की और लोगों को संगठित किया। उनकी मेहनत का परिणाम यह हुआ कि धीरे-धीरे बीएसपी एक मजबूत राजनीतिक शक्ति बनकर उभरी। उन्होंने मायावती को राजनीति में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया और उन्हें नेतृत्व की जिम्मेदारी सौंपी। मायावती आगे चलकर उ.प्र. की चार बार मुख्यमंत्री बनीं। कांशीराम का मानना था कि सामा. जिक परिवर्तन का सबसे प्रभावी माध्यम राजनीतिक शक्ति है। वे कहते थे कि जब तक बहुजन समाज के लोग सत्ता में भागीदारी नहीं करेंगे, तब तक उनके जीवन में वास्तविक परिवर्तन नहीं आएगा। उन्होंने देशभर में हजारों सभाएं कीं, यात्राएं निकालीं और लोगों को संगठित किया। उनके प्रयासों से लाखों लोगों में राजनीतिक चेतना आई। उनके आंदोलन ने भारतीय राजनीति में एक नया सामाजिक समीकरण स्थापित किया, जिसे 'बहुजन राजनीति' के रूप में जाना जाता है। मलेशिया की राजधानी कौलालम्पुर में विश्व दलित सम्मेलन का आयोजन 1998 में हुआ, जिसमें कांशीराम जी, रामविलास पासवान जी, फूलन देवी जी सहित अन्य लोग भारत से आमंत्रित किए गए थे और मैं भी पहुंचा। दक्षिण भारत से गए दलितों की अच्छी संख्या वहां पर अतीत में जाकर बस गई थी और पंजामूर्ति वहां के सांसद थे और उन्हीं की अगुवाई में सम्मेलन आयोजित किया गया था। कांशीराम जी ने अपने उद्बोधन में कहा कि भारत में सभी बहुजन जातियों का इतना संगठन खड़ा करेंगें कि सवर्ण चिल्लाने लगेंगे। मैं चौका कि ए तो जातियों का संगठन खड़ा करने की बात कर रहें हैं जबकि डा अंबेडकर जाति विहीन समाज बनाना चाहते थे। 2001 में अनुसूचित जाति जनजाति संगठनों का अखिल भारतीय परिसंघ द्वारा दस लाख दलितों को बौद्ध बनाने की घोषणा किया तो दलितों में एक बड़ा विमर्श पैदा हो गया। भोपाल में कांशीराम जी से कुछ लोगों ने पूछा तो उन्होंने कहा कि वे करोड़ों लोगों के साथ दीक्षा लेंगे। इसका असर पड़ा कि कुछ लोग इस बड़ी घोषणा के कारण नहीं शामिल हुए। 1996 में कुछ महीनों के लिए मैं उनके बड़े करीब था और यह कैसे हुआ, पता न चला। उस समय मायावती जी उप्र की सीएम थीं और दिल्ली के हुमायूं रोड स्थित आवास पर कांशीराम जी रहते थे और मैं अक्सर चला जाता था और कभी नहीं जा पाते थे तो वे बुला लेते थे।


एक दिन उनके सचिव गौतम ने कहा कि बहन जी को खबर लग गई है कि मैं साहब के बहुत करीब हो गया हूं। वो बताते थे कि मायावती जी नियमित रूप से खबर लेती थीं कि कौन आता जाता था। उनकी बहन मुन्नी भी ताक-झांक करती रहती थीं। गौतम ने मुझे बताया कि आप की खबर बहन जी तक पहुंच गई है, अतः बच के रहें। इस तरह से अचानक मैं आना-जाना बंद कर दिया और जब कभी उसके बाद मिले भी तो पूछा क्यों नहीं मिलते, जवाब क्या देना था। उस समय तक यह बात सबकी समझ में आ गई थी कि कोई कितना करीब कांशीराम जी के हो, अगर मायावती की नजर में चढ़ गया तो कोई बचा नहीं सकता। बिना संदेह कांशीराम जी का समाज की राजनीतिक जागृति करने में योगदान रहा है लेकिन कुछ सवालों के जवाब मिलते नहीं। फ्री शिक्षा और नौकरियों में आरक्षण के कारण दलितों में मध्यम वर्ग पैदा हुआ और वही कांशीराम जी के साथ सबसे पहले तन-मन-धन से खड़ा हुआ। कुछ सवालों के जवाब मिलते नहीं जैसे उनकी आक्रामकता कांग्रेस के खिलाफ रही लेकिन आरएसएस पर कभी कुछ नहीं बोला। चमचा युग में कांग्रेस के सबसे बड़े दलित नेता जगजीवन राम जी को इतना बदनाम किया कि लोग उनसे घृणा करने लगे और मजे की बात रही कि कांग्रेस ने अनसुना किया जिसका परिणाम भुगतना पड़ा। कांग्रेस बनाम अम्बेडकर नैरेटिव के कारण दलित कांग्रेस से दूर जाता रहा और कांग्रेस चुप रही और परिणामस्वरूप उत्तर भारत में जनाधार खो गई।

**(लेखक पूर्व सांसद राष्ट्रीय अध्यक्ष, दलित, ओबीसी, मॉइनॉरिटीज एवं आदिवासी संगठनों का परिसंघ डोमा परिसंघ, राष्ट्रीय प्रवक्ता कांग्रेस, राष्ट्रीय चेयरमैन, असंगठित कामगार एवं कर्मचारी कांग्रेस केकेसी है।)**

# इम्तियाज की फिल्म का हिस्सा बनना बेहद खास और महत्वपूर्ण पल : शर्वरी




बॉलीवुड अभिनेत्री शर्वरी के लिए इम्तियाज अली की फिल्म का हिस्सा बनना उनके करियर के सफर में एक बेहद खास और महत्वपूर्ण पल है। फिल्मकार इम्तियाज अली की बहुप्रतीक्षित फिल्म मैं वापस आऊंगा का टीजर रिलीज हो गया है, जिसने दर्शकों को आने वाली इस प्रेम कहानी की भावनात्मक दुनिया की पहली झलक दी।



दिलजीत दोसांझ, वेदांग रैना, शर्वरी और दिग्गज अभिनेता नसीरुद्दीन शाह जैसे कलाकारों को एक साथ लाने वाली यह फिल्म इम्तियाज अली की अगली परियोजना है। इसके काव्यात्मक दृश्यों और इम्तियाज अली की पहचान बन चुकी भावनात्मक कहानी कहने की शैली के कारण यह फिल्म सोशल मीडिया पर पहले ही काफी चर्चा और उत्साह पैदा कर चुकी है। टीजर के सामने आने के बाद पैदा हुए उत्साह के बीच अभिनेत्री शर्वरी ने अपने इंस्टाग्राम पर फिल्मकार के लिए एक बेहद निजी और भावनात्मक नोट साझा किया। शर्वरी लंबे समय से इम्तियाज अली को अपने सपनों के सहयोगी के रूप में देखती रही हैं। शर्वरी के लिए इम्तियाज अली की फिल्म का हिस्सा बनना उनके करियर के सफर में एक बेहद खास और महत्वपूर्ण पल है, क्योंकि वर्षों से उनकी कहानियों और उनके किरदारों ने उन्हें गहराई से प्रभावित किया है। इस सहयोग तक पहुंचने वाले अपने सफर को याद करते हुए शर्वरी ने इम्तियाध के लिए एक भावुक संदेश लिखा। फिल्म मैं वापस आऊंगा 12 जून 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज़ होने के लिए तैयार है।

## कप्तान में पुलिस अधिकारी की भूमिका में नजर आएंगे साकिब

**मुंबई।** अभिनेता साकिब सलीम अपने अगले ओटीटी सीरीज़ कप्तान में पुलिस अधिकारी की भूमिका में नजर आएंगे। अमेजन एमएक्स प्लेयर ने अपनी ओरिजिनल सीरीज कप्तान का पहला पोस्टर जारी कर दिया है, जिसमें मुख्य भूमिका में साकिब सलीम नजर आ रहे हैं। सीरीज में साकिब समरदीप सिंह नाम के एक समर्पित पुलिस अधिकारी का किरदार निभा रहे हैं, जो बदले की आग और एक ईमानदार अफसर होने की जिम्मेदारी के बीच खुद को फंसा हुआ पाता है।



इस पोस्टर में साकिब पुलिस की वर्दी में नजर आ रहे हैं, जो इशारा करता है कि यह कहानी एक्शन से भरपूर होने वाली है। दर्शकों ने अब तक साकिब को पुलिस अधिकारी के रूप में नही देखा है, लेकिन यह पोस्टर साफ दिखाता है कि वह इस किरदार के जरिए अपने अभिनय के नए आयाम पेश करने के लिए तैयार हैं। कप्तान में साकिब सलीम के साथ कविता कौशिक, सिद्धार्थ निगम, वरुण बडोला, अनुष्का कौशिक, पूजा गोर और विक्रम कोचर भी अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे।



## इंडस्ट्री को मिलेंगे नए सितारे, एकता ने शुरू किया हुनर

**मुंबई।** बॉलीवुड फिल्मकार एकता कपूर के नेतृत्व वाले बाला. जी टेलीफिल्म्स ने हुनर को लॉन्च करने की घोषणा की है। हुनर एक नई टैलेंट मैनेजमेंट कंपनी है, जो कलाकारों को निखारने और एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री में कहानी कहने एवं परफॉर्म करने के कल्चर को मजबूत करने के लिए समर्पित है। हुनर का मकसद बॉलीवुड और भारतीय टेलीविजन के मशहूर एक्टर्स और क्रिएटर्स को एक साथ लाना है। यह उन्हें एक ऐसा प्लेटफॉर्म देगा, जो न केवल उनके आर्टिस्टिक ग्रोथ में मदद करेगा, बल्कि उन्हें अच्छे मौके दिलाने में भी साथ देगा। टैलेंट को तराशने और यादगार कहानियां बनाने की बालाजी की पुरानी विरासत को आगे बढ़ाते हुए, इस पहल को कलाकारों को सही गाइडेंस, बेहतर रिप्रेजेंटेशन और एक ऐसा माहौल देने के लिए डिज़ाइन किया गया है जहां क्रिएटिविटी को बढ़ावा मिल सके।







